3 राजधानी
मोहनलालगंज में विकसित होगा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क

6 प्रादेशिकी
फराज के घर कभी भी चल सकता है बुलडोजर

10 विदेश
अमेरिका-कनाडा संबंध और मजबूत होंगे

11 राष्ट्रीय
जलवायु परिवर्तन से चाय उद्योग को खतरा

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 154
लखनऊ, रविवार, 26 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



डब्ल्यूपीएल के पहले खिताबी जंग को टीमें तैयार
स्पोर्ट्स-12

# यूपी अब माफिया नहीं, महोत्सव का प्रदेश बन चुका है: मुख्यमंत्री

- दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर योगी ने बताईं उपलब्धियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की योगी सरकार ने शनिवार को अपने दूसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में छह साल की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक छह साल यूपी खुशहाल का विमोचन किया। साथ ही पोस्टर का अनावरण भी किया। योगी ने कहा कि छह वर्ष में यूपी अब माफिया नहीं, महोत्सव का प्रदेश बन चुका है। देश जब आजादी का अमृत काल मना रहा है, तब उत्तर प्रदेश भी अपने इतिहास में अमृत पृष्ठ जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमने छह साल में प्रदेश को लेकर लोगों की धारणा बदलने का काम किया है। अब यूपी की पहचान उपद्रवियों से नहीं उत्सवों से है। अब प्रदेश माफियाओं के कारण नहीं बल्कि महोत्सव के कारण जाना जाता है। हमने नया यूपी बनाया है। छह वर्ष पहले लोग कहते थे कि यूपी में कभी विकास नहीं हो सकता है पर आज पूरा प्रदेश विकास की दौड़ में पहले स्थान पर जगह बना रहा है। उन्होंने कहा कि ये वही उत्तर प्रदेश है जो छह साल पहले हर दूसरे तीसरे दिन दंगा होने और परिवारवाद के कारण जाना जाता था पर अब यूपी की नई छवि देश और दुनिया के सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने यूपी में पुलिस सुधार किए। प्रदेश में सात पुलिस कमिश्नरेट बने। तहसील के स्तर पर फायर ब्रिगेड बने। हर जिले में पुलिस के लिए बैरक बनाए जा रहे हैं और साइबर थानों की स्थापना हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते छह वर्षों में प्रदेश में रोजगार और निवेश के लिए माहौल बना है। सरकारी नौकरियों में जातिवाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद को खत्म किया गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ देने में न तो जातिवाद होता है और न ही भ्रष्टाचार। हर किसी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सीएम ने कहा कि 6 वर्ष पहले यूपी कहां था, इन 6 साल में जो परिवर्तन हुआ है। वो इस गाथा को सबके सामने रखता है। ये 6 साल यूपी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। पूर्ण बहुमत की सरकार और इसकी स्थिरता का मतलब क्या होता हैए यह बीजेपी सरकार ने यूपी के अंदर परस्पर समन्वय संवाद के माध्यम से प्राप्त किया। 6 साल में हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री के प्रेरणा से यूपी के समग्र विकास की जो कार्ययोजना बनाई थी, पूरी ईमानदारी से उसे लागू करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया। परिणाम सबके सामने है। पहले यूपी के अंदर परंपरागत जाति, मत मजहब, भ्रष्टाचार, परिवारवाद के नाम पर जो राजनीति होती थी, उससे अलग हटकर हमने यहां की पहचान यूपी के अनुरूप असीम संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में बढ़ाने के लिए 10 सेक्टर चिह्नित किए जिस पर पूरी टीम ने काम किया। सीएम ने कहा कि 6 में से 3 साल कोरोना से लड़ते-जूझते हुए काम हुए।

## मुक्केबाज नीतू-स्वीटी बनीं विश्व चैम्पियन







**भाषा।** नई दिल्ली

- नीतू ने मंगोलिया की लुतसाईखान को और स्वीटी ने चीन की वांग लिना को हराया

**राष्ट्रमंडल** खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू गंघास (48 किग्रा) और अनुभवी मुक्केबाज स्वीटी बूरा (81 किग्रा) शनिवार को यहां महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अलग-अलग अंदाज में जीत से विश्व चैम्पियन बनीं और इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

नीतू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया की लुतसाईखान अल्तानसेतसेग को 5-0 से हराकर न्यूनतम वजन वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्टेडियम में बीजिंग ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और नीतू के आदर्श विजेंदर सिंह भी मौजूद थे। स्वीटी ने लाइट हेवीवेट वर्ग में चीन की वांग लिना की चुनौती से पार पाते हुए 4-3 से जीत हासिल की और भारत को दोहरी सफलता दिलाई।

दिन के पहले मुकाबले में भिवानी की 22 वर्षीय मुक्केबाज नीतू ने आक्रामक शुरूआत की, पहले राउंड में वह 5-0 से आगे थी। दूसरे राउंड में उन्होंने सीधे मुक्के जड़े। अल्तानसेतसेग ने जब जवाबी हमला किया तो इस भारतीय मुक्केबाज ने अपनी प्रतिद्वंद्वी से अच्छा बचाव किया। दोनों मुक्केबाज करीब होकर खेल रही थी और एक दूसरे को जकड़ रही थी जिसमें दूसरे राउंड के अंत में नीतू पर पेनल्टी से अंक कांट लिए गए।

दूसरे राउंड में मंगोलियाई मुक्केबाज की मजबूत वापसी के बावजूद नीते इसे 3-2 से अपने हक में करने में सफल रही। फिर अंतिम तीन मिनट में नीतू ने दूर से शुरूआत की और अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए फिर करीब से खेलने लगीं जिसमें अल्तानसेतसेग का भी प्रतिद्वंद्वी को जकड़ने के लिए एक अंक काट लिया गया। अंत में भारतीय मुक्केबाज विजेता रहीं।

## पंचम स्कंदमाता



**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥**

**पहाड़ों** पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्र में पाँचवें दिन इन देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है।

## लोकतंत्र के लिए लड़ता रहूंगा: राहुल

- चाहे हमेशा के लिए अयोग्य ठहराएं या जेल में डाल दें, सरकार ने विपक्षी दलों को एक बड़ा हथियार पकड़ा दिया है जिसका उन्हें फायदा मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें लोकसभा सदस्यता से इसलिए अयोग्य ठहराया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडाणी मुद्दे पर उनके अगले भाषण से डरे हुए थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 'पूरा खेल' लोगों का ध्यान बंटाने के लिए किया गया क्योंकि सरकार इस मामले को लेकर बेचैन थी। राहुल ने कहा कि उन्हें हमेशा के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाए या फिर उन्हें जेल में ही क्यों न डाल दिया जाए, वह लोकतंत्र की लड़ाई लड़ते रहेंगे। एक ओर जहां के कांग्रेस के कानूनविद इस मामले में भविष्य में उठाये जाने वाले कदमों पर विचार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर देश के कई हिस्सों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और रविवार से राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया।



नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी

### राहुल मामले का संबंध अडाणी प्रकरण से नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को उन आरोपों को खारिज कर दिया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा से इसलिए अयोग्य ठहराया गया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडाणी मुद्दे पर उनके सवालों से डरे हुए हैं। दिल्ली में गांधी के संवाददाता सम्मेलन के ठीक बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रसाद ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में इस मुद्दे को भुनाने के लिए गुजरात की एक अदालत द्वारा गांधी की दोषसिद्धि के खिलाफ फैसले पर तत्काल रोक लगवाने के लिए कदम नहीं उठाया।

## भाजपा कर्नाटक को प्रेरक शक्ति बनाना चाहती है: प्रधानमंत्री

- पार्टी को पूर्ण बहुमत देकर स्थायी सरकार बनाने की अपील की, कहा-कांग्रेस राज्य को अपने नेताओं के खजाने को भरने वाले एटीएम के रूप में देखती है

**एजेंसी।** दावणगेरे (कर्नाटक)



**कर्नाटक** में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की वापसी की जोरदार पैरवी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राज्य के लोगों से पार्टी को पूर्ण बहुमत देकर स्थाई सरकार बनाने की अपील की। राज्य में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। तेजी से विकास को समय की जरूरत बताते हुए उन्होंने कर्नाटक के लोगों से आग्रह किया कि वे राज्य को जोड़-तोड़ की राजनीति से बाहर निकालने में मदद करें। उन्होंने विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा राज्य को विकसित भारत की प्रेरक शक्ति बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस इसे अपने नेताओं के खजाने को भरने वाले एटीएम के रूप में देखती है। मोदी ने कहा, कर्नाटक ने अवसरवादी और स्वार्थी गठबंधन सरकारों का एक लंबा दौर देखा है। कर्नाटक को ऐसी सरकारों के कारण नुकसान हुआ है। इसलिए, कर्नाटक के तेजी से विकास के लिए, भाजपा को पूर्ण बहुमत और स्थिर सरकार की जरूरत है। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सवाल किया, जब किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा, तो क्या कर्नाटक की हालत खराब होगी या नहीं? आप एक मजबूत और स्थिर सरकार चाहते हैं या नहीं? क्या आप पूर्ण बहुमत वाली सरकार चाहते हैं या नहीं? मोदी ने कहा, पहला काम कर्नाटक को जोड़-तोड़ की राजनीति से बाहर लाना और उसे तेज गति से आगे ले जाना होना चाहिए। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की राज्यव्यापी विजय संकल्प यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित रैली में मोदी ने लोगों से पूछा कि क्या वे चाहते हैं कि वह उनकी और कर्नाटक की सेवा करें। उन्होंने कहा, अगर मुझे आपकी सेवा करनी है और आपके लिए कुछ करना है, तो मुझे कर्नाटक में भाजपा की मजबूत सरकार की जरूरत होगी, और आपको भाजपा को जीत दिलानी होगी और इसकी मजबूत सरकार लानी होगी। विजय संकल्प यात्रा इस महीने की शुरुआत में विशेष रूप से डिजाइन किए गए रथ में राज्य भर में चार अलग-अलग दिशाओं से शुरू हुई थी और यह सभी 224 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरा। विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उसके नेता चुनाव से पहले झूठी गारंटी का थैला लेकर घूम रहे हैं।

## सीबीआई ने तेजस्वी और ईडी ने मीसा भारती से की पूछताछ



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नौकरी** के बदले जमीन संबंधी कथित घोटाले के मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से सीबीआई ने शनिवार को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। वहीं उनकी बहन और राज्यसभा सांसद मीसा भारती से इसी मामले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ की। तेजस्वी इससे पहले एजेंसी द्वारा दी गई तीन तारीखों पर पेश नहीं हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे सीबीआई मुख्यालय पहुंचे और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें जांच दल के समक्ष ले जाया गया और रात करीब आठ बजे तक उनसे पूछताछ की गई।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,527 | |
| निफ्टी | 17,000 | |
| सोना | 59,450 | /10g |
| चांदी | 70,500 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अग्निवीरों का स्वागत करेंगी पीटी उषा और मिताली राज

**नई दिल्ली।** नौसेना के प्रशिक्षण संस्थान आईएनएस चिल्का से पास होने वाले अग्निवीरों के पहले बैच की पासिंग आउट परेड के ऐतिहासिक मौके पर 28 मार्च को भारत की उड़न परी के नाम से मशहूर ट्रैक एंड फील्ड की रानी पीटी उषा, पूर्व भारतीय क्रिकेट महिला टीम की कप्तान मिताली राज और पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) दिवंगत जनरल बिपिन रावत की बेटियां भी उपस्थित रहेंगी। जैसा कि शुक्रवार को द पायनियर में पहली बार लिखा गया था कि अग्निवीरों के पहले बैच की पासिंग आउट परेड (पीओपी) 28 मार्च को आईएनएस चिल्का में आयोजित होगी। पहले बैच में लगभग 2,600 अग्निवीरों को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें 273 महिलाएं शामिल हैं। ऐसा पहली बार है जब सुबह के बजाय पासिंग आउट परेड सूर्यास्त के बाद आयोजित की जा रही है।

## भाजपा ने घोषित किए प्रदेश पदाधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के अनुमति से पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा शनिवार को की है। इसके अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर पंकज सिंह, विजय बहादुर पाठक, कान्ताकर्दम, संतोष सिंह, सलिल विश्नोई, सुरेंद्र नागर, सत्यपाल सैनी, नीलम सोनकर, कमलावती सिंह, बृजबहादुर सिंह, सुनीता दयाल, दिनेश कुमार शर्मा, मानवेद्रं सिंह, पदमसेन चौधरी, मोहित बेनिवाल, डॉ. धर्मेद्र सिंह, देवेश कुमार कोरी, त्रियंबक त्रिपाठी को नियुक्त किया गया है। प्रदेश महामंत्री पद पर गोविंद नारायण शुक्ला, अमत पाल मौर्य, अनूप गुप्ता, प्रियंका सिंह रावत, संजय राय, सुभाष यदुवंश, राम प्रताप सिंह चौहान को नियुक्त किया गया है। प्रदेश मंत्री के रूप में शंकर गिरी, डॉ. चंद्रमोहन सिंह, मीना चौबे, अंजुला सिंह माहौर, विजय शिवहरे, शंकर लोधी, शकुंतला चौहान, अनामिका चौधरी, पूनज बजाज, अर्चना मिश्र, अमित वाल्मीकि, बसंत त्यागी, शिवभूषण सिंह, सुरेश पासी, अभिजात मिश्रा, और डीपी भारती का नाम घोषित किया गया है। प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल होंगे। भारत दीक्षित मुख्यालय प्रभारी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव प्रभारी प्रकोष्ठ एवं विभाग बनाए गए हैं। इसी प्रकार क्षेत्रीय अध्यक्षों में कानपुर क्षेत्र के प्रकाश पाल, काशीक्षेत्र के दिलीप पटेल, गोरखपुर क्षेत्र के शहजानंद राय, अवध क्षेत्र के कमलेश मिश्रा, ब्रज क्षेत्र के द्रुवविजय सिंह शाक्य और पश्चिम क्षेत्र के सतेंद्र सिसोदिया को बनाया गया है।

## कानूनी पेशे में महिला और पुरुष का निम्न अनुपात: चंद्रचूड़



**मदुरै।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कानूनी पेशे में निम्न महिला-पुरुष अनुपात को रेखांकित करने हुए महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवा, प्रतिभाशाली महिला वकीलों की कोई कमी नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चेम्बर्स महिलाओं को नियुक्त करने को लेकर सशंकित रहते हैं और धारणा बनाकर चलते हैं कि उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके पेशे के रास्ते में रुकावट के तौर पर सामने आएंगी। कानूनी पेशे में महिला-पुरुष के निम्न अनुपात को रेखांकित करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आंकड़े बताते हैं कि तमिलनाडु में 50 हजार पुरुष पंजीकृत है जबकि महिलाओं के पंजीकरण की संख्या महज पांच हजार है।

## अमेरिका में वाणिज्य दूतावास पर हमले के विरोध में रैली

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के सैन फ्रांसिस्को में खालिस्तान समर्थकों द्वारा भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला किए जाने की घटना के बाद भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में वहां एकत्र हुए और उन्होंने वाणिज्य दूतावास के सामने भारत के समर्थन में एक शांति रैली निकाली और तिरंगा लहराया। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने रविवार को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला कर वहां तोड़फोड़ की थी।

उन्होंने खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए पुलिस के अस्थाई सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ दिया था और वाणिज्य दूतावास परिसर के अंदर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए थे। हालांकि वाणिज्य दूतावास के दो कर्मियों ने जल्द ही उन झंडों को हटा दिया था। इस घटना का विरोध करने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी सैन फ्रांसिस्को पहुंचे और भारत के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए उन्होंने शुक्रवार को तिरंगा लहराया। उन्होंने अलगाववादी सिखों की विनाशकारी गतिविधियों की निंदा की। सामुदायिक कार्यकर्ता और आईटी पेशेवर सतीश वाले ने कहा, तुच्छ तत्वों द्वारा भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला न सिर्फ भारतीय-अमेरिकी बल्कि पूरे विश्व समुदाय को परेशान करने वाला है।

हम भारत के साथ अपनी एकजुटता और अपना ठोस समर्थन प्रदर्शित करना चाहते थे। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने अलगाववादी सिखों की हिंसक गतिविधियों की निंदा की। इस रैली के दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद थी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस दौरान कुछ अलगाववादी सिख भी मौजूद थे, जिन्होंने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए, लेकिन भारत का समर्थन कर रहे भारतीय अमेरिकियों की संख्या उनसे कहीं अधिक थी।



अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले के विरोध में रैली निकालते भारतीय मूल के लोग

## मंत्री बनाम अफसर

उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण विभाग के मंत्री हैं जो इस समय विधान परिषद के सदस्य हैं और पूर्व नौकरशाह हैं। पीएमओ में मजबूती से तैनात थे। अब सरकार का हिस्सा हैं। इस समय विभाग में अधिकारियों और मंत्रियों के बीच खींचतान बहुत चर्चा का विषय है और यह बात महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाती है कि अभी एक दो दिन पहले ही 14 निदेशकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया। इस खबर के बाद विभाग में जो अधिकारियों की अलग अलग टीम थी वह एक तो बहुत खुश हुई जबकि दूसरी टीम को निराशा लगी और यह सोचने और कहने का मौका सबको मिल गया कि आखिरकार नहले पर दहला अब पड़ा है । दरअसल मंत्री महोदय के विभाग में दो प्रमुख अधिकारी हैं जो इस समय एसीएस हैं और दूसरे चेयरमैन है लेकिन सबसे ज्यादा चलती विभाग में चेयरमैन महोदय की है। मंत्री जी का ज्यादा हस्तक्षेप विभाग में नहीं हो पा रहा है और अभी बीते दिनों जो हड़ताल हुई उसको लेकर के भी अधिकारी कर्मचारियों ने सारे आरोप चेयरमैन महोदय पर ही लगाए। ऐसे में अंदर ही अंदर जो मनमुटाव या खींचतान थी वह सामने आ गई है। मंत्री जी को मौका मिला और उन्होंने निदेशकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया क्योंकि उसके पीछे भ्रष्टाचार का लंबा खेल हुआ था ऐसे में सत्ता के गलियारे में चर्चा हो रही है कि मंत्री और अधिकारी के बीच ज्यादा बन नहीं पा रही है। मामला अब महाराज जी के पास पहुंच गया है



## कुछ भी हो पर जलवा कायम

समरथ को नहिं दोष गुसाईं। गोस्वामी तुलसीदास की यह शाश्वत सत्य चौपाई एकेटीयू पर अपनी सार्थकता साबित कर रहा है। मतलब जो सबल और समर्थ है उसके ऊपर दर्जन भर आरोप लगने के बाद भी कोई दोष नहीं दिया जाता है। यूनिवर्सिटी पर पाठक के नाम का भूत इस कदर सवार है कि एक कुलपति और एक रजिस्ट्रार को लील गया जबकि इनके ऊपर पाठक के मुकाबले काफी हल्के आरोप हैं। इन आरोपों का संचालन व्यवस्था पर भी कोई असर नहीं था। फिर भी बेचारे भूत के आगे लाचार हो गए। भूत के ऊपर राजदरबार की महिमा है। जिसके चलते पाठक पर न कोई सरकारी एजेंसी हाथ डाल रही है और न ही सरकार। सच कहा जाय तो सरकार को भी पाठक ने आईना दिखाते हुए अपने सीमा में रहने को मजबूर कर दिया है। अब इस भूत पर किस खद्दरधारी का हाथ है जो इसे सबल बना रहा है। जिसने सरकार को भी एक्शन लेने से पीछे खदेड़ दिया। यह जरूर गूढ़ प्रश्न है। वैसे जानते सभी हैं पर कुछ कर नहीं सकते और इसका नतीजा है कि पाठक जाने के बाद भी यूनिवर्सिटी को चला रहे हैं। सुनने में आया है कि जो नया आने वाला है वह भी पाठक का ही आदमी होगा। अगर ऐसा हुआ तो पाठक की पौ बारह बनी रहेगी।




## थप्पड़ की महिमा

एलडीए की जनता अदालत में परेशान आवंटियों और अन्य संबंधित परेशान लोगों को उनकी समस्या हल करने के लिए आमंत्रित किया गया था। जनता अदालत में भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी लेकिन छोटे साहब की एक कारस्तानी ने सबको चौंका दिया। परेशान बुजुर्ग आवंटी ने ऐशबाग में वर्षों से अपने भूखंड की समस्या पर छोटे ओएसडी साहब को प्रार्थना पत्र देकर अपनी बात रखी ही थी कि साहब ने साठ वर्षीय बुजुर्ग को जोरदार थप्पड़ जड़ कर साहबगीरी के दर्शन करा दिए। थप्पड़ पड़ते ही जनता अदालत में बखेड़ा खड़ा हो गया। यह देखकर दूसरे आवंटियों ने कड़ा विरोध कर जनता की पावर का अहसास छोटे साहब को भी महसूस कराया। फिर क्या था। आनन फानन में एलडीए प्रशासन ने मामले को संभालने का प्रयास किया। झटपट बड़े साहब ने अपने कार्यालय में बुलाकर बुजुर्ग को न्याय का विश्वास दिलाया। एलडीए के प्रमुख अधिकारी को जांच अधिकारी बनाकर बुजुर्ग को अहंकारी अधिकारी को दोषी पाए जाने पर कार्रवाई कर सबक सिखाने की बात कही। हालांकि यह अलग बात है कि एक सप्ताह बीतने के बाद भी कार्रवाई के नाम खाली गाल ही बजाए जा रहे हैं।

## मर्ज बढ़ता गया...

देश की सबसे पुरानी पार्टी की सूबाई इकाई की स्थितियां सुधरने के बजाए दिन पर दिन बिगड़ती ही जा रही हैं। सूबे में पार्टी के जनाधार को मजबूत करने के लिए बनाए गए नए प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के बीच जहां अभी तक आपसी सामंजस्य व तालमेल नहीं बैठ पाया है वहीं अब एक अहम शहर के दोनों शहर अध्यक्षों द्वारा पार्टी से दूरी बनाने की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसके पीछे वजह यह है कि पिछले दिनों हुए पार्टी के सभी महत्वपूर्ण धरना-प्रदर्शनों में दोनों शहर अध्यक्ष कहीं नजर नहीं आए। इसे लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। चर्चा तो यह भी है कि पार्टी की ओर से इन दोनों शहर अध्यक्षों को इसके लिए नोटिस भी जारी किया गया है। इनमें से एक शहर अध्यक्ष को तो पार्टी पूर्व में भी उस वक्त नोटिस दे चुकी है जब उनके ऊपर आरएसएस के एक कार्यक्रम में शामिल होने का आरोप लगा था। दोनों शहर अध्यक्षों ने अभी तक अधिकृत रूप से अपना रुख साफ नहीं किया है। बहरहाल मौजूदा हालातों में लगातार पार्टी के अंदर चल रही खींचतान सतह पर सामने आ रही है।



## जरूरत है मददगार की

चुनाव नजदीक क्या आया मदद की गुहार शुरू हो गई। कांग्रेस से मदद मांगी चारों खाने चित हुए। बहन जी से मदद मांगी फिर चित हुए। अब दीदी के पास मदद की गुहार लगाई है। इतने दिनों में आदत इतनी खराब हो गई है कि अब वह जहां बैठते हैं वहीं मदद मांगने लगते हैं। कहते हैं हमारी मदद करिए। संविधान खतरे में है। यह वही महोदय हैं जिनके पिताजी मदद करने के लिए जाने जाते थे। सही मायने में इनके पिताजी बहुत ही सॉफ्ट थे। वर्ष 2012 में ये अपने पिता जी की मेहरबानी से ही प्रदेश के मुखिया बने थे। मुखिया बनने के बाद वर्ष 2017 के मध्य इनका अहम इतना बढा कि इन्होंने अपने मदद करने वाले पिता को ही किनारे लगा दिया। अब स्थितियां काफी विकराल हो गए हो गई हैं। पांच साल खाली बैठने के बाद फिर पांच साल के लिए खाली बैठा दिया गया है। अब तो इनकी मदद करने के लिए इनके पिता जी भी नहीं हैं। ऐसी स्थिति में स्वाभाविक है कि ये जगह जगह मदद मांगते फिरे। राजनीतिक दलों से मदद मांगना तो इनकी पुरानी आदत थी अब तो पत्रकार वार्ता व बैठकों में भी मदद की गुहार लगाने लगे हैं।

# विकास की नई बुलंदियों को छुएगा यूपीः मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार के छह वर्ष तथा दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को कहा कि यूपी विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। यूपी की जनता जनार्दन का जो आशीर्वाद डबल इंजन सरकार को प्राप्त हुआ है ये सरकार पूरी ईमानदारी के साथ उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरकर न केवल केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ उन्हें देगी बल्कि जहां भी आवश्यक्ता पड़ेगी उनके हितों के संरक्षण के लिए बड़े बड़े कदम उठाने में पीछे नहीं हटेगी।

सीएम ने कहा कि इस अवसर पर आज सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी मंत्रीगण और संगठन के पदाधिकारी पुस्तक का विमोचन कर रहे हैं। इसमें सभी विधानसभाओं मे हो रहे कार्यों का उल्लेख किया गया है। सरकार पूरी ईमानदारी के साथ और पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जनता को जनार्दन मानकर के हम अपने कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। सीएम ने कहा कि टीम ने जिस प्रतिबद्धता के साथ काम किया है यही कारण है यूपी का परसेप्शन बदला है। मंत्रिमंडल, जनप्रतिनिधि, संगठन व अधिकारियों ने बताया कि टीमवर्क कैसे परिणाम देता है। यूपी आज हर सेक्टर में अग्रणी राज्य के रूप में आगे बढ़ा है। यूपी की 25 करोड़ जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए 6 वर्ष के कार्यकाल के लिए बधाई देता हूं। उन्हें आश्वस्त करता हूं कि हर सेक्टर में यूपी की विरासत और पहचान को एक नई आभा के साथ आगे बढ़ने का कार्य करेगा। ये जो पहचान हमने पिछले कुछ समय में हासिल की है, उसने कुछ चीजें तय की हैं कि ये प्रदेश उपद्रवियों व माफिया के लिए नहीं बल्कि उत्सवों व महोत्सव के लिए जाना जाएगा। जंगलराज और गुंडाराज अतीत की बातें हो चुकी हैं।

## प्रयागराज कुंभ 2025 से पहले पूरा होगा गंगा एक्सप्रेस-वे का काम



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● योगी ने कहा, 70 सालों में जिन्हें नहीं पूछा गया, उन्हें भी दी आवास की सुविधा

**सीएम** ने कहा कि अपने कार्यों के माध्यम से हमने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पूरी ईमानदारी के साथ पहुंचाने का काम किया। पूर्वी यूपी आज पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड जो कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ चुका है। पश्चिमी यूपी को मध्य यूपी और पूर्वी यूपी से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे का काम तेज गति से चल रहा है। हमारा प्रयास है प्रयागराज कुंभ 2025 से पहले गंगा एक्सप्रेस वे का काम पूरा हो। गंगा एक्सप्रेसवे श्रद्धालुओं का स्वागत करे। हर जिला मुख्यालय को 4 लेन से जोड़ने की कार्रवाई या तो पूरी हो चुकी है या तेज गति से चल रही है। जिला मुख्यालय को रिंग रोड से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में सबसे अधिक मेट्रो सेवा यूपी में है। पांच शहर में मेट्रो चल रही है जबकि छठवें शहर आगरा में नवंबर-दिसंबर तक इसे चालू कर देंगे। रैपिड रेल सेवा भी अगले महीने तक पीएम के कर कमलों से लोकार्पित किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि 2017 में जब हम आए थे, तब दो एयरपोर्ट क्रियाशील और दो आंशिक थे, आज हमारे पास नौ एयरपोर्ट पूरी तरह से क्रियाशील हैं। 12 एयरपोर्ट पर हम वर्तमान में काम कर रहे हैं। इनमें से पांच को एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एयर कनेक्टिवटी के साथ जोड़ने के लिए सहमति दे दी है। अगले दो वर्ष के अंदर यूपी पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला पहला राज्य होगा। तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट वर्तमान में क्रियाशील हैं। अयोध्या और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अगले साल तक क्रियाशील कर दिया जाएगा। देश का पहला वाटर वे वाराणसी से हल्दिया के लिए शुरू कर दिया गया है। यूपी को हमेशा ये मलाल रहता था कि हम बंदरगाह से नहीं जुड़े हैं मगर आज वाराणसी से हल्दिया को यानी पूर्वी बंदरगाह को यूपी को जोड़ दिया गया है। सीएम ने कहा कि यूपी ने बीते 6 साल में यूपी ने सचमुच परसेप्शन बदला है। आज यूपी के बारे में कोई नकारात्मक नहीं सोच रहा है। पहले लोग संदेह की दृष्टि से देखते थे लेकिन आज यूपी का नाम सुनते ही लोगों के चेहरे पर चमक आ जाती है। ये हमारी डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। हमारे नौजवानों के सामने अपनी पहचान छिपाने का संकट नहीं आ सकता है। आज उन्हें पूरे सम्मान के साथ अपने राज्यों और देशों मे कार्य देने के लिए लोग तैयार हैं। आज यूपी भी तैयार हो चुका है। हम आज डबल और ट्रिपल स्पीड के साथ अपने कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

## छह वर्षों में 203271 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य का हुआ भुगतान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चीनी** उद्योग एवं गन्ना आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अपने द्वितीय कार्यकाल 25 मार्च 2022 से 23 मार्च 2023 तक 36847 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के अब तक के दोनों कार्यकालों में 203271 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश के गन्ना किसानों को कराया गया है। उन्होंने बताया कि पेराई सत्र 2022-23 अर्थात् विगत एक वर्ष में प्रदेश की चीनी मिलों के द्वारा अब तक 1878.19 लाख कुन्टल गन्ने की पेराई करते हुए 83.68 लाख टन चीनी उत्पादन किया गया है । उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के गन्ना क्षेत्रफल में 92052 हजार हेक्टेयर की वृद्धि के साथ गन्ना क्षेत्रफल 28.53 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की औसत गन्ना उत्पादकता 72.38 टन हेक्टेयर (वर्ष 2016-17 ) से बढ़कर 82.31 टन हेक्टेयर (वर्ष 2020-21 ) हो गयी। इससे लगभग 9.93 टन हेक्टेयर अतिरिक्त गन्ने का उत्पादन हुआ। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश की 77 गन्ना एवं चीनी मिल समितियों में स्थापित फार्म मशीनरी बैंकों में ट्रैक्टर सहित गन्ना खेती के अन्य उपयोगी कृषि यंत्र उपलब्ध कराये गये हैं। प्रदेश के 113268 गन्ना किसानों का गन्ना समितियों के सस्पेन्स एकाउन्ट में पड़े अनपेड गन्ना मूल्य का अभियान चलाकर किसानों के खातों तथा नामों आदि में त्रुटियों को सही कराते हुए लगभग रु० 17849 करोड़ की धनराशि का भुगतान उनके खाते में कराया गया। अब तक निर्गत 284 खण्डसारी लाईसेंस के सापेक्ष वर्तमान में 152 खाण्डसारी इकाईयां संचालित हैं। गन्ना खेती के क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए गन्ना विभाग द्वारा अनूठी योजना शुरू की गई है।

# यूपी में भाजपा सरकार के सुशासन व विकास का मॉडल अन्य राज्यों के लिए नजीर:भूपेंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल के उत्कृष्ट एक वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार प्रदेश को सुशासन और विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में गरीब कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार ने विगत 6 वर्षों में सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर चलते हुए प्रदेश के हर वर्ग की समृद्धि एवं सशक्तिकरण के लिए काम किया है। उत्तर प्रदेश आज विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए नए भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के सुशासन और विकास का मॉडल अन्य राज्यों के लिए नजीर बन रहा हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि

उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी राज्यों में गिना जा रहा है। केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार आम जन को मूलभूत सुविधाएं सहज उपलब्ध कराने के साथ विकास का विश्वस्तरीय वातावरण उपलब्ध कराने में सफल रहीं हैं। अंत्योदय की संकल्पना भी साकार हो रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। विकास, सदभाव व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर योगी सरकार के मॉडल की सराहना आज पूरे देश में ही नहीं विदेशों में भी हो रही है। यही वजह है कि विश्व भर के निवेशकों की पहली पसंद उत्तर प्रदेश बन गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने किसानों को दो लाख करोड़ रूपए से अधिक का गन्ने मूल्य का भुगतान करने सहित किसानों के हितों को ध्यान में रखकर उल्लेखनीय कार्य किए।

## भाजपा सरकार हर स्तर पर कर रही घोर स्वार्थ की राजनीतिः मायावती

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को ट्वीट के जरिए कांग्रेस को वो बातें याद दिलायी है जो शायद वो भूल चुकी है। इतना हीं नहीं कांग्रेस की तरह भाजपा पर भी स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाया है। मायावती ने अपने ट्वीट में कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह जरूर सोचना चाहिए कि सन 1975 में जो कुछ हुआ वह क्या सही था और अब उनके नेता राहुल गांधी के साथ जो कुछ हो रहा है वो भी कितना उचित? एक दूसरे के प्रति राजनीतिक द्वेष, नफरत आदि से देश का ना पहले भला हुआ है और न ही आगे होने वाला है। उन्होंने कहा कि अत: यह स्पष्ट है कि देश की



आजादी के बाद बीते 75 वर्षों में यहां रही विभिन्न सरकारें अगर संविधान की पवित्र मंशा तथा लोकतांत्रिक मर्यादाओं व परंपराओं के अनुसार ईमानदारी व निष्ठा के साथ काम करती तो भारत वास्तव में अग्रणी व आदर्श मानवतावादी विकसित देश बन गया होता। मायावती ने आखिरी ट्वीट में कहा कि पहले कांग्रेस व अब भाजपा सरकार हर स्तर पर अधिकांश मामलों में घोर स्वार्थ की राजनीति कर रही है।

## योगी सरकार के 6 साल शोषित वर्गों के लिए अभिशाप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि योगी सरकार का लगातार 6 वर्ष प्रदेश में विकास, सुशासन, किसानों, नौजवानों, महिलाओं, छात्रों, श्रमिकों, गरीब, कमजोर, शोषित एवं सर्वहारा वर्ग के लिए अभिशाप के रूप में जाना जाएगा। इतना ही नहीं योगी सरकार संवैधानिक मूल्यों और कानून का राज कायम रखना तो दूर एक नया तंत्र. बुल्डोजर तंत्र का इजाद कर लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा को भी धूल धूसरित करने का कार्य किया है। भाजपा का कभी भी लोकतंत्र पर विश्वास नहीं रहा यही



कारण है कि विपक्षी दलों के नेताओं को येन-केन-प्रकारेण कुचलने में जुटी रही, जिसे प्रदेश की जनता कभी नहीं भूलेगी और इसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को भुगतना पड़ेगा। खाबरी ने कहा कि उप्र में विकास के नाम पर सिर्फ स्थानों के नाम बदलना, इमारतों के रंग बदलना ही विकास ही योगी सरकार की उपलब्धियां रही हैं। जबकि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचारए घोटाले अपने चरमोत्कर्ष पर हैं। भर्तियों के नाम पर युवाओं के साथ धोखा सिर्फ धोखा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह से भयए घृणा और नफरत का माहौल व्याप्त है। प्रशासन के सामने मां और बेटी को जिंदा जलाया जा रहा है।

खाबरी ने कहा कि बीजेपी का किसानों की आय दुगनी करने, युवाओं को रोजगार देने और महिला सुरक्षा आदि का वादा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं घटित हो रही हैं, डर की वजह से वह अपनी रिपोर्ट भी थानों में दर्ज नहीं करा पा रही हैं। 6 वर्षों में योगी सरकार द्वारा आम जनता के हितों के लिए कोई कार्य योजना नहीं, सिर्फ बयानबाजी में ही समय बीत गया है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम गुरशरण सिंह भाटिया से बदलकर गुरशरण सिंह कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना-पहचाना जाए। गुरशरण सिंह, 122/444, शास्त्रीनगर, कानपुर नगर

सूचना

मैंने अपना नाम कहकशा खानम से बदलकर कैकशा सलमान खान पत्नी मोहम्मद सलमान खान कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता- 116/85 आदर्शनगर रावतपुर गांव कानपुर नगर।

## जीवनदायिनी मां, जलदायिनी की भी बन रहीं स्रोत

### ● महिलाओं को सम्मान के साथ गांवों में ही स्वावलंबन से भी जोड़ रही योगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बच्चे** के लिए मां जीवनदायिनी होती हैं। जल भी जीवन है। मां बच्चे की छोटी से छोटी जरूरत की अनुभूति कर लेती है। आमजन को निर्मल व शुद्ध जल की जरूरत है, यह अनुभूति मोदी व योगी सरकार ने की। केंद्र की हर घर जल की इस योजना को उत्तर प्रदेश में साकार करते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास में महिलाएं भी जीवनदायक जल को सुलभ बना रही हैं। नमामि गंगे की तरफ से इसके लिए 4.80 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया। पिछले वर्ष के 9 महीने में महिलाओं ने पानी के 30 लाख से अधिक सैंपलों की जांच भी की। कभी पानी के लिए तरसता बुंदेलखंड आज जल ही जीवन की परिभाषा को चरितार्थ कर रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 4.80 लाख महिलाओं को पानी की जांच का प्रशिक्षण देकर योगी सरकार ने स्वावलंबन से भी जोड़ा। एफ टीके फील्ड टेस्ट किट से जल स्रोतों का परीक्षण करने के लिए इन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए प्रति जांच 20 रुपये की स्वावलंबन राशि भी दी गई। इससे न सिर्फ यूपी के हर घर नल से जल पहुंच रहा है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा के साथ ही घर-गांव में रोजगार भी प्रदान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 86 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाए गए हैं। योगी सरकार की उपलब्धि है कि 5 करोड़ से अधिक लोगों को घर-घर नल से शुद्ध पेयजल का लाभ मिलने लगा है। सर्वाधिक नल कनेक्शन देने में यूपी देश में चौथे नंबर पर है। यूपी से आगे अभी सिर्फ बिहार, महाराष्ट्र व गुजरात ही आगे हैं। यूपी की इस विकास यात्रा में स्वच्छ जल, बेहतर कल के लिए सरकार के प्रयास में ग्रामीण महिलाएं भी शामिल हो रही हैं। तकनीकी क्षेत्रों में सात लाख लोगों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें 30 फीसदी महिलाएं हैं। इनसे संविदा के रूप में ऑपरेटर से लेकर इंजीनियर तक का दायित्व महिलाएं निभा रही हैं। राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में कभी पीने के पानी की सुविधा भी नहीं थी। अब उनके पास कार्यात्मक नल का कनेक्शन भी है। इसमें भी महिलाएं कंधे से कंधे मिलाकर योजना की बढ़ोतरी में अपना योगदान दे रही हैं। मिर्जापुर में 2019 से पहले 0.56 प्रतिशत परिवारों के पास नल के पानी का कनेक्शन था।

## कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका तय करनी चाहिएः अखिलेश

### सपा प्रमुख ने कहा, यूपी विकास के हर पैरामीटर पर पीछे चला गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा समय आ गया है कि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों को आगे करें और भाजपा को हराने के लिए क्षेत्रीय दलों का साथ दे। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की तमाम क्षेत्रीय पार्टियां अपने-अपने राज्यों में भाजपा के खिलाफ मजबूती से लड़ रही हैं। बीजेपी के खिलाफ लड़ रही देश की सभी पार्टियों को एक साथ आना चाहिए। जहां जो दल भाजपा के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं, उनका साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी हर स्तर पर भाजपा का मुकाबला कर रही है, लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी भाजपा को हराएगी।



उन्होंने देश और प्रदेश को भाजपा के चंगुल से मुक्त कराने के लिए सभी लोगों से समाजवादी पार्टी का साथ देने की अपील की। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकारी संस्थाओं पर दबाव बनाकर विपक्षी दलों को दबा रही है। भाजपा जिस तरह का कार्य कर रही है, उसे देश की जनता देख रही है आने वाले समय में देश की राजनीति पर इसका बहुत बड़ा असर होने जा रहा है।

अखिलेश ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय दल बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे और इससे भाजपा का सफाया होगा। समाजवादी विचारधारा राष्ट्रीय विचारधारा है और समाजवादी पार्टी ने हमेशा राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है और समय आने पर समाजवादी पार्टी फिर अपनी भूमिका मजबूती से निभाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी सरेआम घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री के खिलाफ खुद कई गंभीर मुकदमे हैं। समाजवादी पार्टी ने कई बार मांग की कि सरकार टॉप टेन माफियाओं की सूची जारी करें, लेकिन भाजपा सरकार सूची नहीं जारी कर रही है। प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्या काण्ड का जिक्र करते हुए अखिलेश ने कहा कि घटना के तह में जाने से पता चलता हैए उसमें सभी भाजपा से जुड़े लोग शामिल हैं। अखिलेश यादव ने भाजपा को देश की सबसे बड़ी जातिवादी पार्टी बताते हुए कहा कि भाजपा दूसरों पर आरोप लगाती है लेकिन खुद सबसे ज्यादा जातिवाद करती है।

भाजपा टिकट बांटने से लेकर हर स्तर पर जातिवाद करती है। भाजपा सरकार में मुकदमें भी जाति देख कर लिखे जाते हैं। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया है, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुरा हाल है। निर्माणकार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश विकास के हर पैरामीटर पर पीछे चला गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# अतिक्रमण से फैलती है गंदगी, नागरिकों को जागरूक करें जनप्रतिनिधिः सुरेश खन्ना

● नगर विकास मंत्री ने की जिला योजना समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वित्त** एवं संसदीय कार्य मंत्री एवं लखनऊ जनपद के प्रभारी सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि जिला योजना की धनराशि आंवटित कराने में पैरवी करें, जिससे धनराशि समय से आंवटित हो सके और क्षेत्र में विकास के कार्य हों। उन्होंने कहा कि लखनऊ की सबसे बड़ी समस्या आवागमन, अतिक्रमण, जाम व सफाई की है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा अपनी जिम्मेदारी निभाएं और आम जनता को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण ही गन्दगी फैलती है।

सुरेश खन्ना शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां-जहां सफाई के अच्छे परिणाम मिले है, वहां के जनप्रतिनिधि जागरूक रहते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप जितनी जिम्मेदारी निभाओगे जनता आपकी उतनी ही इज्जत करेगी, आप अपनी बात शिष्टाचार से रखें तभी समस्या का हल होगा। इसके बाद जिला योजना के तहत विभागों ने विभिन्न मद में लिए गए व्यय की समीक्षा की गई। लघु सिंचाई विभाग की योजना की समीक्षा करते हुये पाया गया कि निशुल्क बोरिंग 573.02 लाख रुपए से 2828 निशुल्क बोरिंग, 36 मध्यम नलकूप एवं 2 चेकडैम बनाये गये है। दुग्ध विकास में 3 दुग्ध समितियों का पुर्नगठन, 84 विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्य, 2416 बैग पशुआहार और विभिन्न रोगों से पशुओं को सुरक्षा के लिए दुग्ध विकास विभाग द्वारा रू0 747.82 लाख व्यय किये गये। पंचायतीराज विभाग में रू 1164.72 लाख से 9021 स्वच्छ शौचालयों एवं रु. 17.46 लाख की लागत से 1 बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कराया गया। मनरेगा के तहत रुपए 6787.63 लाख व्यय करते हुये रुपए 15.32 लाख मानव दिवस सृजित किये गये। प्राथमिक शिक्षा के तहत 7775.73 लाख रुपए की धनराशि का सदुपयोग करते हुये बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार मिड-डे-मील के साथ ही शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों को मानदेय प्रदान किया गया। माध्यमिक शिक्षा में 58 विषयों के विषय विशेषज्ञों को 85.96 लाख रुपए की धनराशि मानदेय के रूप में उपलब्ध करायी गयी। समाज कल्याण विभाग में अनुसूचित जाति के पूर्वदशम वर्ग के 3633 छात्रों, सामान्य जाति के 557 पूर्वदशम छात्रों को छात्रवृत्ति मद में 27.87 लाख रुपए से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही अत्याचार से पीड़ित अनुसूचित जाति के 561 लाभार्थियों को रुपए 334.35 लाख की धनराशि उपलब्ध करायी गयी।



बीजेपी लखनऊ, महानगर अध्यक्ष व एमएलसी मुकेश शर्मा ने शनिवार को सीएम से मिलकर सरकार के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं, इस दौरान विधायक नीरज बोरा व विधायक राजेश्वर सिंह भी मौजूद रहे

## पुलिस पर पथराव करने वाले एक दर्जन गिरफ्तार

● बेहटा गांव में शुक्रवार की रात जमीन पर कब्जे को लेकर हुई थी वारदात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** के काकोरी इलाके में स्थित बेहटा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के ही कुछ लोगों ने ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने के लिए अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी। हड़कंप मचा तो पुलिस मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया जिससे कई पुलिस कर्मी जख्मी हो गये। बताया जा रहा है कि पुलिस बल ने किसी तरह से स्थित पर काबू पाया और आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शनिवार की प्रात: ताबड़तोड़ दबिश देकर एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर काकोरी ने बताया कि बीती रात करीब आठ बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बेहटा गांव में कुछ शरारती ततवों द्वारा ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने की नियत से अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी है जिससे गांव में तनाव का माहौल है। सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचा और स्थित नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन इस दौरान गांव के लोगों ने पुलिस बल पर पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने हलका बल प्रयोग कर मामले को शांत कराया। इस दौरान कई पुलिस कर्मियों को चोटे आयी और वह घायल हो गये। पुलिस ने घटना में शामिल अराजकततुओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए ताबड़तोड़ दबिश शुरू करते हुए शनिवार को घटना मे शामिल बेहटा काकोरी निवासी अरुण गौत उपरोक्त निवासी अरुण कुमार करन गौतम मनोज गौतम सूरज गौतम जितेन्द्र राहुल उपरोक्त निवासी अशोक गौतम उपरोक्त निवासी शिवम गौतम उपरोक्त निवासी प्रदीप व शनी कुमार को दबोचकर जेल रवाना कर दिया है और बाकी अन्य की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

## विवाहिता समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

● बंथरा व मड़ियांव इलाके में हुई घटनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के मड़ियांव इलाके में एक महिला ने जहां फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वहीं बंथरा इलाके में एक मजदूर ने पेड़ से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई निवासी अंकित गुप्ता ने मडियांव पुलिस को सूचना दिया कि विगत चार माह से अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ कष्णलोक कालोनी मड़ियांव में रहते हैं। अंकित ने बताया कि शनिवार को उसकी पत्नी ममता गुप्ता (28) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बताया कि मृतका का आठ साल पहले विवाह हुआ था और मैं ऑटो चलाता हूं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर खसवारा बंथरा निवासी रामखेलावन ने बंथरा पुलिस को सूचना दिया कि उनसे पुत्र महेश गुप्ता ने गांव के बाहर मौजूद पेड़ से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। बताया जा रहा है कि मृतक मजदूरी करता था और उसके चार बच्चे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## शराब के लिए पैसे न देने पर साथी ने ही की थी किसान की हत्या

● ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के निगोहां क्षेत्र में किसान राजेन्द्र की हत्या उसके साथी ने ही शराब के नशे में की थी। हत्या के बाद साथी राजेंद्र की जेब से नगदी समेत आधार और पासबुक व उसकी नई साइकिल लेकर भाग गया था। हत्यारे को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पकड़कर शनिवार जेल भेज दिया।

डीसीपी राहुल राज ने बताया कि नदौली के रहने वाले किसान राजेन्द्र सिंह (48) सोमवार को अपने घर से साइकिल से निकले थे और बुधवार को सुबह किसान का शव निगोहां के शेरपुर लवल स्थित बाबू सुंदर सिह इंजीनियरिंग कालेज की बाउंड्री में झाड़ियों में खून से लथपथ पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम में हत्या की पुष्टि के बाद पुलिस मृतक के भाई की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्यारे की तलाश कर रही थी। इलाके के कुछ ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने हत्यारे तक पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मोहनलालगज रानी खेड़ा के आरोपी मनोज बेड़िया ने बताया राजेन्द्र सिंह उसके साथ अक्सर शराब पीते थे। मंगलवार को भी दोनों ने साथ शराब पी इस दौरान शराब खत्म होने के बाद मनोज ने जब राजेन्द्र से और शराब लाने के लिए पैसो की मांग की तो राजेन्द्र ने मनोज को गाली देते हुए शराब के पैसे देने से मना कर दिया। इसी से नाराज मनोज ने राजेन्द्र की गला दबाकर हत्या कर फरार हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी मनोज राजेन्द्र की नई साइकिल को रायबरेली के इसिया गांव में रिश्तेदार के यहां खड़ी कर वापस रानी खेड़ा गांव आ गया था। इस दौरान आरोपी मनोज ने राजेन्द्र के अंतिम संस्कार के बाद हत्या की चर्चा घर की महिलाओं से की जिसके बाद इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई। वहीं ग्रामीणों ने राजेन्द्र के साथ देखा भी था। इसके बाद ग्रामीणों का शक यकीन में बदल गया और ग्रामीणों निगोहा थाने के सिपाही को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद सिपाही ने अधिकारियों से बात कर मनोज की गिरफ्तारी की योजना बनाकर उसे पकड़ लिया।

## चाकलेट दिलाने के नाम पर मासूम से दरिंदगी

**लखनऊ।** राजधानी के नगराम इलाके में शुक्रवार शाम चॉकलेट दिलाने का लालच देकर दरिंदा रामसरन सात साल की मासूम को घर ले गया और दुष्कर्म किया। मासूम की चीख पुकार सुनकर जुटे लोगों ने आरोपी को दबोच लिया। उसकी जमकर धुनाई की। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर नगराम हेमंत कुमार राघव के मुताबिक सात वर्षीय मासूम घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान करोरवा निवासी मजदूर रामसरन वहां आया। टॉफी का लालच देकर घर की तरफ चल दिया। टॉफी के लिए बच्ची भी पीछे पीछे रामसरन के घर पहुंच गई जहां आरोपी ने बच्ची के साथ गलत काम किया। रोने की आवाज सुनकर रिंकू विशाल और दिवाकर मौके पर पहुंचे। इस पर रामसरन पीछे के रास्ते से भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे दबोच लिया। मासूम को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

## महिला सफाई कर्मी ने स्मारक प्रबंधक पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

● एलडीए अध्यक्ष रौशन जैकब से की शिकायत जांच के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

> **महिला** सफाई कर्मी के आरोप निराधार हैं क्योंकि मैं आरोपी महिला को पहचानता तक नहीं हूं। यह मेरे साथ साजिश की जा रही है। महिला को आगे करके समिति की महिला अधिकारी ही मुझसे निजी खुन्नस निकाल रही है। मैंने अपना पक्ष जांच अधिकारी के सामने रख दिया है।
>
> **डॉ अशीष कुमार**
> **प्रबंधक, स्मारक समिति**

**एलडीए** स्मारकों में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। स्मारक समिति में कार्य कर रही महिला द्वारा स्मारक समिति के प्रबंधक पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। महिला द्वारा मंडलायुक्त से प्रबंधक के व्यवहार पर कार्रवाई की मांग की गयी। वहीं, प्रबंधक द्वारा महिला के आरोप को निराधार बताते हुए इसे अपने खिलाफ षड़यंत्र बताया है, साथ ही जांच अधिकारी को अपना पक्ष रखने की बात कही है।

शनिवार को लोहिया पार्क में कार्यरत सफाई कर्मचारी चंपा देवी ने स्मारक समिति के प्रबंधक डॉ आशीष कुमार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए निलंबन से बहाल करने के लिए गलत व्यवहार किया। प्रबंधक पर अपने क्वार्टर पर आने के लिए कहा। इसके लिए प्रबंधक ने मेट रामचंद्र से लोहिया पार्क के गेट पर अकेले बुलाया। बुलाकर कहा कि साहब के क्वार्टर पर जाने से बहाल कर दिया जाएगा। इस व्यवहार से झुब्ध महिला ने एलडीए अधिकारियों के साथ मंडलायुक्त डॉ रौशन जैकब से मिलकर न्याय की गुहार लगायी गयी। मंडलायुक्त द्वारा एलडीए प्रशासन को पत्र लिखकर जांच करने और जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई क निर्देश दिए गए। एलडीए सचिव पवन गंगवार ने जांच करने के निर्देश दे दिए हैं। निर्देश पर दोनों से जांच अधिकारी ने पूछतांछ किया है। सूत्रों की मानें तो स्मारक समिति में इसी मामले में निलंबित कई चहेते कर्मियों की बहाली हो चुकी है, जो पार्क में आने भी लगे हैं। लेकिन कुछ कर्मियों के साथ भेदभाव और प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही कई कर्मी पहले भी प्रबंधक के रूखे और भेदपूर्ण रवैये से नाराजगी जता चुके हैं। गौरतलब है कि 10 मार्च को शासन के उच्च अधिकारी के निरीक्षण के दौरान एलडीए वीसी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर अनुपस्थित कर्मचारियों को सस्पेंड करने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश पर आधा दर्जन कर्मियों पर गाज गिरी थी।

## 'कूड़े से आजादी, चाहे लखनऊ की आबादी'

● अभियान की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वर्तमान** में शहर कूड़ा, गंदगी, नाली और खराब सफाई की समस्या को झेल रहा है। लोगों को गंदगी की समस्या से निजात दिलाने के लिए एवं एक सजग नागरिक होने के नाते समाजसेवी डॉ आशुतोष वर्मा ने शंकरपुरवा-2 वार्ड से कूड़े से आजादी, चाहे लखनऊ की आबादी की थीम से अपना लखनऊ, अपने लोग अभियान की शुरुआत की।

शनिवार को समाजसेवी और जानें मानें डॉ आशुतोष वर्मा ने महेश वर्मा एवं टीम के साथ शंकर पुरवा-2 वार्ड में फावड़े से कूड़ा उठाया एवं साफ सफाई की। डॉ वर्मा ने कहा कि वर्तमान में लखनऊ कूड़े की समस्या झेल रहा है। लखनऊ नगर निगम का कूड़े निस्तारण का शिवरी प्लांट प्रोजेक्ट बंद चल रहा है। लखनऊ में कूड़ा उठाने के लिए जिस कंपनी से कॉन्ट्रैक्ट हुआ था, वह भी कैंसिल हो गया और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। डॉ आशुतोष ने कहा कि आखिर भ्रष्टाचार की मार लखनऊ की जनता क्यों भुगते। ऐसे में लखनऊ के एक सजग नागरिक होने के नाते हमने अपना लखनऊ अपने लोग नाम से अभियान की शुरुआत की है। जिसमें हम और हमारी टीम लखनऊ के वार्डों में जाकर कूड़ा उठाएगी और लखनऊ के हर नागरिक को स्वयं से कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था करने के लिए जागरूक करेगी। डॉ आशुतोष ने कहा कि आने वाली गर्मी के समय मे जिस प्रकार से लखनऊ में हर जगह कूड़ा फैला हुआ है, गंदगी व्याप्त है। गर्मी में आने वाले समय मे फ्लू, हैजा, कॉलरा जैसी बीमारियां इससे फैलेंगी। हमारे बच्चे, हमारा परिवार ही कहीं न कहीं इससे परेशान होगा। इसलिए मैंने सोचा कि क्यों न पहली पहल हम लोग ही शुरू करें, उसके तहत हमने ये प्रोग्राम शुरू किया है। हमने शंकरपुरवा वार्ड-2 से ये कार्य करने शुरू किया है

## दुबग्गा में अवैध प्लाटिंग, हुसैनगंज में निर्माण ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



एलडीए द्वारा दुबग्गा थानाक्षेत्र में दो स्थानों पर की जा रही अवैध प्लाटिंग और हुसैनगंज में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। दुबग्गा में 25 हजार वर्ग मीटर पर बनी पूना सिटी फेज 2 के नाम अवैध प्लाटिंग पर एलडीए वहित प्राधिकारी के आदेश पर प्रवर्तन टीम द्वारा कार्रवाई की गयी। साथ ही 6 हजार वर्गमीटर में बनी अवैध प्लाटिंग पर भी एलडीए द्वारा कार्रवाई की गयी।

शनिवार को प्रवर्तन जोन.7 के जोनल अधिकारी अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि फुरकान अहमद द्वारा दुबग्गा में शेखपुरवा रोड पर मस्जिद के बगल में लगभग 25000 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल में पूना सिटी फेज.2 नाम से अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा थाए जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद संस्त्रया-309/2022 योजित किया गया था। इसके अतिरिक्त जुबैर व फकीले लाल द्वारा जेहटा माल रोड पर लगभग 6000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था जिसके खिलाफ विहित न्यायालय में वाद संस्त्रया.266/2022 योजित किया गया था। इस दोनों प्रकरण में विपक्षी द्वारा कोई स्वीकृत मानचित्र मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया। स्थल पर अवैध रूप से कच्ची-प की सड़क, नाली, बाउंड्रीवॉल, कार्यालय, गेट आदि का निर्माण कराते हुए प्लाटिंग का कार्य कराया जाता रहा जिस पर ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किए गए थे। आदेश पर सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, अवर अभियंता शिव प्रताप सिंह चैहान, सत्यवीर सिंह व शशिभूषण मिश्रा द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल से दोनों अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त जोनल अधिकारी रामशंकर ने बताया कि सचिन चैरसिया द्वारा हुसैनगंज की नई बस्ती में हैवलक रोड पर भवन पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद दर्ज किया गया था। इस मामले में विपक्षी द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया। स्थल पर चोरी.छिपे निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिस पर ध्वस्तीकरण आदेश जारी किये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता लल्लन प्रसाद, अवर अभियंता संजय मिश्रा, रंगनाथ सिंह व शिवकुंवर द्वारा पुलिस बल से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी।

## कुकरैल नाले से बरामद हुआ अज्ञात युवक का शव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के गाजीपुर इलाके में स्थित कुकरैल नाले में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आस पास के लोगों को बुलाकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव को मर्चरी पर 72 घंटों के लिए रखवा दिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सेक्टर 19 स्थित कुकरैल नाले में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिलने पर गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलावाकर कब्जे में लिया और बताया कि शव तीन से चार दिन पुराना है और उसके शरीर पर करीब चार शर्ट थीं और उम्र करीब चालीस साल लग रही थी। मौके से इंजेक्शन व कई सिंरीज बरामद हुई हैं।

# मोहनलालगंज में विकसित होगा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क

### शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में संचालित मंडियों को आउटर रिंग रोड व शहीद पथ के बीच किया जाएगा स्थानांतरित

● बाराबंकी में बनेगा नया ट्रांसपोर्ट नगर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** की बढ़ती आबादी पर एलडीए वीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक में ट्रैफिक के कुशल प्रबंधन के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में संचालित मंडियों को आउटर रिंग रोड व शहीद पथ के बीच स्थानांतरित करने की दिशा पर काम किया जाए। इसके लिए सम्बंधित कंसल्टेंसी फर्म के प्रतिनिधि ट्रैफिक पुलिस व प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ सर्वे करके स्थान चिन्हित कर लें। साथ ही व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व सम्बंधित स्टाक होल्डर्स के साथ अलग से बैठक करके उनकी सुविधा अनुसार व्यवस्था करायें।

शनिवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सिटी लॉजिस्टिक प्लान की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम यूएमटीसी (अर्बन मास ट्रांजिट कंपनी लिमिटेड) के प्रतिनिधियों द्वारा सिटी लॉजिस्टक प्लान का प्रेजेन्टेशन दिया गया। इसमें भविष्य की जरूरतों को देखते हुए मोहनलालगंज स्टेशन के पास एमएमएलसी (मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क) विकसित किये जाने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके तहत रोड व रेलवे के माध्यम से ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा रहेगी, साथ ही एक स्थान पर स्टोरेज के लिए वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज एवं कन्टेनर टर्मिनल्स की व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त शहर की कॉमर्शियल स्ट्रीट व लखनऊ में कानपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर को पुनर्विकसित करने के साथ ही बाराबंकी में लगभग 100 एकड़ क्षेत्रफल में नया ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया। इटौंजा के पास सीतापुर रोड पर कोल्ड स्टोरेज व भारी वाहनों के लिए पार्किंग फैसेलिटी उपलब्ध कराने के विकल्प पर चर्चा की गयी। इस दौरान उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि नो-इंट्री के समय विशेषत: अयोध्या रोड व कानपुर रोड पर भारी वाहनों की लंबी कतार सड़क पर लगती हैए जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या के साथ ही सड़क हादसों की भी प्रबल संभावना रहती है। इसके दृष्टिगत इन दोनों हाई.वे के किनारे शहर के बाहरी हिस्से में वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान चिन्हित कर लिया जाएए जिसमें पार्किंग फैसेलिटी के साथ ही पेट्रोल पम्प, मोटर रिपेयर शॉप, ढ़ाबे व टॉयलेट आदि सुविधाओं का भी प्राविधान किया जाए। बैठक के दौरान जीएसटी विभाग के अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कई बार स्टॉक चेकिंग के लिए ट्रकों को रोककर हजरतगंज में मीराबाई मार्ग स्थित जीएसटी कार्यालय लाना पड़ता हैए जिससे वहां यातायात बाधित होता है। इस पर उपाध्यक्ष ने तत्काल ही इस समस्या का समाधान निकाला। उन्होंने भारी वाहनों की स्टॉक चेकिंग के लि, जीएसटी विभाग को ट्रांसपोर्ट नगर, रमाबाई पार्किंग अथवा आशियाना में निशुल्क जगह उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, नगर नियोजक केके गौतम, सहायक अभियंता रहुल वर्मा, यूएमटीसी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कनिका कालरा व प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक हलधर समेत यातायात पुलिस, जीएसटी, यूपीडा, एयरपोर्ट एवं रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 20 मई तक पूरा करा लिया जाए लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माणः मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में लाइट हाउस प्रोजेक्ट की समीक्षा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत एसएलएसएमसी की 40वीं बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि शहर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए सस्ते और आधुनिक तकनीक एवं सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ रियायती घर बनाए जा रहे हैं। यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिससे गरीबों के जीवनस्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। परियोजना की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 3 ब्लाकों में अप्रैल 2023 तक कार्य पूर्ण हो जाएगा



जबकि अवशेष 2 ब्लाकों में मई 2023 तक कार्य पूर्ण होगा । बैठक में उपस्थित भारत सरकार, प्रदेश सरकार के अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ आगामी 20 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिया जाए ताकि इसका लाभ आम जनमानस को समय पर मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक सोमवार को इसकी साप्ताहिक प्रगति उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी अप्रैल के प्रथम सप्ताह से प्रत्येक गुरूवार को उक्त परियोजना के आवंटियों को परियोजना का भ्रमण कराया जाएए जिससे आवंटी अपना आवास बनते हुए तथा पूरा होते हुए देख सके और उनके अंदर इसके प्रति अपनेपन की भावना जागृत हो सके। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण नया घटक के अन्तर्गत 29 जनपदों की कुल 76 परियोजनाओं में 42413 आवासों के निर्माण हेतु डीपीआर का अनुमोदन प्रदान किया गया जिसकी कुल लागत 151651.341 लाख है। बैठक में अनुमोदनोपरान्त प्रदेश में बीएलसी घटक के अन्तर्गत कुल आवासों की संख्या 1459069 हो जाएगी। बीएलसी घटक के अन्तर्गत वर्तमान तक प्रदेश में 11 लाख से अधिक आवास पूर्ण किये जा चुके हैं जिससे लाभार्थियों के जीवनयापन में अत्यधिक उन्नयन हुआ है। योजनान्तर्गत निर्मित हो रहे सभी आवासों के कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत् प्रदेश सरकार द्वारा वृहद पारदर्शी व्यवस्था बनाई गयी है। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिए गए कि इन आवासों के निर्माण के साथ ही इनके अध्यासियों को अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए भी विभिन्न कार्य किए जाएं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें सरकार के 6 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों की पुस्तक भी भेंट की

# पचास हजार का ईनामी राजू अंसारी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने मुठभेड़ में मारे जा चुके माफिया बृजेश यादव गिरोह के कुख्यात पचास हजार के ईनामी अपराधी बिहार निवासी राजू अंसारी उर्फ आफताब को गोरखुपर के थाना बड़हलगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

अभियुक्त राजू अंसारी उर्फ आफताब ने पूछताछ में बताया कि वह लुधियाना, पंजाब में सिलाई का काम करता था। वहां पर काम के दौरान इसकी मुलाकात राजू निवासी गोरखपुर, राजेश गुप्ता निवासी आजमगढ़ और अरमान निवासी कस्बा व थाना बेलघाट, गोरखपुर से हुई थी। राजू की बहन की शादी में ये सभी गोरखपुर आए थे, जहां दीपक मिश्रा से इनकी मुलाकात हुई। इसके बाद इन लोगों का सम्पर्क जनपद गोरखपुर के कुख्यात अपराधी बृजेश यादव निवासी बैदौली थाना बहडलगंज, गोरखपुर से हो गया। बृजेश यादव ने इन्हें पैसा, गाड़ी और असलहा उपलब्ध कराया था। वर्ष 2006 में पुरानी रंजिश के कारण



बृजेश यादव के गांव बैदौली के रहने वाले मारकण्डेय सिंह पर राजू असांरी उर्फ आफ ताब ने अपने साथियों के साथ मिलकर बम आदि से प्राण घातक हमला किया था। जिसमें मारकण्डेय सिंह बाल-बाल बच गए। इसमें राजू अंसारी उर्फ आफ ताब गिरफ्तार होकर जेल चला गया। जेल से लगभग 3 माह बाद छूटने के बाद पुनः अपने गैंग के साथियों के साथ मिलकर ताबड़तोड हत्या, लूट आदि की घटनाओं को अंजाम देने लगा। इसी क्रम में वर्ष 2010 में इसके द्वारा अमृतसर के सर्राफा व्यापारी जसवीर सिंह को बड़हलगंज में गोली मारकर लगभग साढे पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण की लूट की गयी। जनपद गोरखपुर के थाना चिलुआताल क्षेत्रान्तर्गत पंकज कुमार के सिर में गोली मारकर लाइसेंसी पिस्टल और 2 लाख रुपए की लूट की गई। जनपद गोरखपुर के थाना शाहपुर क्षेत्रान्तर्गत आकाश दत्त पाण्डेय को गोली मारकर पैसा व मोबाइल फोन लूट लिया गया था। इसी दौरान इसके गैंग का शातिर अपराधी रणविजय यादव जो जेल में बन्द था। इसे पेशी के दौरान छुडाने की योजना इसने अपने साथियों के साथ बनाया और योजना के तहत रणविजय यादव को पेशी के लिए ले जाते समय इसने अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर रणविजय यादव को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ा कर भगा ले गया। इस हमले में पेशी ड्यटी में लगे आरक्षी मैनेजर सिंह की मौत हो गयी थी। इस प्रकार इसने गोरखपुर में ताबडतोड घटनाओं के अंजाम देकर सनसनी फैला दिया था और वर्ष 2010 से ही फरार चल रहा था।

# छह वर्षों में अपराध चरम पर रहा, सरकार कुंभकरणीय नींद सोती रहीः संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार के 6 वर्ष पूरे होने पर आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को नर्क बना दिया है कानून व्यवस्था ध्वस्त है छोटे-छोटे बच्चियों से बलात्कार की घटनाएं हो रही है। एसपी फि रौती मांग रहा हैं। शिक्षक भर्ती में पिछड़े वर्ग के आरक्षण में घपला किया, कोराना काल में चिकित्सा उपकरणों की खरीद में करोड़ों रुपए का घोटाला किया, बच्चों को मिड डे मील में नमक रोटी खिलाई, सबसे ज्यादा महंगी बिजली, प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण के नाम पर चंदा चोरी किया। हाथरस, लखीमपुर जैसी घटनाएं हुई। शवों को कुत्तों ने नोचा, मरे हुए डॉक्टरों का ट्रांसफर किये गए। रोजगार मांगने पर नौजवानों को लाठियों से पीटा गया। संजय सिंह ने कहा पिछले 6 वर्षों में योगी के शासनकाल में यूपी में अपराध चरम पर रहा और सरकार कुंभकरण नींद में सोती रही। हाथरस की घटना, हमीरपुर की घटना, लखीमपुर कांड ऐसी तमाम घटनाएं उत्तर प्रदेश में हुई हैं। आए दिन बलात्कार गैंगरेप की घटनाएं हुई और अपराधी बेखौफ होकर के घूम रहे हैं।

6 वर्षों में उत्तर प्रदेश की बदहाल चिकित्सा व्यवस्था सभी ने देखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर गोरखपुर में ऑक्सीजन की कमी से कई बच्चे मर गए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी के शहर के अस्पताल में दम तोड़ने वाले लोगों के शव को कुत्तों ने खाया है। ऐसी बदहाल चिकित्सा व्यवस्था के वीडियो उत्तर प्रदेश की जनता ने देखे हैं। चिकित्सा विभाग ने मरे हुए डॉक्टरों का ट्रांसफर कर दिया। संजय सिंह ने कहा कि राज्य के सरकारी स्कूलों की बदहाली और दुर्दशा में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में 25 हज़ार 577 सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं।

# प्रो. गीता गांधी ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में विचार व्यक्त किए



**पायनियर समाचर सेवा।** लखनऊ

**सीएमएस** की प्रेसीडेन्ट व एमडी प्रो. गीता गांधी किंगडन ने अमेरिका की प्रतिष्ठित कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में आयोजित 'तृतीय कोलम्बिया समिट ऑन द इण्डिया इकोनॉमी' में 'द मिथ एण्ड रियलिटी ऑफटीचर शार्टेज इन इण्डिया' विषय पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन कोलिम्बिया यूनिवर्सिटी एवं कान्सुलेट जनरल ऑफ इण्डिया, न्यूयार्क के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अपने सारगर्भित संबोधन में प्रो. किंगडन ने भारत के पब्लिक एलीमेन्ट्री सकूलों में शिक्षकों की कमी की व्यापक रूप से फैली अवधारणा व भारत में छात्रों की संख्या के संदर्भ में शिक्षकों की स्थिति पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि छात्रों को स्कूल से न केवल भौतिक ज्ञान मिलना चाहिए बल्कि चरित्र निर्माण के लिए जीवन मूल्यों की शिक्षा भी मिलनी चाहिए। प्रो. किंगडन ने सी.एम.एस. की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति' की चर्चा की जिसमें भविष्य में एक आदर्श वैश्विक समाज बनाने पर ध्यान दिया जाता है। इसके लिए शिक्षा में सकारात्मक सोच व गुणवत्ता अपनानी होगी, जिसमें शिक्षकों की विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने भारत में शिक्षा में सकारात्मक सुधार पर जोर दिया जिससे शिक्षा विश्व स्तर पर और लाभकारी व महत्वपूर्ण बन सके और एक विश्व समाज का निर्माण हो सके। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि अमेरिका की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रबुद्ध शिक्षाविदों, नेताओं व नीति निर्माताओं ने भारतीय आर्थिक नीतियों, सुधारों और उनके प्रभाव पर गहन चर्चा-परिचर्चा की।

## सीएमएस कानपुर रोड कैंपस के मेधावी छात्र सम्मानित



**लखनऊ।** सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस द्वारा विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में मेधावी छात्रों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। अपने अभूतपूर्व सम्मान से छात्र गद्गद् नजर आये जबकि अभिभावकों ने जोरदार तालियां बजाकर छात्रों की प्रतिभा को सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर व सीनियर सेक्शन के उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर में विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद की प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

# लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों को वैचारिकी से जवाब देना हैः उदय प्रताप

● समाजवादी विचारक मधु लिमये का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वतंत्रता** संग्राम सेनानी एवं समाजवादी विचारक मधु लिमये का जन्म शताब्दी समारोह शनिवार को गांधी भवन के करन भाई सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली के पूर्व विधायक और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रहे राजकुमार जैन ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान और अभिव्यक्ति की आजादी पर हो रहे हमलों पर गहरी चिंता जताई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मीसा बंदी एवं पूर्व विधायक राजकुमार जैन ने कहा कि मधु लिमये ने साम्प्रदायिकता के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए समाजवादी आन्दोलन के लिए संघर्ष किया और आगे बढ़ाया। मधु लिमये कार्यकर्ताओं के खिलाफ होने वाली जुल्म ज्यादती के खिलाफ चट्टान की तरह खड़े रहते थे। आज हम लोगों को मधु लिमय का ऋण चुकाना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, हिन्दी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने अपनी कविताओं के माध्यम से देश के वर्तमान हालात पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता तीनों एक दूसरे के पूरक है। वर्तमान सत्ता तीनों पर हमला कर रही है। लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों को वैचारिकी से जवाब देना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई है। चुनाव उसमें एक पड़ाव है। आज देश में समाजवादी विचारधारा के पास अखिलेश यादव से बड़ा कोई दूसरा नेता नहीं है। सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया, आचार्य नरेन्द्र देव और मधु लिमये तथा मुलायम सिंह यादव ने जिस समाजवादी आन्दोलन और विचारधारा को आगे बढ़ाया, उसका नेतृत्व अखिलेश यादव कर रहे हैं। कम्यूनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने की मुहिम को मजबूती देनी होगी।

# एचएफआई ने चलाया शाकाहार संकल्प अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**श्री** कृष्णचेतनावतार देवी मां कुसुम जी का पावन जन्मोत्सव शाकाहार दिवस इंदिरा नगर लखनऊ स्थित शक्तिपीठ सत्य मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में इंदिरा नगर स्थित भूतनाथ मार्केट में लखनऊ वाणी परिवार के सदस्यों ने 'शाकाहारी बनो' संकल्प अभियान चलाया जिसमें अनेक लोगों ने मीट मांस त्याग कर आजीवन शाकाहारी रहने का संकल्प लिया।

अयोध्या रोड स्थित तिवारीगंज में असहाय असमर्थ पशु पक्षियों की चिकित्सा के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ पशु चिकित्सक ने सड़क पर घूमने वाले अनेक पशुओं का इलाज किया और मुफ्त दवाएं भी वितरित की। ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने उदय गंज में जनमानस की सुरक्षा को देखते हुए सड़क पर रहने वाले अनेक श्वानों को रेबीज की वैक्सीन लगाई । इसके अतिरिक्त मांसाहार से हो रही बीमारियों को दृष्टिगत रखते



हुए तथा वातावरण को प्रदूषण मुक्त करने एवं समाज में स्वस्थ जीवन शैली के लिए आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम एवं दिव्य शक्ति योगीराज अभिनव महाराज के नेतृत्व में वाणी समिति एवं ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने भारतवर्ष के अनेक शहरों में जैसे दिल्ली, आगरा, जयपुर, ग्वालियर, अयोध्या, बनारस, पटना, पुणे, पंजाब, राजस्थान, बेंगलुरु आदि में जन जागरण अभियान चलाकर मांसाहार छोड़ने के लिए प्रेरणा दी जिसमें सैकड़ों लोगों ने आजीवन शाकाहारी रहने का संकल्प लिया।

# प्रत्येक बच्चे में होता है नया कर दिखाने का जज्बाः डॉ. गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएमएस** गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी व डा. भारती गांधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए डा. जगदीश गांधी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कुछ नया कर दिखाने का जज्बा होता है। आज का बालक एक वैज्ञानिक युग में जी रहा है। विज्ञान की तेज प्रगति व विश्वव्यापी सोच ने प्रत्येक बालक में कुछ नया कर दिखाने का जज्बा भर दिया है। यदि इन्हें सही समय पर उचित शिक्षा व जीवन मूल्य प्रदान किये जायें तो यही बच्चे आगे चलकर देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करेंगे।




इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने ईश्वरीय भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। छात्रों द्वारा प्रस्तुत विश्व संसद की अनूठी प्रस्तुति को भी सभी ने सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर में विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद की प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) की वरिष्ठ प्रधानाचार्या मंजीत बत्रा ने कहा कि सी.एम.एस. एक अलग तरह का स्कूल है। यहां छात्रों के सपनों को नये पंख दिये जाते हैं और उनकी कल्पना शक्ति को विकसित कर सच्चाई में परिवर्तित किया जाता है। प्रधानाचार्या संगीता बनर्जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सचिव, ग्राम पंचायत की तैनाती अब क्लस्टर के अनुरूप की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की 58189 ग्राम पंचायतों को 15720 क्लस्टर में रखा गया है तथा सचिव, ग्राम पंचायत की तैनाती क्लस्टर के अनुरूप किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में प्रत्येक क्लस्टर की ग्राम पंचायतों के प्रधान, सचिव एवं पंचायत सहायक को ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा के अन्तर्गत सोलर रूफ टॉप एवं सौर ऊर्जा संयन्त्र की स्थापना, ई ग्राम स्वराज पीएफ एमएस एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से जनसेवाएं विषय पर 21 फरवरी से 18 अप्रैल 2023 के मध्य रिफ्रेशर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है।

यह जानकारी प्रवीणा चौधरी संयुक्त निदेशक पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान ने दी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रशिक्षण दो पाली में निरन्तर आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक पंचायती राज ने बताया कि 24 मार्च 2023 तक 45 जनपदों के प्रधानों, पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों को सम्मिलित करते हुए लगभग 78000 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी जा रही है कि किस प्रकार ग्राम सचिवालय से ग्रामीण जनसामान्य को पंचायत सहायक जिसको की विलेज लेवल इंटरप्रेन्योर के रूप में शासन द्वारा अधिकृत किया गया है, के माध्यम से ऑनलाइन सेवायें दी जानी है। अतिरिक्त सत्रों द्वारा ग्राम सचिवालयों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अक्षय ऊर्जा के रूप में सौर छत प्रणाली को स्थापित करने की जानकारी देने के साथ-साथ भुगतान हेतु ई ग्राम स्वराज एवं पीएफ एमएस की जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

# यूपी में भी एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की कांग्रेस ने उठाई मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राहुल गांधी की संसद सदस्यता के निरस्तीकरण व लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन आदि मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस मौके पर मुख्य वक्ताओं ने राजस्थान सरकार द्वारा पारित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश में भी लागू कराने के लिए प्रदेश सरकार से मांग की है।

बैठक की अध्यक्षता विभाग के चेयरमैन नितिन मिश्रा ने की। बैठक में प्रमुख रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विभाग के वाइस चेयरमैन अशोक कुमार द्वारा किया गया। समीक्षा बैठक



में प्रदेश के सभी गणमान्य अधिवक्ता तथा प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त कर भावी वैधिक योजनाओं पर विचार करते हुए नौजवान अधिवक्तागणों का आह्वान किया। न्यायिक सुधार पर अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता उसकी धुरी है न्यायपालिका निष्पक्ष हो इसके लिए अधिवक्ता आवश्यक न्यायिक सुधार के कार्यरत रहेगा। अधिवक्ता समाज लोकतांत्रिक मूल्यों या संघर्ष के लिए राहुल गांधी के साथ हैं। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही मनमानी तथा संविधान एवं लोकतंत्र की हत्या की साजिश पर ध्यान आकर्षित करना रहा। मुख्य वक्ताओं में विभाग के महासचिव अमानुर रहमान, अशोक सिंह, कमलेश शर्मा, रघुवीर सिंह, जगदम्बिका चतुर्वेदी, गोपाल कृष्ण, ओमप्रकाश तथा अन्य रहे जिन्होंने अपने व्यक्तयवों के माध्यम से पूरे सभागार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

बैठक में विभाग के उपाध्यक्ष एडवाकेट अनस खान, अजहर फैज खान, वीके शुक्ला, रमेश, मनीष दीक्षित, रमाकांत मिश्रा, शिव प्रसाद, रविन्द्र सिंह, लखनऊ जिलाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी, अजीत कुमार मिश्रा, शिव प्रसाद, दीन दयाल शर्मा, अवध बिहारी, अभिषेक यादव, संतोष गौतम, मनोज कुमार शाक्य, दिलीप कुमार मिश्रा, सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गायत्री पर दुराचार का आरोप लगाने वाली महिला की धोखाधड़ी में जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ (विसं)।** धोखाधड़ी के मामले में निरुद्ध चित्रकूट की एक महिला की जमानत याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। इसी महिला ने गायत्री पर दुराचार का आरोप लगाया था। 17 सितम्बर 2020 को इसके खिलाफ गायत्री की कम्पनी के पूर्व निदेशक बृज भुवन चौबे ने थाना गोमनी नगर विस्तार में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में गायत्री प्रजापति भी मुल्जिम है। सरकारी वकील के मुताबिक दुराचार के उस मुकदमे में गायत्री के पक्ष में बयान देने के लिए खरगापुर स्थित बृज भुवन की पत्नी के नाम की जमीन धमकी देकर इसके नाम करा दी गई। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने इस महिला का जमानत याचिका खारिज कर दी है। एकल पीठ ने कहा है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि इसने ने वादी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और करोड़ो की जमीन अपने नाम करा ली। वो जमीन पर कब्जा नहीं मिलने पर उसे धमकी भी देती रही।

# जल्दबाजी में राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करना दुर्भाग्यपूर्णः फतेह बहादुर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सामाजिक** संस्था बहुजन भारत के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक संस्था मुख्यालय पर हुई। बैठक में पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की अनदेखी पर चिंता जताई गयी। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष कुंवर फतेह बहादुर ने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी सभा में राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर दायर मानहानि के मुकदमें में गुजरात के सूरत की अदालत द्वारा 23 मार्च 2023 को दिए अपने फैसले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई गयी। 24 मार्च को लोकसभा सचिवालय द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी गयी। ऐसे महत्वपूर्ण प्रकरण में इतनी जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अत्यंत दुर्भायपूर्ण है जिसे लेकर आम जनता भी प्रश्न चिन्ह लगा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की संसद से सदस्यता समाप्त किये जाने को लेकर भाजपा के नेता अब ये कह रहे हैं कि राहुल गांधी ने पिछड़ा वर्ग के लोगों का अपमान किया है। यह मामला चार साल पुराना है, उस समय भाजपा नेताओं को राहुल गांधी द्वारा पिछड़ा वर्ग और वंचितों का अपमान करने की बात क्यों नहीं याद आई। उनका कहना है कि यदि भाजपा सरकार वंचितों और पिछड़ा वर्ग की वास्तविक हितैषी है तो उसे पिछड़ा वर्ग की जाति के आधार पर गणना का विरोध छोड़कर तत्काल इन वर्गों की जातीय जनगणना शुरू करा देनी चाहिए और इनकी संख्या के अनुपात में इन वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाए। संस्था के महासचिव चिंतामणि ने अध्यक्ष के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि पिछड़े वर्गों को संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकारों को दिलाकर उनकी जनसंख्या के हिसाब से इन वर्गों की भागीदारी व हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के जातिगत जनगणना कराया जाना इनके हित में है कि न्यायालयों से भी इन्हें न्याय मिल सके।

# पूरे प्रदेश में अब भयमुक्त माहौल : डॉ. तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





- योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल की 1 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां
- काशी आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूप से वैश्विक मंच पर अपना वैभव बिखेर रही है-डॉ नीलकंठ तिवारी
- ओडीओपी के लाभार्थियों को टूलकिट वितरण किया गया
- विधानसभावार शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं विषयक सूचना विभाग से प्रकाशित पुस्तिका का विधिवत विमोचन किया गया

**योगी** आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल के 1 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी के विधायक डॉ0 नीलकंठ तिवारी ने शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में प्रेस-प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की योगी सरकार ने बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दिया है। काशी आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूप से वैश्विक मंच पर अपना वैभव बिखेर रही है। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का भय मुक्त माहौल बना है। अपराधी अपराध करना तो दूर अपराध करने को सोच भी नहीं सकते। काशी विश्वनाथ धाम में एक वर्ष में 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आये। प्रदेश में 30 से 40 फीसदी जीएसटी बढ़ी। उन्होंने बताया कि वाराणसी शहर सहस्त्र वर्षो से भारत का विशेषकर उत्तर भारत का सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक केन्द्र रहा है। जनपद का चहुँमुखी विकास कार्य प्रगति पर है। पिछले 08 वर्षो में जनपद में कुल 1243 परियोजनायें 17822.68 करोड़ की लागत से पूर्ण करायी जा चुकी हैं। वर्तमान में रू0 50 लाख से अधिक लागत वाली लगभग 364 परियोजनायें रू0 11842.33 करोड़ धनराशि की निर्माणाधीन हैं।

पर्यटन एवं सौन्दर्यीकरण कार्य के अन्तर्गत रू0 72.63 करोड़ की लागत से सारनाथ बौद्ध सर्किट का विकास, रू0 39.20 करोड से पंचक्रोसी परिक्रमा यात्रा कंदवा, भीमचंडी, रामेश्वर, शिवपुर एवं कपिलधारा पड़ाव का विकास, रू0 24.32 करोड़ की लागत से पावन पथ का निर्माण कार्य तथा रू0 27.33 करोड़ की लागत से पुरानी काशी के चेतगंज वार्ड, हबीबपुरा वार्ड, पियरीकला वार्ड व पानदरीबा वार्ड की गलियों के पर्यटन विकास का कार्य प्रमुख रूप से गतिमान है। चिकित्सा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 506419 लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड एवं 144658 मरीजों का इलाज कराया गया। 54411 गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित कराया गया। 78877 बच्चों को टीकाकृत किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत 193132 लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाया गया तथा 18421 का इलाज किया गया। इसी के साथ ही सारनाथ में रू0 6.73 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का कार्य पूर्ण कराया गया। रू0 13.91 करोड़ की लागत से अक्षयपात्र फाउण्डेशन के मिड-डे-मिल मिल किचन का निर्माण कराया गया। 273583 छात्र, छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित करायी गयी व 246390 छात्र, छात्राओं को डी.बी.टी. के माध्यम से धनराशि अंतरित की गयी। खेल को प्रोत्साहित करने हेतु स्टेडियम, छात्रावास, ट्रैक, शूटिंग रेंज, दर्शक दीर्घा का निर्माण कराया जा रहा है। रू0 4.69 करोड़ का बाढ़ कृषि निवेश अनुदान 12293 व्यक्तियों को वितरित किया गया। 10988 व्यक्तियों को कम्बल वितरण व 4215 बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न वितरण किया गया। उन गरीबों को जिनकी बेटियों की शादी धनराशि के अभाव में नहीं हो पाती है उनमें से 1768 जोड़ो का विवाह कराया गया। 18482 कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या

उन्होंने बताया कि इस प्रकार जहाँ एक ओर अवस्थापना सुविधाओं का विकास तेजी से कराया गया है, वहीं दूसरी तरफ शिक्षा, श्रम, रोजगार, चिकित्सा आदि सेवा क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे वाराणसी जनपद का विकास नई ऊंचाईयों को प्राप्त कर रहा है। इस दौरान दीनानाथ गुप्ता, अजय सिंह, रामबाबू गुप्ता, रोशनलाल, छोटू सिंह, बैभव विश्वकर्मा, भरत सिंह, अनुराधा सिंह, अजय सेठ व शंकर प्रसाद सहित 10 लाभार्थियों को ओडीओपी योजना अंतर्गत टूल किट का वितरण किया। इससे पूर्व वाराणसी के सभी आठों विधानसभावार शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं विषयक सूचना विभाग से प्रकाशित पुस्तिका का विधिवत विमोचन किया गया।

## चिकित्सकों ने चिकित्सा शिविर में भाग लिया दी मुफ्त सलाह


**वाराणसी।** बीते रविवार, यहां लुक्सा इलाके में स्थित झूलेलाल मंदिर में मुफ्त चिकित्सा-शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उजाला सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वाराणसी से 3 चिकित्सकों ने भाग लिया और कुछ बीमारियों और स्वास्थ्य-समस्याओं के बारे में मुफ्त परामर्श दिया। इस शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से खेमचंद फाउंडेशन की ओर से स्वर्गीय डॉ. चंद्रमल सुखवानी की स्मृति में किया गया था। इस दौरान आंखों की जांच और चश्मों के वितरण के अतिरिक्त मुफ्त स्वास्थ्य-जांच, ब्लड-शुगर जांच, ईसीजी और ब्लड-प्रेशर की जांच भी की गई। उजाला सिग्नस हॉस्पिटल से डॉ. आंचल अग्रवाल जैन (गायनो), डॉ. दीपक राय (ऑर्थो) और डॉ. रश्मि सिंह (त्वचा) ने मरीजों की जांच की और कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को मुफ्त परामर्श दिया।

## महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास

**वाराणसी।** भारत में किसानों की आजीविका सुधारने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए वॉलमार्ट फाउंडेशन ने बुधवार को आज अपनी नई पंचवर्षीय रणनीति की घोषणा की। इसका उद्देश्य 2028 तक 10 लाख छोटे किसानों तक पहुंचना है, जिनमें कम से कम 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी।

# काशी के कोतवाल की श्रृंगार देखकर श्रद्धालु हुए अभिभूत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**काशी** के कोतवाल श्री 1008 बाबा कालभैरव का वार्षिक श्रृंगार महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को बाबा के मंदिर प्रांगण से लगायत विशेश्वरगंज चौराहे तक, इधर जनतबर तक, उसके बाद चौराहे से लगायत भुतई इमली से झालरों एवं विभिन्न सुगन्धित फूलों से सजाया गया था। इस अवसर पर बाबा काशी के कोतवाल की नैनाभिराम झांकी सजायी गयी थी। श्रृंगार महोत्सव के अवसर पर मंदिर के महंत पं0 सुमित उपाध्याय ने अलसुबह पांच बजे बाबा को पंचमेवा स्नान एवं नवीन वस्त्र धारण कराकर मनमोहन झांकी सजाकर मंदिर का कपाट भक्तों के लिए गया था। बाहर से हजारों व काशी के श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन सुबह से लेकर देर तक दर्शन-पूजन कर पुण्य का लाभ अर्जित किए। इसके साथ ही मध्याह्न 12 से भैरोनाथ चौराहे पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था जिसमें बाहर से आए श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद पाकर अपने के धन्य महसूस किया। मंदिर के पूर्व महंत स्व0 प्रदीप नाथ उपाध्याय को मंदिर प्रांगण में सुमित उपाध्याय सहित सैकड़ों पुजारियों ने उन्हें पुण्य अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दोपहर आरती के बाद बाबा को नई रजत मुखौटा लगाकर भव्य स्वरूप झांकी सजायी गई। विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल एवं पकवान, मदिरा भोग लगाकर महाआरती कर पुन: कपाट खोला गया।कपाट खुलते ही हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे से समूचा क्षेत्र कोतवालमय हो गया जो देर रात तक श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किए। अपराह्न 4 बजे से चारों वेदों की ऋचाओं से बाबा की वसंत पूजा की गई।

## क्विक न्यूज

### बनारस में पच्चीस तारीख को लीवर ट्रांसप्लांट ओ.पी.डी.

**वाराणसी।** नई दिल्ली स्थित प्रसिद्ध अस्पताल, आकाश हेल्थकेयर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं वाराणसी स्थित,ओरियाना अस्पताल, लेकर आये है लिवर ट्रांसप्लांट ओ.पी.डी. आपके शहर वाराणसी में ओ.पी.डी. का आयोजन ओरिआना अस्पताल में पच्चीस मार्च 2023 को सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक होगा। डॉक्टर आशीष चौधरी ने कहना है की हमें इस बात से काफी संतुष्टि मिल रही है कि हम वाराणसी के लोगों तक भी सेवाएं पहुंचा पाएंगे।

### युवक ने महिला से छीने पांच हजार व सोने की कील

**खीरों (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के गांव सुर्जखेड़ा मजरे लोदीपुर में शुक्रवार की रात एक युवक ने एक महिला को मारपीट कर उसकी नाक की कील और पांच हजार रुपए नकद छीन लिए। पीड़िता ने खीरों पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सुर्जखेड़ा मजरे लोदीपुर निवासिनी सावित्री देवी पत्नी सूर्जपाल ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि शुक्रवार की रात उसके घर में बच्चे का जन्मदिन कार्यक्रम चल रहा था । इसी दौरान रात लगभग दस बजे पुरानी रंजिश के कारण उसके गांव के छोटेलाल पुत्र बचानी उसके दरवाजे आकर गाली देने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया तो छोटेलाल ने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट के दौरान छोटेलाल ने उसकी नाक की कील और ब्लाउज में रखी पर्स सहित पांच हजार रुपए नकद छीन लिए। आसपास के लोगों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है । जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता कर सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट एवं मीरजापुर के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी के मीरजापुर आगमन पर पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल एवं नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने स्वागत किया। इसके पश्चात मंत्री जी ने उत्तर प्रदेश सरकार के 6 वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इसके पश्चात जिला कलेक्ट्रेट मीरजापुर मे मंत्री जी एवं विधायकगण उत्तर प्रदेश सरकार के तरफसे एक पुस्तक का विमोचन किया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कराए गए जन कल्याणकारी योजनाओं का विवरण है, उसको आम जन तक पहुंचाने के लिए किया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नोजिया, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी बीएसए जिला सूचना अधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जामो, अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व श्नशा मुक्त अमेठी अभियानश् को उ0नि0 हरदेव बहादुर सिंह थाना जामो मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तुए वाहन के दौरान अभियुक्त आजाद बाबू पुत्र नूर बाबू निवासी अजबगढ़ थाना जामो जनपद अमेठी को ग्राम बलभद्रपुर के पास से समय करीब 10ण्15 बजे गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से कुल 55 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### आवारा मवेशियों के झुंड से टकराकर युवक की मौत

**लालगंज रायबरेली।** आवारा मवेशियो के झुंड से टकराकर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। घटना से परिजनो में कोहराम मच गया। क्षेत्र के पूरे नवल गांव निवासी देशराज पाल देर रात बाईक से कही जा रहे थे तभी बेनीमाधवगंज चौराहे के पास से गुजर रहे मवेशियों के झुंड से टकरा गये। कई मवेशियो की टक्कर से उसे गंभीर चोटें आई है जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना से परिजनो में चीख पुकार मच गई। जिसके बाद घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

### राज्यमंत्री का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज

**अमेठी।** राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विधायक तिलोई मयंकेश्वर शरण सिंह जी का 26 मार्च को जनपद आगमन कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री जी 26 मार्च को लखनऊ से प्रस्थान कर अपराह्न 12ण्30 बजे राजभवन तिलोई, अमेठी पहुचेंगे तथा अपराह्न 18ण्00 बजे रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड जामो रोड गौरीगंज, अमेठी में राज्यमंत्री जी अमेठी महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे, उसके उपरान्त राज्यमंत्री जी अपरान्ह 20ण्30 बजे राजभवन तिलोई, अमेठी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### प्रधान समेत ग्रामीणों ने आवासीय पट्टा निरस्त करने की मांग की

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिलौली के ग्राम प्रधान समेत कई अन्य ग्रामीणों ने आवासीय पट्टा निरस्त करने की मांग से की है। ग्राम पंचायत चिलौली के प्रधान शंकर देव साहू, प्रवीण पांडे, पवन यादव, रवि यादव, श्यामू यादव, सुनील पासी, धर्मराज, श्रवण यादव आदि ने आईजीआरएस पर की शिकायत में लिखा है कि ग्राम पंचायत के पूरे गोसाईं मार्ग पर ग्राम सभा की सुरक्षित परती भूमि है जिस पर त्रिवेनी प्रजापति द्वारा फर्जी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। जबकि उक्त भूमि का कभी भी भूमि प्रबंधन समिति द्वारा पट्टा नही किया गया है। तत्कालीन उपजिलाधिकारी तिलोई शिवानी सिंह द्वारा किए गए सभी आवासीय पट्टे न्यायालय द्वारा निरस्त किए जा चुके है फिर भी लाभार्थी महिला त्रिवेनी प्रजापति द्वारा अपना मालिकाना हक़ जताते हुए बदस्तूर निर्माण कार्य जारी कर रखा है।

### कंपनी के कर्मचारी ने मजदूर को पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार में स्थित एनटीपीसी परियोजना में प्राइवेट कंपनी के एक कर्मचारी ने कंपनी में काम कर रहे मजदूर को बिना किसी कारण पीट दिया। मजदूर देवराज एवं घनश्याम ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बिना किसी कारण एवं बिना किसी रंजिश के मारपीट करने लगे। मजदूर के मुताबिक वह पेंटिंग का कार्य एनटीपीसी ऊंचाहार आवासीय परिसर में करता है युवक की बात ना मानने पर जबरन पिटाई कर दी गई उपरोक्त प्रकरण में कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा लिखा गया है उचित कार्यवाही होगी ।

## प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का होगा हर सम्भव प्रयास : हरदीप सिंह पुरी



**सोनभद्र।** विशिष्ट स्टेडियम तियरा में आयोजित पी0एस0पी0बी0 तीरंदाजी चार दिवसीय प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने तियरा स्टेडियम में पहुच कर सर्व प्रथम वृक्षारोपण करनें के पश्चात प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेता खिलाड़ियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह मेरे लिए बहुत हर्ष की बात है कि जिस जनपद सोनभद्र को मैने गोद लिया है उस जनपद में जिला तीरंदाजी संघ द्वारा दुसरी बार पी0एस0पी0बी0 तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 22 मार्च से 25 मार्च, 2023 तक चला इस प्रतियोगिता में केवल सोनभद्र ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के लोगो को तीरंदाजी प्रतियोगिता के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियो को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होने कहा कि इस तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी जनपद का नाम प्रदेश में ही नही बल्कि देश व अन्र्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके राष्ट्रीय स्तर पर अपने जनपद का नाम रोशन करेगें। उन्होने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री का यह संदेश है कि खेलेगा इंडिया तभी तो बड़ेगा इंडिया प्रधानमंत्री के इस संदेश को आगे बढ़ाना है और जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका देकर उन्हें आगे बढ़ाने का हर सम्भव प्रयास करना है।

## आज एआरटीओ कार्यालय राजस्वहित के लिए रहेगा खुला

**रायबरेली।** जनपद के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) आर0के0 सरोज ने बताया कि परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में राजस्वहित में 26 मार्च 2023 को कार्यालय खुला रहेगा। कार्यालय में राजस्व वसूली सम्बन्धित समस्त कार्य व प्रवर्तन कार्यवाही में बंद/चालान की गयी वाहनों को प्रशमित व अवमुक्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने राजस्वहित में वाहन स्वामियों से कहा है कि वे अपने वाहनों के प्रति देय बकाया कर की अदायगी करें तथा बकाया वाहनों के स्वामी जो अपनी वाहनों का बकाया कर जमा करना चाहते है उनकी समस्याओं के दृष्टिगत राजस्वहित में देय शास्ति (पेनाल्टी) में नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी।

# सरकार कर रही सोनभद्र का चौमुखी विकास

संवाददाता। सोनभद्र



**कलेक्ट्रेट** सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया, इस अवसर पर विधायक सदर भूपेश चौबे, राज्य सभा सांसद राम शकल, सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक दुद्धी राम दुलार गौंड़, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0जी0 यादव सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक भूपेश चौबे ने कलेक्ट्रेट में आयोजित 06 वर्ष सुशासन विकास रोजगार डबल इंजन की सरकार नामक विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। सदर विधायक सदर भूपेश चौबे ने कहा कि सुशासन विकास और रोजगार के साथ डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से देश, प्रदेश व जनपद का चौमुखी विकास कर रही है, उन्होंने कहा कि जैसे देश का ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश है, वैसे ही उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन जनपद सोनभद्र है। जनपद सोनभद्र देश के अति पिछड़े 112 जनपदों की श्रेणी में विकास के मामले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है, उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र में एक वर्ष में 633.93 लाख की धनराशि से श्याम प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तर्गत चेरुई, पल्हारी एवं कोदई में 03 बन्धियों का निर्माण तथा ग्राम पंचायत के 20 स्थलों पर सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य कराया गया। 15623.73 लाख की धनराशि से जिला खनिज फाउण्डेशन न्याय द्वारा जनपद में विभिन्न निर्माण कार्य कराया गया।

## मंदिर में चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों जताया विरोध

**सकलडीहा/चन्दौली।** पुलिस की लाख कवायद के बाद भी चोरी की घटना पर विराम नही लग रहा है। शनिवार को सुबह ओड़वली गांव के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सहित दो अन्य मंदिर पर चोरी घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने चोरी की घटना पर विराम लगाने की मांग को लेकर विरोध जताया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। ओड़वली गांव में दक्षिण मुखी लेटे हुए हनुमान जी की प्राचीन मंदिर है। इसके अलावा गांव के काली माता मंदिर और शंकर मंदिर है। चोरों ने तीन मंदिर में घुसकर दानपेटिका से लेकर गदा सहित अन्य सामान व नगदी लेकर चंपत होगये। सुबह घटना की जानकारी होने पर भक्तों में आक्रोश फैल गयी। इसके पूर्व में अम्बेडकर बस्ती के आगनबाड़ी और टिमिलपुर में ट्रैक्टर की बैटरी चोरी होगयी थी। आये दिन चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया। चोरी की घटना पर रोक लगाने की मांग को लेकर विरोध जताया। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि चोरी की घटना की जांच किया जा रहा है। इस मौके पर विरोध जताने वालों में पुजारी अशोक कुमार, सूरज सेठ, श्रीकांत राय, रामजनम, मुरली,दीपक, मुन्नी सहित अन्य मौजूद रहे।

## नकदी और आभूषण सहित विवाहिता युवती प्रेमी संग फरार

**खीरों रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव बरवलिया से एक विवाहिता युवती अपने मायके से पच्चीस हजार नकद और लगभग पांच लाख से अधिक कीमत के सोने चांदी के आभूषण लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। विवाहिता युवती के पिता ने तीन नामजद लोगों के विरुद्ध खीरों पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बरवलिया निवासी महेश ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी सीमा की शादी लगभग चार वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र भदोखर के गांव शैदनपुर निवासी अनिल कुमार के साथ हुई थी। उसके गांव के उदय राज और उसकी पत्नी रेनू के सहयोग से लालगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मखदूमपुर निवासी दिलीप कुमार के साथ उसकी बेटी सीमा घर में रखे पच्चीस हजार रुपए नकद व पांच लाख से अधिक कीमत के सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गई है।

## विश्व टीबी दिवस के अवसर पर सिलाई मशीन का हुआ वितरण



**मिर्जापुर।** विश्व टीबी दिवस के दूसरे दिन जीएसबी सेवा समिति के द्वारा जलालपुर गांव में तीन सिलाई मशीन के वितरण के साथ ही एक टीबी मरीज का गोद को भी गोद लिया गया। इस आशय की जानकारी संस्था की प्रबन्धक फरिहा खान ने दी। जीएसबी सेवा समिति की प्रबन्धक ने बताया कि टीबी दिवस के दूसरे दिन जलालपुर गांव में लोगों को टीबी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया और इसके साथ ही टीबी के मरीज को भी गोद लिया गया है और अगले छह माह तक उसके पोषण सम्बन्धी खाद्य पदार्थो की जिम्मेदारी ली और कहा कि यदि कोई और मिलता है तो उसे भी संस्था के माध्यम से सहयोग किया जायेगा। इसके साथ तीन लड़कियों को सिलाई मशीन भी दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आये हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान के लिए विभाग के द्वारा प्रशस्ति पत्र के लिए शासन को नाम भेज दिया गया है और आदेश मिलते ही इनको विभाग द्वारा भी सम्मानित करने के साथ ही सम्पूर्ण सहयोग करने का आवश्वासन दिया।

# महिला कल्याण राज्यमंत्री ने ईट राइट मेला का फीता काटकर किया शुभारम्भ



संवाददाता। रायबरेली

**उत्तर** प्रदेश के महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मा0 राज्यमंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा आज राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित ईट राइट मेला का फीता काटकर शुभारम्भ किया।मा0 राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि भारत में विभिन्न प्रकार के मिल्लेट्स अन्न पाए जाते है। उन्होंने कहा कि यह छोटे बीज वाली कठोर फसलें, कम वर्षा वाले क्षेत्रां में आसानी से विकसित हो सकती है। उन्होंने कहा कि मिल्लेट्स की फसल 65 दिनों में तैयार हो जाती है। जिसका उपयोग 2 वर्ष तक आसानी से किया जा सकता है। अलग अलग प्रकार के मिल्लेट्स अन्न का सेवन करना सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।

उन्होंने कहा कि मिल्लेट्स पोषण सम्बन्धी लाभ के बारे में बताया कि मिल्लेट्स फाइबर, प्रोटीन, लौह पदार्थ (आयरन), कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, विटामिन बी आदि के अच्छा श्रोत है।

## ग्रामीणों ने राजमार्ग पर शव रखकर तीन घंटे तक पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता। ऊंचाहार

**घर** से संदिग्ध अवस्था में गायब हुए युवक का शव कानपुर में मिलने के मामले में पुलिस की निष्क्रियता के विरुद्ध शनिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूटा है । सुबह कानपुर ऊंचाहार राजमार्ग पर शव रखकर ग्रामीणों ने राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस के विरुद्ध तीन घंटे तक जमकर नारेबाजी करते रहे। पुलिस ने अंत में मामला दर्ज करने का आश्वासन दिया तब जाकर ग्रामीण शांत हुए है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव गन्धपी मजरे रामसांडा का है। गांव के रहने वाले राधेश्याम का बेटा संतोष कुमार ;22 वर्षद्ध बुधवार की रात अपने घर के सामने सो रहा था। रात में अचानक वह संदिग्ध अवस्था में घर से गायब हो गया। देर रात उसका शव कानपुर महानगर के चकेरी में मिला है ।ग्रामीणों का आरोप है कि युवक का अपहरण करके उसकी हत्या की गई है। इसके बाद शनिवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने ऊंचाहार कानपुर राजमार्ग के जमुनापुर चौराहा पर शव रखकर राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। राजमार्ग अवरुद्ध होने के बाद प्रशासन के हाथ पांव फूल गए ।मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया है। लेकिन ग्रामीण अधिकारियों के एक भी सुनने को तैयार नहीं थे ।ग्रामीणों का कहना है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करके तत्काल कार्रवाई की जाए।

मृत युवक के पिता का कहना है कि घटना को चार दिन बीत चुके हैं। इसके बावजूद पुलिस आज तक उनके घर छानबीन तक करने नहीं पहुंची है ।पुलिस का यह रवैया अपराधियों को बढ़ावा दे रहा है।

## साईबर ठगी की शिकार महिला के पैसे नही मिल सके

**लालगंज रायबरेली।** पुलिस से शिकायत के बाद भी साईबर ठगी की शिकार महिला के पैसे नही मिल सके। आयेदिन हो रही साईबर ठगी की घटनाओं से खाताधारको में खातो से पैसे गायब होने का डर सता रहा है। मामले में सख्त कार्रवाई न होने से आयेदिन इस प्रकार की घटनायें हो रही है। सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे सिद्वा मजरे पहुरी गांव निवासिनी ज्योति तिवारी पत्नी मुकेश ने बताया कि उसका बेहटा गांव स्थित केनरा बैंक में खाता है। जिससे बीती 1 मार्च को साईबर ठगो ने कई बार में 75000 से अधिक रूपये पार कर दिये। पीडिता का आरोप है कि घटना के बाद उसे सरेनी व लालगंज थाने के कई चक्कर कटाये गये लेकिन उसकी तहरीर नही ली गई जिसके बाद उसने मामले की शिकायत जिला मुख्यालय स्थित साईबर सेल में की है। एक पखवारा से अधिक समय बीतने के बावजूद भी उसके पैसे वापस नही मिल सके है।

# प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक की

संवाददाता। अमेठी



**राज्यमंत्री** स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासनध्जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव जी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ जिला योजनाए शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, कानून व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री जी ने जिला योजना अंतर्गत वर्ष 2020.21, 2021.22 व 2022.23 में शासन से स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा किए गए व्यय के संबंध में विभागवार समीक्षा किया। जिसमें वर्ष 2021.22 में जिला योजना अंतर्गत शासन द्वारा जनपद का कुल परिव्यय रुण् 55635.20 लाख निर्धारित किया गया था जिसके सापेक्ष कुल रूपए 26127.16 लाख विभिन्न विभागों द्वारा व्यय किया गया। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2021.22 में रुपए 55480.12 लाख अनुमोदित परिव्यय के सापेक्ष रूपए 34216.22 लाख का विभिन्न विभागों द्वारा किया गया।

वित्तीय वर्ष 2022.23 हेतु शासन द्वारा गत वर्षों की भांति विभिन्न विभागों को जिला योजना के अंतर्गत रूपए 55968 लाख की धनराशि का परिव्यय निर्धारित किया गया है जनपद की जिला विकास योजना तैयार करने के उपरांत कुल परिव्यय रुपए 55968 लाख में पुनर्गठित केंद्र पुरोनिधानित योजनाओं का केंद्रान्श रुण् 19117.74 लाख है, कुल परिव्यय में पूंजीगत रूपए 40754.02 लाख तथा रुपए 9275.22 लाख स्पेशल कंपोनेंट प्लान के अंतर्गत प्रस्ताव किया गया है। जिसकी माण् प्रभारी मंत्री ने विभागवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों से भी प्रस्ताव प्राप्त किए जाएं। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री जी ने शासन द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम कर.करेत्तर की समीक्षा किया। जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली।

### अब्बास व निखत के मददगार सपा नेता पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

# फराज के घर कभी भी चल सकता है बुलडोजर




## विकास प्राधिकरण ने 24 घंटे में अवैध निर्माण ध्वस्त करने का दिया परिजनों को अल्टीमेटम

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिला** कारागार रगौली में बंद रहे माफिया डान मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास और बहू निखत की मदद करने वाले सपा नेता फराज खान पर योगी सरकार बडी कार्रवाई करने जा रहीं है। शनिवार शाम चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव ने सपा नेता के पिता मुन्ने खां को 24 घंटे के अंदर अवैध निर्माण का स्वयं ध्वस्त करने का अल्टीमेटम दिया है।शासन-प्रशासन की कार्रवाई से शहर में हड़कंप मचा हुआ है।

पूर्वांचल के माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास व बहू निखत बानो की जिला कारागार में अधिकारियों से साठगांठ कर गैर कानूनी तरीके से मिलन कराने एवं उसके परिजनों की कर्वी शहर मदद करने में अहम भूमिका निभाने वाले चित्रकूट के सपा जिला महासचिव फराज खान के शासन-प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। मुख्तार अंसारी की बहू निखत को चार दिनों तक अपने घर में भी पनाह देने वाले सपा नेता को गिरफ्तार कर लखनऊ जेल भेजने के बाद अब शनिवार को चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने पिता मुन्ने खां को अवैध निर्माण ढहाने का नोटिस दिया है। प्राधिकरण द्वारा दिये गये नोटिस में कहा गया है कि प्राधिकरण से 05मार्च 2002 को बांदा-प्रयागराज मार्ग स्थित द्वारिकापुरी पुरानी बाजार मे सडक सीमा से 35 फीट छोडकर बनाई गई तीन दुकान दर्शाते हुए मानचित्र स्वीकृत करासा गया था।बताया गया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सडक सीमा को कवर करते हुए चार फीट अतिरिक्त निर्माण एवं स्वीकृत मानचित्रपर दशाये गये सेटबैक को कवर करते हुए निर्माण करा लिया गया है,जो अवैध है। प्राधिकरण की सचिव की ओर से जारी नोटिस में सपा नेता के परिजनों को 24 घंटे के अंदर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का अल्टीमेंटम दिया गेया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि उक्त अवैध निर्माण को प्राधिकरण को गिराना पडा तो गिरवाने में आये व्यय को मालगुजारी के रूप में वसूला जायेगा। प्राधिकरण के इस बडी कार्यवाही से मुख्तार के गुर्गे सपा नेता के करीबियों में हडकंप मचा हुआ है।

# एसआई समेत 12 से अधिक पुलिसकर्मियों पर एफआईआर

## दो वर्ष पूर्व हुए पंचायत चुनाव के दौरान एक महिला के घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट और अभद्रता करने का मामला

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की कंधई थाने की पुलिस ने दो वर्ष पूर्व हुए पंचायत चुनाव के दौरान एक महिला के घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट व अभद्रता करने के मामले में एक पुलिस निरीक्षक सहित 12 से अधिक पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंधई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धीरेन्द्र ठाकुर ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने मानवाधिकार आयोग व पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर 2021 में पचांयत चुनाव के दौरान तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज वालिया, उप निरीक्षक शैलेन्द्र तिवारी व सूर्य प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ एक महिला के घर में घुस कर मारपीट, लूटपाट और अभद्रता करने के आरोप में शुक्रवार देर शाम संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की।

एसएचओ ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के राजापुर मुफरिद गांव की साजिदा बेगम ने राज्य मानवाधिकार आयोग, पुलिस महानिदेशक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर आरोप लगाया था कि उसकी रिश्तेदार तजरून निसा जिला पंचायत सदस्य पद के लिए बेलखरनाथ द्वितीय से प्रत्याशी थी, जिसके लिए उनका पुत्र शुजातउल्ला सहयोग कर रहे थे। शुजातउल्ला इलाहबाद उच्च न्यायालय व प्रतापगढ़ दीवानी अदालत में वकालत करते हैं। शिकायत में कहा गया था कि चुनाव के दौरान 19 अप्रैल 2021 को मझानीपुर मतदान केंद्र पर बिना मत डाले मतदाताओं को वापस भेजा जा रहा था, जिसका शुजातउल्ला ने विरोध किया, तो अन्य पक्ष से उसकी कहा सुनी हो गई, जिस पर पुलिस ने शुजातउल्ला के विरुद्ध मामला दर्ज किया। शिकायत में दावा किया गया है कि थाना कंधई के तत्कालीन प्रभारी नीरज वालिया ने 20 अप्रैल 2021 को पुलिस बल के साथ रात में दबिश दी और बिना कुछ पूछे घर का सामान तोड़ने फोड़ने लगे व आलमारी में रखे जेवरात समेटने के बाद उनकी बहू-बेटी से मोबाइल छीन लिया तथा उनके नाबालिग पोते-पोतियों को बिस्तर से उठा कर फेंक दिया। मामले की जांच करने के बाद राज्य मानवाधिकार आयोग, उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा ने अपनी रिपोर्ट सात सितंबर 2021 को बार काउंसिल को प्रेषित की जिसमें नीरज वालिया समेत अन्य पुलिसकर्मी दोषी पाए गए। बार काउंसिल के अध्यक्ष ने भी यह रिपोर्ट तलब की थी। मानवाधिकार आयोग और डीजीपी के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

# लापता युवक का शव झाड़ियों में मिला

**बछरावां** रायबरेली।। गुरबख्श खेड़ा मजरे इसिया गांव के रहने वाले तीन दिनों से लापता भरतलाल का शव विनायकपुर गांव में इंदिरा नहर किनारे झाड़ियों में मिला । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । विनायकपुर गांव में इंदिरा नहर के किनारे स्थित जंगल में बने नाले 35 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। शव मिलने की सूचना पर भरत लाल के परिजन मौके पर पहुंचे । जहां उन्होंने शव की शिनाख्त भरत लाल के रूप में की । भारत लाल (35) पुत्र रामस्वरूप 22 मार्च बुधवार को घर से अपने साथी राम सजीवन के साथ निकला था । काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कहीं पता नहीं चला । तो मृतक के भाई दीपक कुमार ने थाने में तहरीर देकर अपहरण कर हत्या की आशंका जताई थी । मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस युवक की तलाश कर रही थी । लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। प्रातः सुबह विनायकपुर पुल पर एक पर्चा चिपका हुआ मिला । जिस पर मृतक के घटनास्थल का स्थान एवं शव की जानकारी लिखी हुई थी । जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विनायकपुर प्रधान विनोद यादव को दी। सूचना मिलते ही विनोद यादव द्वारा थानाध्यक्ष बछरावां को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मृतक का भाई दीपक कुमार ने मृतक के शव को देखकर भाई के रूप में पहचान की। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं । जिसके बाद शव ले जाते समय हरचंदपुर थाना के पास ग्रामीणों व परजनों ने शव को रोककर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे । मृतक के भाई कहना है कि मेरे भाई भरत की हत्या कर शारदा नहर के किनारे डाल दिया गया । मृतक के शव के ऊपर घास फूस पड़ी हुई थी । जिससे प्रतीत होता है कि मृतक की हत्या कर शव को नहर के किनारे फेंका गया था। मृतक के शव को देखकर प्रतीत होता था कि पीट-पटकर हत्या कर दी गई है। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष नारायण कुशवाहा ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है । संबंधित मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था । जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

**ऊंचाहार.**कोटराबहादुर गंज गांव में गुरुवार की देर रात गोली लगने से हुई किसान की मौत के मामले का पुलिस ने शनिवार को खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## पत्नी की हत्या कर की आत्महत्या

**बलरामपुर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बाद एक व्यक्ति ने शनिवार को अपनी पत्नी की कथित रूप से गला दबा कर हत्या करने बाद पेड़ पर लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि देहात थाना क्षेत्र के बलुआ गांव के रहने वाले हनीफ (52) का अपनी पत्नी जुबैदा (50) से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया जिससे नाराज होकर उसने जुबैदा का रस्सी से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि बाद मे हनीफ ने गांव के बाहर खेत मे लगे एक पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पुत्री की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्वाई की जा रही है।

## सरसों के उत्पादन में वृद्धि के लिए द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया और सॉलिडेरिडाड की पहल

वाराणसी। वर्ष 2025 तक सरसों का उत्पादन 200 लाख टन तक बढ़ाने और तिलहन उत्पादन मेंभारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से देश के शीर्ष खाद्य तेल उद्योगनिकाय 'दसॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया' एवं सॉलिडेरिडाड संस्था द्वारा षसरसो मॉडल फार्म प्रोजेक्टष् का क्रियान्वयन किया जारहा है। सरसों उत्पादन से संबंधित प्राप्त प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, प्रोजेक्ट क्रियान्वयन क्षेत्र में सरसों के उत्पादन में वृद्धि अनुमानित है जिससे 73500 से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। प्रोजेक्टक्रियान्वयन क्षेत्रों मेंकिसानों द्वारा व्यापक रूप में कृषि के वैज्ञानिक तरीके औरउन्नत तकनीकों को अपनाया गया है, जिससे उत्पादन में वृद्धि संभव हो सकी है। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफइंडियाके अध्यक्ष अजय झुनझुनवाला ने कहा कि- इस परियोजना के सफल और सकारात्मक परिणाम हमें इस परियोजना को देशव्यापी स्तरपर क्रियान्वित करने की ओर अग्रसर कर रहे हैं ताकि वर्ष 2025 तक सरसों के उत्पादन को 200 लाख टन तक बढ़ाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

## वर्ष 2022-23 में रिकॉर्ड सरसों का उत्पादन करेगा -एसईए

वाराणसी। भारत में 2022-23 में रिकॉर्ड 115.25 लाख टन रेपसीड-सरसों की फसल उत्पादन का अनुमान है, क्योंकि इसके पीछे पिछले साल लाभकारी कीमतों ने तिलहन के रिकॉर्ड बुवाई को प्रोत्साहित किया। सरसों उगाने वाले राज्यों के अधिकांश हिस्सों में अनुकूल मौसम ने भी अब तक के सबसे अधिक उत्पादन में मदद की है। यह निष्कर्ष इस महीने की शुरुआत में सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफइण्डिया द्वारा किए गए फसल सर्वेक्षण से सामने आया है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल आयातक के रूप में उभरा है, जिससे इसके खजाने के साथ ही किसानों की आय पर भी गहरा असर पड़ा है।

## एप के बिना ही उठाएं सेवाओं का लाभ

कानपुर । गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी नामी कंपनियों के एकाधिकार को चुनौती देने वाले देश के अग्रणी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप बॉबल एआई ने एक ऐसा सुपर कीबोर्ड लांच किया है जिसके ज़रिये आप अपने घरवालों, दोस्तो, सगे.संबंधियो से ऑनलाइन चैटिंग करते हुए भी अपने कीबोर्ड से ही ऑनलाइन खरीदारी के साथ.साथ खाना ऑर्डर करन, ट्रेन टिकट बुक करने, किसी के जन्मदिन या वर्षगांठ पर उन्हें केक या फूल भिजवाने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इन करोड़ों मोबाइल उपभोक्ताओं की ज़िंदगी को आसान बनाने के लिए सुपर कीबोर्ड लांच किया है जिसके ज़रिये मोबाइल एप के बिना ही हमारे यूज़र तमाम तरह की सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

## समाधान दिवस में 9 शिकायतों में 5 का मौके पर निस्तारण

डलमऊ रायबरेली। सरकार की महत्वकांक्षी योजना समाधान दिवस के तहत लगातार पीड़ित फरियादियों को न्याय दिलाने में समाधान दिवस सार्थक साबित हो रहा है। शनिवार को गदागंज थाने में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी डलमऊ आसाराम वर्मा के पहुंचते ही न्याय की आस लगाए बैठे राजस्व के फरियादियों के लिए उम्मीद की किरण पहुंची और उप जिलाधिकारी से फरियादियों ने अपनी समस्याएं बताएं इस दौरान प्राप्त हुई 9 शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 5 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कर दिया गया और बाकी शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सुपुर्द करते हुए जल्द कार्यवाही करने का आदेश एसडीएम डलमऊ ने दीया।

## सनातन संस्कृति में स्वगुणगान और परनिंदा महापापः आचार्य चन्द्रमणि

तिलोईएअमेठी। षसनातन धर्म मे अपना गुणगान सुनना और दूसरे की निंदा करना सबसे बड़ा पाप हैष्यह बात कस्बा सेमरौता स्थित दुर्गा माता मंदिर के प्रांगण में शिव पुराण कथा कहते हुए आचार्य चन्द्रमणि पाण्डेय ने भक्तों को सुनाई।आचार्य चन्द्रमणि पाण्डेय ने भक्तों को कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार भगवान शिव त्रेता युग मे ऋषि अगस्त्य के आश्रम में कथा श्रवण करने के लिए गए।ऋषि अगस्त्य ने उनका पूरे विधि विधान से पूजन कर आसन देने के पश्चात पूछा भगवान क्या आज्ञा हैघ् भगवान शिव ने कहा कि हम श्रीरामकथा सुनने आये हैं इस पर ऋषि ने पूछा श्रीरामकथा क्यों घ् तो भगवान शिव ने उत्तर दिया कि अपनी चर्चा सुनने पर पुण्य का नाश होता है।सनातन संस्कृति के दो महापाप हैं.पहला स्वगुणगान और दूसरा परनिंदा।इसलिए आप हमें मेरे प्रभु श्रीराम की कथा का श्रवण कराएं।कथा श्रवण करने आये श्रोताओं का हृदय शिव महापुराण कथा सुनकर भक्तिमय हो गया।कथा में विनोद शुक्लएप्रमोदए सुशील चंद्र पांडेयएराजन मिश्रएअशोक कुमार एदेवा शरण सैनी आदि तमाम कथा श्रोता मौजूद रहे।

ऊंचाहार.शनिवार को कोतवाली परिसर में तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआए इस दौरान कुल 14 शिकायती पत्र आयेए जिसमें एक शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया।

# मेरठ जेल के बाहर गोली चली तीन बदमाश पकड़े, एक फरार

मेरठ। मेरठ की चौधरी चरण सिंह जेल में मुला2392ीाती खिड़की पर लाइन में लगने के विवाद में चार बदमाशों ने एक महिला से कहासुनी के बाद उसपर गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तीन बदमाशों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनका एक साथी मौके से भागने में सफल हो गया। थाना मेडिकल पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार बदमाशों के नाम शोकिन्द्र उर्फ जोनी(35), विपिन (30) और शुभम हैं। सभी अभियुक्त मेरठ के थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के निवासी हैं। इनके फरार साथी का नाम पुनित है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों के पास से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए हैं। थाना मेडिकल पुलिस ने पीड़िता शबनम की तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत किया है। आरोप है कि मुला2392ीाती खिड़की के पास लाइन में लगने को लेकर आरोपी अभियुक्तों की रसूलपुर औरंगाबाद थाना भावनपुर जनपद मेरठ निवासी शबनम पत्नी शहजाद के साथ कहासुनी हुई थी। बाद में जेल पार्किंग में शबनम, उसके भाई और देवर से गाली-गलौज करने के बाद शोकिन्द्र उर्फ जोनी ने शबनम पर गोली चला दी। पुलिस के अनुसार, घटना के आरोपी अभियुक्तों पर मेरठ के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

### फिर से बिगड़ा मौसम का मिजाज

# बारिश और हवा के झोकों से फसल चौपट

**शिवगढ़,रायबरेली।** शनिवार को प्रात: काल अचानक फिर से बिगड़े मौसम के मिजाज से अन्नदाता एक बार फिर गहरे सदमे में डूब गए हैं। गौरतलब हो कि बीते दिनों 4 दिन तक लगातार हुई बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि एवं तेज हवा के झोंकों ने जमकर तबाही मचाई थी जिसके कहर से आम, गेहूं, सरसों, आलू ,चना, मटर, धनिया, मसूर, वहकला सहित फसलों को भारी नुकसान हुआ है। चार दिनों की बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के बाद जब 2 दिनों के लिए मौसम साफ हुआ तो सदमे में डूबे किसानों ने थोड़ी राहत की सांस ली सोचा बेमौसम बारिश,तेज हवा और ओलावृष्टि से फसल को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई तो नहीं की जा सकती किंतु जितना जो बचा है अगर वही सुरक्षित घर आ जाए तो कम से कम किसी तरह परिवार की जीविका चल



जाएगी। किन्तु प्रकृति को यह भी मंजूर नहीं शनिवार को प्रात: काल अचानक तेज हवा के साथ हुई बेमौसम बारिश ने बची कसर पूरी कर दी। बेमौसम बारिश एवं तेज हवा के झोंको से शेष बची फसल भी गिरकर चौपट हो गई है। पुन: बिगड़े मौसम के मिजाज ने किसानों की नींद उड़ा दी है चौन सुकून छीन लिया है। किसानों को चिंता है कि किसान क्रेडिट कार्ड एवं दूसरों से कर्ज लेकर और दिन-रात खून पसीना जलाकर किसी तरह फसल तैयार की थी।जब फसल कटने का समय आया तो प्रकृति ने ऐसा कहर ढाया की पूरी फसल चौपट हो गई। अब कहां से कर्ज की अदायगी करेंगे और कैसे परिवार की जीविका चलाएंगे। जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी, कांग्रेस कमेटी के शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा, सपा ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रकाश पटेल, कृषक देवतादीन पासवान, राजकुमार पासी, पूर्व प्रधान रामहेत रावत,सूरज सिंह,अखिलेश शुक्ला, रामहर्ष,मायाराम रावत,अंकित वर्मा,महेंद्र वर्मा सहित किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि बारिश एवं ओलावृष्टि से हुए नुकसान का पारदर्शिता पूर्वक आकलन कराकर बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए।

# मथुरा में सड़क हादसों में दो वृद्ध महिलाओं की मौत

**मथुरा।** जनपद में आगरादिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए दो अलगअलग सड़क हादसों में दो वृद्ध महिलाओं की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने एक मामले के आरोपी वाहन चालक को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक महिलाओं में से एक की पहचान नहीं हो सकी है। हाईवे थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि पहला हादसा शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे हुआ जिसमें बुद्ध विहार कॉलोनी की रहने वाली रुक्मिणी (68) को सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद वाहन चालक वहां से फरार हो गया। प्रभारी ने बताया कि दूसरा हादसा, दोपहर बाद 3:30 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि गोवर्धन चौराहे के पास ईको कार की टक्कर से 65 साल की अज्ञात वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया है, पर मृतका की पहचान नहीं हो सकी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक महिला की पहचान के लिए जनपद एवं आसपास के थानों को फोटो भेजा गया है। पहचान होने पर परिजनों को जानकारी दी जाएगी।

## भट्ठे पर ईंट का ढेर गिरने से दो मजदूरों की जान गई

**देवरिया।** जिले के एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले दो मजदूरों की ईंट का ढेर गिरने से उसमें दबकर मौत हो गई जबकि तीन अन्य महिला मजदूर घायल हो गईं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नगर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में स्थित एक ईंट भट्ठे में आज सुबह करीब 9:30 बजे ईंटों का ढेर गिर गया जिसमें दबने से वहां काम करने वाले छत्तीसगढ़ के यशवंत उर्फ छोटू यादव (36) तथा हरीनाथ (35) की मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सीओ ने बताया कि हादसे में छत्तीसगढ़ की रहने वाली महिला मजदूरों सीमा (45), सरोजिनी (50) एवं जमोतरी (52) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्होंने बताया कि घायलों को देवरहा बाबा मेडिकल कालेज, देवरिया में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। त्रिपाठी ने बताया कि इस संबंध में पुलिस विधिक कार्वाई कर रही है।

**चित्रकूट में ट्रक और पिकअप जीप की टक्कर में दो लोगों की मौत:** चित्रकूट। जिले के मऊ थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप जीप की टक्कर में जीप सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मऊ थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजीव कुमार सिंह ने बताया कि झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अहिरी गांव के नजदीक आज एक तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप जीप की सीधी भिड़ंत हो गई।

# न्यायमूर्ति प्रितिंकर दिवाकर आज मुख्य न्यायाधीश की शपथ लेंगे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रविवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के अदालत कक्ष में न्यायमूर्ति प्रितिंकर दिवाकर को मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाएंगी। चौबीस मार्च, 2023 को जारी एक अधिसूचना में राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति प्रितिंकर दिवाकर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया। यह नियुक्ति न्यायमूर्ति दिवाकर के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। अभी तक वह इस उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के तौर पर काम कर रहे थे। बाइस नवंबर, 1961 को जन्मे न्यायमूर्ति दिवाकर ने जबलपुर के दुर्गापुर विश्वविद्यालय से स्नातक किया। 1984 में उन्होंने अधिवक्ता के तौर पर अपना नामांकन कराया और संवैधानिक, दीवानी और आपराधिक मामलों में वकालत की। उन्होंने सेल, एसबीआई, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा आदि के लिए स्थाई अधिवक्ता के तौर पर भी काम किया। जनवरी, 2005 में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के तौर पर नामित किया गया। वह सात वर्षों तक मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के सदस्य रहे और पांच वर्षों तक छत्तीसगढ़ बार काउंसिल के सदस्य रहे। मार्च, 2009 में उन्हें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। बाद में तीन अक्टूबर, 2018 को उनका स्थानांतरण इलाहाबाद उच्च न्यायालय किया गया और 13 फरवरी, 2023 को उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

# निडर व निष्पक्ष पत्रकार थे गणेश शंकर विद्यार्थीः अजय

**गाजीपुर।** जनपद में शनिवार 25मार्च को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में महान क्रांतिकारीएनिडर और निष्पक्ष पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के चंदन नगर स्थित आवास पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व महासभा के सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की एकता और अखंडता तथा आजादी की रक्षा करने का संकल्प लिया। महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने गणेश शंकर विद्यार्थी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक महान क्रांतिकारीए निडर और निष्पक्ष पत्रकारए समाजसेवी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में उनका नाम अजर.अमर है। वह एक ऐसे पत्रकार थे जिन्होंने अपनी लेखनी की ताकत से भारत में अंग्रेजों की नींद उड़ा दी थी। इस महान स्वतंत्रता सेनानी ने अपनी कलम और वाणी के साथ साथ महात्मा गांधी के अहिंसावादी विचारों और क्रान्तिकारियों को समान रूप से समर्थन और सहयोग दिया। अन्याय और जुल्म के खिलाफआवाज बुलंद करना ही उनके जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य था ।उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। इस विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से मुक्तेश्वर प्रसादए चन्द्र प्रकाशए शैलए मोहनलालएपरमानन्दए अश्वनी कुमारए अमर सिंह राठौरए कमल प्रकाशएसंदीप वर्माए नन्हेंए अरुण सहायए सत्यप्रकाशए पियूष श्रीवास्तवए अनूप कुमारए अंजय कुमारए अश्वनी कुमारए नवीन आदि उपस्थित थे। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं संचालन मोहन लाल श्रीवास्तव ने किया।

# प्रभारी मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

## योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक साल

**गाजीपुर।** प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल को 01 वर्ष पूर्ण होने तथा कुल 06 वर्ष के कार्यकाल पूरे होने के शुभ अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री मा0 राज्य मंत्री ;स्व0प्रभारद्ध स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एंव पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस मे किया गया। इस मौके पर प्रदेश स्तर पर लखनऊ मेंमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा की गई प्रेस वार्ता का सजीव प्रसारण तथा 06 वर्ष की उपलब्धियों व विकास यात्रा पर आधारित लघु फ़िल्म दिखाया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद के समस्त विधानसभा के विगत 01 वर्ष में कराए गए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों से



संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया । जनपद के प्रभारी मंत्री ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मोदी ी व योगी जी के नेतृत्व में चुनाव से पहले लिये गये 120 घोषणा व संकल्प जिसे एक वर्ष के अन्तराल में ही लगभग 105 संकल्पो को पूरा कर लिया गया है। अभी सरकार के 04 साल शेष है जिसमें अपने संकल्प के अलावा अन्य कई विकास परक कार्यो को पूरा किया जायेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओ के लिए बीते छह वर्षों में रोजगार का माहौल बनाया है। सरकारी नौकरियों में जातिवादए भ्रष्टाचार और परिवारवाद को खत्म किया गया है। अब सरकारी योजनाओं का लाभ देने में न तो जातिवाद होता है और न ही भ्रष्टाचार। हर किसी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। विकास को गति देने के लिए एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया गया है। उद्योग के क्षेत्र मे नई क्रान्ति आई है। प्रदेश में सरकार ने गुण्डा राज व माफिआओ का कमर तोड़ने का काम किया गया तथा उनके द्वारा अर्जित बेनामी सम्पत्तियो को लेकर गरीबो के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है। मा0 मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। सरकार द्वारा मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था की गई है एशिक्षा के साथ.साथ बच्चों को भोजन मिड डे मील ए मुफ्त किताबेंए ड्रेस आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है। प्रदेश सरकार द्वारा कमजोर वर्ग के लोगों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शनए प्रधानमंत्री आवासए शौचालयए नि:शुल्क राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर मा0 मंत्री ने जनपद के विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की जानकारी दी।

# श्री राम लला को समर्पित होंगे 1051 ग्रंथ

## ● देश में समान शिक्षा की दिशा में एक कदम है नई शिक्षा नीतिः भैया जी जोशी

**संवाददाता।** अयोध्या



दाहिने भैया जी जोशी बीच में इन्दुमति काटदरे और बाये चंपत राय

**पुनरुत्थान** विद्यापीठ भारत में भारतीय शिक्षा को पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए 1051 ग्रंथों को प्रकाशित किए हुए हैं जिसका लोकार्पण 15 अप्रैल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और अवधेशानंद गिरि अहमदाबाद गुजरात में करेंगे और लोकार्पण के पहले 26 मार्च को सुबह 9रू30 बजे यह सभी ग्रंथ प्रभु श्री राम लला के चरणों में समर्पित किए जाएंगे। उसके उपरांत 10रू30 गोष्ठी के साथ आशीर्वचन का कार्यक्रम होगा। प्रेस से मुखातिब होते हुए पुनरुत्थान विद्यापीठ की मुखिया इन्दुमति काटदरे ने बताया कि यह विद्यापीठ केवल उच्च शिक्षा पर केंद्रित नहीं है शिक्षा की व्याप्ति को लेकर विद्यापीठ के 2 सूत्र हैं एक आजीवन शिक्षा और दूसरा सर्वत्र शिक्षा। आजीवन शिक्षा के सूत्र के अनुसार व्यक्ति गर्भावस्था से वृद्धावस्था तक शिक्षा का विचार करता है सर्वत्र शिक्षा के सूत्र के अनुसार विद्यापीठ विद्यालय शिक्षा के साथ कुटुंब में तथा समाज में होने वाली शिक्षा पर विचार करता है।

उन्होंने बताया कि इन प्रकाशित होने वाले ग्रंथों में मानव मूल्यों की सभी प्रकार के की शिक्षा की व्यवस्था की गई है जो समाज के लिए उपयोगी होगी और आने वाले समय में समाज टीचर और सरकार से हम इसके उपयोग पर भी चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत जो भारतीय ज्ञान संपदा विभाग है उसके लिए भी यह ग्रंथ पूर्ण रूप से सुसंगत हैं और यह ग्रंथ विद्यालयों महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त करने योग्य है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी ने बताया कि यह प्रयास बहुत ही श्रेष्ठ है और पहले सामग्री निर्माण की जाती है फ्रि उपयोग की बात आती है निश्चित ही है भविष्य में उपयोगी होगी। देश में समान शिक्षा के प्रश्न पर उन्होंने बताया कि यह सरकार का विषय है लेकिन नई शिक्षा नीति में सरकार ने कुछ बातों का समावेश किया है सरकार ने इच्छाशक्ति दिखाई है तो निश्चित ही धीरे.धीरे परिवर्तन आएगा। सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की है लेकिन अभी पाठ्यक्रम पूरे उपलब्ध नहीं है धीरे.धीरे पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे तो निश्चित ही परिवर्तन होगा।

### करोड़ों हृदय पर राज्य करते हैं हमारे धार्मिक ग्रंथ : चंपत राय

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दें और कहा कि यह 1051 ग्रंथ 26 मार्च को सुबह 9रू30 बजे रामलला के चरणों में समर्पित किए जाएंगे। साथ ही साथ रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने के लिए प्रश्न पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि रामचरितमानस श्रीमद्भागवत महाभारत भगवत गीता यह सब ग्रंथ करोड़ों करोड़ों हृदय पर राज्य करते हैं मुझे स्वयं ऐसा नहीं लगता है कि इन ग्रंथों को किसी सरकारी मोहर की आवश्यकता है।

# जीवन में योग से है आनंद की प्राप्ति : अपर मुख्य सचिव

## ● संतुलन को साध लेना ही योग : प्रो के एन सिंह

### मुविवि में राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों का योग प्रशिक्षण का समापन

**संवाददाता।** प्रयागराज


कुलपति प्रो के एन सिंह को गणेश प्रतिमा देते आयोजन सचिव अमित कुमार सिंह।

**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापकों का एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को समाप्त हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनिल कुमार अपर प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने कहा कि सतत अभ्यास योग का पहला सूत्र है। सफ्लता और असफ्लता में समान भाव से रहना ही योग है। तात्कालिक असफ्लता बड़ी सफ्लता के द्वार खोलती है। जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज आनंद की प्राप्ति है।

श्री कुमार ने कहा कि आवश्यकता से अधिक चीजों का संग्रह नहीं करना चाहिए। इसके लिए जीवन में अपरिग्रह सुखी जीवन का एक मूल मंत्र है। सफ्ल जीवन से ज्यादा संतुष्ट जीवन महत्वपूर्ण है। योग जीवन में आनंद की प्राप्ति कराता है। योग हमें राग द्वेष ईर्ष्या वैमनस्य से परे होकर जीना सिखाता है। हमें भूतकाल की पीड़ा और भविष्य की चिंता के फेर में नहीं पड़ना चाहिए तभी हम वर्तमान में जी सकते हैं। योग के अभ्यास से जीवन की गुणवत्ता परिलक्षित होती है।विश्वविद्यालय के लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में समारोह की अध्यक्षता करते हुए दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय गया के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि योग संयम समन्वय एवं संतुलन की साधना का अंग है। जीवन में साधन महत्वपूर्ण नहीं है। संतुलन को साध लेना ही योग है। प्रो सिंह ने कहा कि जीवन कौशल कैसे सीखा जाय यह महत्वपूर्ण है। योग के प्रशिक्षण से जीवन कौशल का विकास होता है। प्रो सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय को योग प्रशिक्षण के रूप में नोडल केंद्र बनाया जाए। जिससे पूरे प्रदेश में योग का प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने योग के क्षेत्र में विश्वसनीयता एवं प्रामाणिकता को सिद्ध कर दिया है। विशिष्ट अतिथि डॉ सुनंदा चतुर्वेदी संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा निदेशालय ने कहा कि एन ई पी 2020 में योग एवं ध्यान को महत्वपूर्ण अंग के रूप में पाठ्यक्रम में स्थान दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने राजकीय महा विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों को योग प्रशिक्षण का मौका दिया है। भावी पीढ़ी का उत्तरदायित्व शारीरिक शिक्षकों को सौंपा है। योग के माध्यम से ही छात्रों को अवसाद ग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। योग तन और मन को संतुलित रखता है। ध्यान और आसन से जीवन तनाव मुक्त हो सकता है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम निदेशक प्रो गिरिजा शंकर शुक्ल ने किया। एक सप्ताह तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट आयोजन सचिव अमित कुमार सिंह ने प्रस्तुत की। संचालन डॉ मीरा पाल एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के 42 शारीरिक शिक्षा प्राध्यापकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# अंबेडकर नगर के प्रगतिशील कृषकों का दल गुजरात से प्रशिक्षण लेकर लौटा

**भीटी।** अंबेडकरनगर किसानों के आर्थिक ताने बाने को मजबूती प्रदान करेगा केला रेशा त्रराष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक एनाबार्ड के सौजन्य से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा अंबेडकर नगर के प्रगतिशील कृषकों का दल विगत 19मार्च को गुजरात स्थित नवसारी कृषि विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए गया था जो कि आज जनपद वापस आ गया, कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि नवसारी विश्वविद्यालय के एसपी उद्यान महाविद्यालय के पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट में किसानों को केले के छिलके से नमकीन, सेंवई, तरबूज के छिलके से कैंडी, केले के मध्य भाग से कैंडी तथा केले के तने से रेशा निकालकर उससे चटाई, झोला सारी फाइल तथा तरल खाद बनाना सिखाया गया । किसानों का यह प्रशिक्षण अपने आपमें अनोखा प्रशिक्षण है ,पूरे देश में नवसारी कृषि विश्वविद्यालय इकलौता ऐसा संस्थान है जहां पर केले के सभी अंगों का उपयोग करके दैनिकजीवन में उपयोगी विभिन समान बनाए जाते है, विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार एक एकड़ केले के तने से लगभग डेढ़ से दो लाख रुपए तक का रेशा बेचा जा सकता है और उससे सामान बनाया जाए तो लगभग तीन से चार लाख रुपए की अतिरिक्त आय किसान को हो सकती है ऐसे में यह प्रशिक्षण किसानों के आर्थिक ताने बाने को मजबूती प्रदान करने के साथ ही केला उत्पादन के क्षेत्रफ्ल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा क्योंकि केला काटने के बाद उसका तना खेत सेहटाने में किसान का काफी श्रम और पैसा जाया होता है , प्रगतिशील किसान देव नारायण पाण्डेय ने कहा कि यह प्रशिक्षण हम सभी केला उत्पादक किसानों को खेती का नया आयाम देगा जिससे किसान आत्म निर्भर बन सकेंगे, सभी किसानों ने नवसारी कृषि विश्विद्यालय के वैज्ञानिकों विशेषकर डॉक्टर देवराज जो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक है और डॉक्टर अवनीश पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आपसी विश्वास और परस्पर प्रेम से मजबूत होती है भावना : सुदीक्षा

## ● निरंकारी मिशन के सामूहिक विवाह समारोह में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**संवाददाता।** प्रयागराज


परिणय सूत्र में बंधे 48 जोड़े।

**निरंकारी** सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज ने कहा कि परिवार की एकता आपसी विश्वास परस्पर प्रेम और मिलवर्तन की भावना से मजबूत होती है। हमें एक दूसरे के सुख और दुःख में भी पूरी मजबूती के साथ जुड़े रहना है। प्रयागराज के परेड मैदान में आयोजित 44 वें निरंकारी प्रान्तीय संत समागम के पहले दिन आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सद्गुरू ने कहा कि गृहस्थ जीवन में सत्संग सेवा सिमरण करते हुए निराकार प्रभू को तो प्राथमिकता देनी ही है। साथ ही घर परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आध्यात्मिक पहलू भी मजबूत बनाए रखना है। नव विवाहित जोड़ों को सुदीक्षा महाराज ने अपनी वाणी द्वारा आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि समारोह में वर एवं वधू के परिणय सूत्र में बंधने से दोनों ओर के परिवारों का मिलन हुआ है। अब दोनों ने एक दूसरे के परिवार को अपनाना है। आपस में ताल मेल रखते हुए प्रेम नम्रता एवं सद्व्यवहार आदि दिव्य गुणों को अपनाकर जीवन में आने वाली जिम्मेदारियों को मिलजुल कर निभानी है। निरंकारी मिशन के सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सादगीपूर्वक ढंग से आयोजित समारोह का शुभारंभ निरंकारी मिशन के पारंपरिक जयमाला एवं सांझा हार से हुआ। भक्ति संगीत के साथ चार प्रणों में निरंकारी लावां पढ़ा गया एवं हर लावा के अंत में सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी संत रमित एवं अन्य श्रद्धालु भक्तों द्वारा इन नव परिणीत जोड़ों पर फूलों की वर्षा की गई।

गौरतलब है कि 90 मिनट में 48 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वर वधू किसी एक निर्धारित ड्रेस में न होकर अपनी क्षेत्रीय वेशभूषा में ही सम्मलित हुए। इसमें न जाति धर्म का भेद था और न ही क्षेत्र और पहनावे का भेद था। कुछ जोड़े तो ऐसे थे जो संत निरंकारी सेवादल की वर्दी ही पहने थे। विवाह समारोह में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त बिहार उतराखण्ड एवं मध्यप्रदेश से वर एवं वधू शामिल हुए। जहां जात पात वेश भूषा बोली भाषा एवं प्रांतों से ऊपर उठकर 48 जोड़े एक ही प्रांगण में निरंकारी सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी संत के सानिध्य में परिणय सूत्र में बधें।

## क्विक न्यूज

### कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यकाल बढ़ा



**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विद्यालय कुमारगंज के कुलपति डा0 बिजेंद्र सिंह के कार्यकाल को बढ़ा दिया गया है। उत्तर प्रदेश की कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने अपनी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियमित कुलपति की नियुक्ति नहीं होने तक कार्यकाल को बढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। डा0 बिजेंद्र सिंह आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के साथ.साथ चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयए कानपुर के कुलपति पद के दायित्वों का भी निर्वहन करते रहेंगे।

### कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बनाई रूपरेखा

**प्रयागराज।** विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम को लेकर कई प्रकार की योजना बना रहा है। ज़ी टीवी का पॉपुलर फ्किशन शो प्यार का पहला नाम राधा मोहन आज के वृंदावन में रचा बसा एक रोमांटिक ड्रामा है। जो पिछले साल यानी मई दो हजार बाइस में हुई अपनी शुरुआत से ही दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। जहां इस शो की शुरुआत से ही इसे दर्शकों का बेहद प्यार मिल रहा है। इसमें आने वाले नए नए ट्विस्ट्स ने दर्शकों को टीवी स्क्रीन्स से बांध लिया है। वहीं अब इस शो ने सफ्लतापूर्वक तीन सौ एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। शो के सभी कलाकार और क्रू मेंबर्स इस उपलब्धि को लेकर बेहद उत्साहित हैं। असल में इस शो की लीड एक्ट्रेस निहारिका रॉय ने सोशल मीडिया पर एक प्यारी सी पोस्ट शेयर करके अपने फैंस को एक ट्रीट दी है। इस रील में शबीर और निहारिका मशहूर सिंगर एड शीरन के रोमांटिक गाने परफेक्ट पर डांस करते नजर आ रहे हैं।

### अनुभव प्रदान करने की दिशा में बढ़ाए कदम

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अपना नया शोरूम लांच किया। शोरूम का उद्घाटन अभिनेत्री और कल्याण ज्वैलर्स की ब्रांड एंबेसडर रश्मिका मंदाना ने किया। जिनके साथ कंपनी की कॉर्पोरेट संचार प्रमुख सौम्या बालकृष्णन भी थीं। उत्तर प्रदेश में कंपनी का नौवां आउटलेट है। रश्मिका मंदाना ने कहा इस परिवार का हिस्सा बनकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हैं। आज यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है। जिसमें ब्रांड की ओर से भाग लिया है। यह गर्मजोशी भरा स्वागत शानदार शोरूम और यहां के सभी खूबसूरत आभूषण कुल मिलाकर मेरे लिए यह एक जबरदस्त अनुभव रहा है। विश्वास है कि मेरी तरह ब्रांड के निष्ठावान लोग इसके रोमांचक ऑफ्र्स का स्वागत करेंगे। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा कंपनी के रूप में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। आने वाले समय में भी कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों पर कायम रहते हुए अपने लोगों को खरीदारी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने की दिशा में काम करना जारी रखने का वादा किया।

### अवध विवि एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेघालय के मध्य हुआ अनुबंध

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए मेघालय के मध्य एमण्ओण्यू किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 जी0डी0 शर्मा के मध्य शोध कार्यों एवं शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अनुबंध किया गया। दोनों संस्थानों के मध्य करार होने से शैक्षिक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अनुबंध से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों को शोध के साथ प्रयोगशालाओं में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। वर्तमान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के युग में यह अनुबंध शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि इस अनुबंध से विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मेघालय तकनीकी विश्वविद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता एवं उन्नयन के लिए प्रतिभाग कर सकेंगे। इसके अलावा इनकों शोध के साथ-साथ विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं के उपयोग की सुविधा मिल सकेगी। कुलपति प्रो0 गोयल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के भावी उद्देश्यों को पूर्ण करने की दिशा में यह अनुबंध एक सार्थक कदम है। इस प्रकार के अनुबंध वैज्ञानिक शोध कार्यों के लिए आवश्यक एवं सहायक होते है। इससे सूचनाएं साझा होने के साथ शैक्षिक गति मिलती है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

**मिल्कीपुरए अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के कृषि महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना ;एनएसएसद्ध का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। जिसमें सात दिनों तक आयोजित शिविर के माध्यम से मतदाता जागरूकताए पर्यावरण जागरूकताए यातायात सुरक्षाए बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ तथा कृषि के क्षेत्र में भी ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो शिविर का शुभारंभ कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ डीके त्रिवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

# चार दिवसीय विराट किसान मेला प्रदर्शनी का शुभारम्भ

## ● वसुधैव कुटुम्बकम का नारा जी.20 में मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिया गया जिसके लिए हमारे कृषक भाई बधाई के पात्र हैं

**संवाददाता।** अयोध्या

**राजकीय** इंटर कालेज में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्य्रकम 2022.23 के अन्तर्गत श्री अन्न खेती चार दिवसीय विराट किसान मेला प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कृषि शिक्षाए कृषि अनुसंधान एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मा0 श्री सूर्यप्रताप शाही व विशिष्ट अतिथि सांसद लल्लू सिंह जी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मा0 मंत्री जी ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम का नारा जी.20 में मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिया गया, जिसके लिए हमारे कृषक भाई बधाई के पात्र है। जिन्होंने भरपूर अन्न उत्पादन कर पूरे देश के लोगों को एवं अभावग्रस्त देशों के लोगों को भोजन उपलब्ध कराया।

हमारे देश में किसान को कृषक ही नही अन्यदाता के रूप में दर्जा प्राप्त है। जब भी कोई नई फ्सल कटती है तो हमारे देश में उसके लिए त्यौहार मनाया जाता है।

सर्वप्रथम विराट मेले में लगाये गये विभिन्न स्टालों का मा0 मंत्री जी के साथ सांसद श्री लल्लू सिंह के साथ विधायकगणए जिलाधिकारी श्री नितीश कुमारए मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादवए संयुक्त कृषि निदेशक श्री ओमपाल सिंहए उपकृषि निदेशक डा0 संजय त्रिपाठीए भूमि संरक्षण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने अवलोकन किया। मा0 मंत्री जी ने कृषि विभाग अयोध्या की सराहना की। विराट कृषि मेले में बीकापुर विधायक डा0 अमित सिंह चैहानए जिलाध्यक्ष श्री संजीव सिंहए महानगर अध्यक्ष श्री अभिषेक मिश्रा के साथ अन्य पदाधिकारीगण भी इस मेले में उपस्थित थे। मा0 सांसद श्री लल्लू सिंह जी द्वारा मा0 कृषि मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा अन्न की खेती पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित होने पर आभार व्यक्त किया तथा कृषि विभाग अयोध्या के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की योजना का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। बीकापुर विधायक डा0 अमित सिंह चैहान ने अन्न की उपज बढ़ाने के लिए और अधिक शोध किये जाने की आवश्यकता बतायी। अच्छे बीजए अच्छे खाद की सुविधा एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने मेले में आये हुये समस्त कृषकों का स्वागत करते हुये कहा कि श्री अन्न की खेती वैज्ञानिक ढंग से करके अपने जीवन में अभूतपूर्व बदलाव ला सकते है। उन्होंने कृषि के विविधीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

# दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री योगी का सजीव प्रसारण देखा गया

## कार्यक्रमों में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, पुस्तिका का विमोचन

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के विशेष अवसर पर आज कलेक्ट्रेट सभागार अंबेडकरनगर में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा साधु वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, अपर जिलाधिकारी डॉण्सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डी सी एन आर एल एम, जिला सूचना अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी, लाभार्थी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोक भवन लखनऊ में पूर्वान्ह 11रू 00 बजे से 12रू00 बजे तक पत्रकार गणों से संवाद किया गया तथा मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश सरकार के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों के अभूतपूर्व प्रयासों और परिणामों की प्रदर्शित करती पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। इसके उपरांत एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधि को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री की पत्रकार वार्ता के उपरांत जनप्रतिनिधि से मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश सरकार के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों के अभूतपूर्व प्रयासों और परिणामों को प्रदर्शित करती सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तिका का विमोचन किया गया।चित्र बहाल इंटर कॉलेज की बालिकाओं द्वारा रंगारंग मनमोहक कार्यक्रम किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार का मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार के दूसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर कलेक्ट्रेट में आयोजित विभिन्न विभागों के कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग का अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में लगाए गए स्टाल का निरीक्षण एमएलसी हरिओम पांडे , जिलाधिकारी अंबेडकरनगर, मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन ,डीएम सदानंद गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें मिलेट की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई।मेले में सहायक आयुक्त खाद्य श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर के0के0उपाध्याय व मनीषा सिंह, हंसराज प्रसाद, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। दूध के विशेष अभियान में . मोहरिया खानपुर, अकबरपुर में दुग्ध विक्रेता विजेता हसन अली तथा रेलवे स्टेशन रोड, मुरादाबाद अकबरपुर में दुग्ध विक्रेता रामजनम से दूध का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। बसखारी रोड, अकबरपुर स्थित पराग डेयरी से दूध का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा।

# तेरह अपराधियों की गिरफ्तारी करवाएं और 10 से 20 हजार तक इनाम ले जाएं

## ● सूचना देने वालो का नाम व पता रखा जायेगा गोपनीय-एसपी

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**पुलिस** कप्तान सत्यजीत गुप्ता ने मीडिया सेल के माध्यम से बताया है कि जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र के 13 अपराधियों की गिरफ्तारी करवाने वाले सूचनाकर्ता को 10 से 20 रूपये तक नगद पुरस्कार दिया जायेगा। सूचना देने वालो का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा। 13 वांछित गम्भीर धारा में नामजद अभियुक्त गैंगेस्टर एक्ट, रेप, धोखाधड़ी सहित गम्भीर अपराध में संलिप्त है। उन्होंने बताया कि 10 हजार रूपये का ईनाम खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के भैसहिया निवासी मो0 असलम पुत्र रफीक, गैंगेस्टर एक्ट वांछित सौरभ राय पुत्र राजीव, भैसहिया निवासी रूबीना पत्नी अकबर अली, भैसहिया निवासी अहमद पुत्र असलम, भैसहिया निवासी सफात अली उर्फ लल्लन, जनपद महाराजगंज थाना नौतनवा अमवा निवासी सरवरे पुत्र समशीर आलम, बखिरा थाना क्षेत्र दुर्गजोत निवासी मुस्ताक पुत्र अब्दुल हमीद, रियाज पुत्र नाटे उर्फ इम्तियाज, लेडुआ–महुआ निवासी मुस्तफा पुत्र हनीफ, महुली थाना क्षेत्र के छितही निवासी सेराज अहमद पुत्र रफीउल्ला, 15 हजार रूपये ईनाम वालो में दुधारा थाना क्षेत्र के पकड़ी आराजी निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र अमीन, बखिरा थाना क्षेत्र के दुर्गजोत निवासी राजू पुत्र रशीद शामिल है तथा 20 हजार रूपये के ईनाम में बखिरा थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला निवासी निलेश पुत्र मोतीलाल को पकड़वाये जाने पर 20 हजार रूपये का ईनाम मिलेगा।

### विशेष लोक अदालत में 14 मामलो का हुआ निस्तारण

**संतकबीरनगर।** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी आशीष जैन की अध्यक्षता में शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। श्री जैन द्वारा बताया गया कि पक्षकारों को नोटिस तामिला करवाते हुए तथा इंश्योरेंस कंपनियों के पैनल अधिवक्ताओं के साथ आवश्यक बैठक करके विशेष लोक अदालत की समस्त तैयारियां पूरी की गई गई थी। इस विशेष लोक अदालत में दुर्घटना वादों से संबंधित समस्त कुल 16 मामले लगाए गए थें जिसमे से 14 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 3151471/– रुपए का मोटर दुर्घटना प्रतिकर पीड़ित परिवारों को दिलाया गया। इस अवसर पर न्यायाधिकरण के लिपिक मोहम्मद शमीम, पेशकार प्रेमनाथ तिवारी, आशुलिपिक लालमन मौर्य, अर्दली मनोज सिंह, राजू समेत इंश्योरेंस कंपनियों के अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं वादकारीगण उपस्थित रहें।

# योगी-2 एक वर्ष के कार्यकाल में संतकबीरनगर में हुआ चौमुखी विकास

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**राज्यमंत्री,** ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उ0प्र0 एवं प्रभारी मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने प्रदेश सरकार के द्वितीय कार्यकाल का 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में सुशासन, विकास एवं रोजगार पर आधारित विकास पुस्तिका का विमोचन किया। प्रदेश सरकार के सफ्लतापूर्वक सेवा व सुशासन का एक वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर जिलाधिकारी संदीप कुमार के कुशल नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम सहित सांसद प्रवीण कुमार निषाद, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चौहान एवं जिलाध्यक्ष भाजपा जगदम्बा लाल श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल की एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित जनपद स्तरीय विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने विगत एक वर्ष में जनपद के विकास एवं निर्माण कार्यों सहित लाभार्थीपरक योजनाओं आदि के बारे में उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया बंधुओं को विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा दुर्गा राय, अध्यक्ष निषाद पार्टी रामनरेश निषाद, सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी, भाजपा पदाधिकारी सुनीता अग्रहरि सहित जिलास्तरीय अधिकारी एवं पार्टी पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। जनपद में बस आड्डा स्थापित किये जाने के बिन्दु पर प्रभारी मंत्री ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुये भूमि चिन्हांकन सहित अन्य कार्यों में प्रगति लाने का भी निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया कि हर घर नल योजना के अन्तर्गत सभी के घरों तक पानी पहुंचाया जाये। प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रेस वार्ता में मीडिया बंधुओं द्वारा जो भी बिन्दु/प्रकरण उठाये गये हैं, उन सभी बिन्दुओं की सम्बन्धित अधिकारी गहन समीक्षा कर अतिशीघ्र निराकरण करायें अन्यथा सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# यूपी ने बनाई अलग पहचान

## ●प्रभारी मंत्री ने विकास पुस्तिका का किया विमोचन, सरकार के एक साल पूरे होने पर गिनाई उपलब्धियां

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**प्रदेश** सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में कबीना मंत्री प्राविधिक शिक्षाए उपभोक्ता मामले उप्र एवं प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी,विनोद शंकर अवस्थी, सौरभ सिंह सोनू, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल सिंह की मौजूदगी में तैयार की गई फिल्म का अवलोकन एवं लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों के



अभूतपूर्व प्रयासों व परिणामों को प्रदर्शित करती पुस्तिका का विमोचन किया। प्रेस वार्ता की शुरुआत में मंचासीन अतिथियों द्वारा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले की सभी आठ विधानसभा स्तरीय ष्विकास पुस्तिकाष् का विमोचन किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता में पत्रकार बंधुओं से संवाद करते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। सरकार की ओर से जिले में दी गई सौगात और उपलब्धियों का जिक्र किया। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता से पहले जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल एवं जनप्रतिनिधियोंए अफ्सरों की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के विशेष अवसर पर राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेसवार्ता का सजीव प्रसारण हुआ। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ष्एक जनपद एक उत्पादष् में दक्षताए कौशल विकास के लिए उद्यमिता विकास प्रशिक्षित दस लाभार्थियों को जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने जनप्रतिनिधियों और अफ्सरों के साथ टूलकिट वितरण किया। टूलकिट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारह लाभार्थियों को लैपटॉप की सौगात दी। इस दौरान उनसे संवाद भी किया।

# रीजेन्सी पब्लिक स्कूल ने किया फन रेस का आयोजन

## ●फन रेस में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने दिखाया दम

**संवाददाता।** सीतापुर

**रीजेन्सी** पब्लिक स्कूल, सीतापुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए 'फन रेस' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक एम. एफ जैदी' ने फीता काटकर किया जिसमें कक्षा-1 से 5 तक के नन्हे-मुन्हें बच्चों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। 'फन रेस' के दोनों चरणों में चयनित प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बनाना रेस, फ्रॉग रेस, सैक रेस, टू लेगेड रेस, जस्ट ए मिनट रेस में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया व अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रबंधक एमएफ जैदी ने अभिभावकों के लिए भी फन रेस का आयोजन किया। जिसमें अभिभावकों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऐश्वर्या, निशा वर्मा, शीरी अरफ, मधू यादव, मीनाक्षी वर्मा,



जयन्ती सिंह, विनीता, ज्योति शुक्ला, अल्का त्रिवेदी, सुनीता सिंह, लक्ष्मी यादव, अनीजा बानो, प्रेरणा अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, मोहम्मद रिजवान, आफ्ताब अहमद, विजय प्रताप सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडेल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ए.आर. जैदी, प्रधानाचार्या राशिदा जैदी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन जया राय ने किया।

### कालिकनपुरवा में स्वयंसेवियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**सीतापुर।** ब्लाक रामपुर मथुरा के प्राथमिक विद्यालय कालिकनपुरवा में प्रथम संस्था ने स्वयंसेवियो को प्रमाण पत्र वितरित समारोह का आयोजन किया। जिसमें कालिकनपुरवा, गढ़चपा, कोडर, गोंडादेवरिया, रमईपुर, हरिहरपुर, उमरी, गनेशपुर, अंगरौरा, गांव के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रथम संस्था से हरिश्चन्द्र यादव ने समुदाय में कार्य करने वाले स्वयंसेवियों की सराहना की। इस अवसर पर स्टेट टीम से एडमिन सुरेंद्र, शाहिद खान, तपन वर्मा, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक शुक्ला, आशीष शुक्ला, संदीप यादव व स्वयंसेवी विमला यादव, प्रियंका सिंह, साधना वर्मा, अर्चना वर्मा, सुशील कुमार, आकाश कुमार, रामगोपाल व अभिभावक मौजूद रहे ।55

# पांच अरब 91 करोड़ 82 लाख के बजट से बहेगी विकास की गंगा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को कलेक्ट्रेट सभागार में कबीना मंत्री प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामले उप्र एवं प्रभारी मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित हुई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अफसर समय-समय पर विभाग में संचालित सरकारी स्कीमों की जानकारी जन प्रतिनिधियों से साझा करें। खीरी अमृत सरोवर में देशभर में नंबर वन बनने के साथ ही योजनाओं एवं इंडिकेटर्स में शीर्ष स्थान पर है। कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि जनपद खीरी जनप्रतिनिधियों की मदद, अफसरों के प्रयास से विकास में नित नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। हमें अपने जनपद को आगे बढ़ाना है जिले के सभी अधिकारी पूरे उत्साह और मनोयोग से कार्य करे ताकि आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। डीएम के नेतृत्व में पूरे मनोयोग से कार्य करें जिससे कि खीरी जिला विकास की ओर अग्रसर हो। बैठक में विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने सीएचसी फूलबेहड़ में द्वितीय तल पर जाने के लिए सीढ़ियां बनवाने, विधायक सदर ने मूक बधिर विद्यालय जगसड़ के क्रियान्वयन, विधायक धौराहरा ने हार्ट के डॉक्टर की तैनाती, विधायक मितौली ने किया ढखिया विद्यालय के संचालन, सहित जिला योजना के सम्मानित सदस्यों ने



जनहित से जुड़े कई मामले उठाए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी विषयों पर गंभीरता से लेकर शासन एवं प्रशासन स्तर पर उनका हल कराएं। बैठक की शुरूआत समिति के सचिव व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने की। डीएसटीओ अरविंद वर्मा ने अब तक मिले बजट और परिव्यय का ब्योरा पेश किया। प्रभारी मंत्री ने बैठक में कृषि, गन्ना, पशुपालन, दुग्ध विकास, सहकारिता, वन, रोजगार कार्यक्रम, पंचायती राज, सीएम लघु सिंचाई योजना, राजकीय लघु सिंचाई, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, खादी ग्रामोद्योग, पर्यावरण, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, माध्यामिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, प्रादेशिक विकास दल, खेलकूद, एलोपैथिक चिकित्सा, परिवार कल्याण, आयुर्वेदिक, होम्योपैथी चिकित्सा, पुष्टाहार विभाग/सेक्टरवार वर्ष 2022-23 के लिए अपनी आवश्यकता अनुरूप मांगे गए परिव्यय को विस्तृत चर्चा करते हुए विचारोंपरात अनुमोदित किया।

# एएनएम अब बेहतर दक्षता से करेंगी काम

## ●नव नियुक्त एएनएम के 12 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**स्वास्थ्य** कार्यक्रम की गतिविधियों को अच्छी तरह से संचालित करने के उद्देश्य से नवनियुक्त एएनएम के 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। सीएमओ डॉ.संतोष गुप्ता ने अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित इस इस प्रशिक्षण शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं व बच्चों की देखभाल के साथ टीकाकरणए जांच, संस्थागत प्रसव व अन्य सहायता के लिए एएनएम (आक्सीलिएरी नर्स मिडवाइफ) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस प्रशिक्षण से निश्चित रूप से सभी नव नियुक्त एएनएम को लाभ होगा, साथ ही वह दक्ष होकर स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन काम कर सकेंगी। जिससे मरीजों का उपचार करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी न होने पाए। एसीएमओ (आरसीएच) डॉ.अश्वनी कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थी को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तमाम कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की तमाम सुविधाओं समेत अन्य आवश्यक जानकारी शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य को प्रसव के समय होने वाली कठिनाइयों और दुघर्टनाओं से बचने का तरीका और उपचार, परिवार नियोजन और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी एएनएम को अपने कर्तव्यों के प्रति वचनबद्ध होकर कार्य करने की भी सलाह दी जा रही है। जिससे कि लाभार्थी को किसी तरह की कोई समस्या न होने पाए। इस मौके पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. बीसी पंतए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राजाराम यादव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार यादव और टीएसयू प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। एएमएन प्रत्येक बुधवार-शनिवार को सब सेंटरों पर पहुंचकर गर्भवतियों व शिशुओं को स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न तरह की सेवाओं का लाभ देती हैं। स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर गर्भवतियों व बच्चों की जांच भी करती हैं। डोर टू डोर अभियान के साथ सार्वजनिक स्थलों पर शिविर करती हैं। एएनएम को 49 प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसमें बीपी मशीन, स्टेथोस्कोप (आला), दो वजन मशीन (बच्चों-बड़ों के लिए), हब कटर, स्टेडियो मीटर,पेट जांचने के लिए टेबल-तख्त, एनाफायलेक्सिस किट, ईसीपी पैकेट, मूत्र परीक्षण स्ट्रिप्स व संग्रह कपए एचआइवी किटए सिफलिस किट, फेटोस्कोप एंड डापलर, एचबी परीक्षण स्ट्रिप, आयरन, कैल्शियम, जिंक समेत कई प्रकार की सामान्य दवाए गर्भनिरोधक सामग्री व स्टेशनरी शामिल है।

# मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश बना अग्रणी राज्य

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**प्रदेश** सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के विशेष अवसर पर विकास भवन सभागार में अयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने विगत 01 वर्ष में सरकार द्वारा जनकल्याण हेतु संचालित योजनाओं के विषय में जानकारीदी। कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश नित नई ऊचाईयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के उपरान्त मुख्यमंत्री ने अपने प्रशासनिक कौशल एवं दूरदर्शिता से प्रदेश में न केवल कानून का राज एवं अमन-चैन कायम किया, बल्कि जर्जर अर्थ व्यवस्था को पटरी पर लाकर समावेशी विकास के मार्ग को भी प्रशस्त किया। आज उ प्र अब तक के अपने सबसे बड़े 6,90,242 करोड़, 43 लाख रूपये के बजट के साथ वन ट्रिलियन डालर इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है। अब उत्तर पद्रेश की पहचान बीमारू व पिछड़े राज्य की नहीं, देश के अग्रणी राज्य के रूप में



हो रही है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि देश - दुनिया के निवेशकों को यह प्रदेश अपने बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी नीतियों एवं अपार सहूलियतों की वजह से आकर्षित कर रहा है। औद्योगिक घराने यहाँ अपने निवेश को सुरक्षित एवं ऊर्ध्वगामी मानकर उत्साहपूर्वक निवेश कर रहे हैं। इसका ज्वलंत प्रमाण हाल ही में 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्स्टर्स समिट की अपार सफलता है। इसमें देश-दुनिया के 25000 निवेशकों ने प्रतिभाग किया। 10 देशों ने कंट्री पार्टनर के रूप में तथा 40 देशों के 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने समिट में सहभागिता की। समिट में लगभग 35 लाख करोड़ रूपये के 20,652 एम.ओ. यू, हस्ताक्षरित हुए। इससे प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक नौकरी व रोजगार सृजित होंगे। ऐसा पहली बार हुआ कि निवेशक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नोएडा व ग्रेटर नोएडा तक ही सीमित नहीं रहें, बल्कि प्रदेश के सभी जनपदों में निवेश कर रहे हैं। पश्चिमी उ0प्र0 में 16,70,741 करोड़ रूपये, पूर्वाचल में 9 लाख 55 हजार करोड़ रूपये, बुदेलखण्ड में 4,27,873 करोड़ रूपये तथा मध्यांचल में 4,27 , 876 करोड़ रूपये का निवेश होगा। मंत्री ने बताया कि कोविड महामारी के कारण पूरे विश्व में आर्थिक मंदी के बावजूद वित्तीय अनुशासन एवं सधे हुए प्रयासों के चलते वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 16.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी, जो देश की विकास दर से अधिक रही। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान में जीएसडीपी में 17.07 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2023-24 के जीएसडीपी में वृद्धि दर 19 प्रतिशत अनुमानित है। वैश्विक मंदी के दौर में प्रदेश की अर्थव्यवस्था की यह विकास दर आशातीत एवं उत्साहजनक है। कहा कि नीतिगत निर्णयों के समयबद्ध क्रियान्वयन से आज उ0प्र0 ''ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'' रैकिंग में अचीवर स्टेट बन गया है। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत थी, जो आज घट कर 03 प्रतिशत रह गयी है। यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत वर्ष विश्व की 20 सबसे बड़ी अथव्यवस्थाओं के समूह जी - 20 की अध्यक्षता कर रहा है। यह वैश्विक समुदाय का भारत की नेतृत्व क्षमता में विश्वास का द्योतक है।

# राम जानकी मंदिर में हुई रामकथा


**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**श्रीराम** जानकी मंदिर में चल रही श्री राम कथा में कथा व्यास पंडित अवधेश मिश्रा श्रोताओं को कथा श्रवण कराते हुए बताया कि बेटियों को मां गौरी की उपासना अवश्य करनी चाहिए क्योंकि मां गौरी की आराधना पूजन से ही शक्ति स्वरूपा मां सीता को पूर्ण ब्रह्म ज्ञान रूपी श्रीराम की प्राप्ति हुई थी। मिश्रा ने बताया कि जनकपुर में एक वाटिका थी जो पुष्प वाटिका थी और लंका में एक वाटिका थी, जिसे



अशोक वाटिका कहा जाता था। अंतर इतना था कि पुष्प वाटिका एक योगी की वाटिका थी और अशोक वाटिका एक भोगी की वाटिका थी। परिणाम यह हुआ कि योगी की वाटिका में भक्ति रूपी सीता और ज्ञान रूपी राम की परिणित मिलन के रूप में होती है और अशोक वाटिका में वियोग होता है। अशोक वाटिका को महावीर हनुमान जी के द्वारा तहस-नहस कर दिया जाता है। इस तरह के मार्मिक कथा तथ्यों को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। विदित कि श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन पिछले 40 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष चैत शुक्ल प्रतिपदा से रामनवमी तक कथा का आयोजन रानी बाजपेई के द्वारा किया जा रहा है कथा में मन्दिर के पुजारी महाराज अरविंद नाथ बाजपेई, सुशील बाजपेई, निखिल तिवारी,कमलेश सिंह, हरिशंकर तिवारी, गुलशन कुमार भसीन, सुशील कुमार, रोहित बाजपेई, आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# भगवान राम पर अभद्र वीडियो वायरल करने वाले को हुई जेल



**संवाददाता।** निघासन खीरी

**मर्यादा** पुरुषोत्तम भगवान श्री राम पर अभद्र टिप्पणी करने संबंधी वीडियो वायरल करना एक अभियुक्त को महंगा पड़ गया ए कुंठित मानसिकता से ग्रसित उक्त अभियुक्त को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गत 24 मार्च को कस्बा निघासन निवासी आशीष जायसवाल की तहरीर के आधार पर भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देने वाले अभियुक्त ब्रह्मादीन पुत्र मैकूलाल निवासी ग्राम सहते पुरवा को आईटी एक्ट के तहत उसके घर से गिरफ्तार किया गया । पुलिस अधीक्षक गणेश साहा के निर्देशानुसार अभद्र टिप्पणी के माध्यम से समाज में विद्वेष का जहर घोलने वाले अराजक तत्वों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक राममिलन यादवए हेड कांस्टेबल लवकुश यादव तथा कांस्टेबल राजकुमार ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# कार की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी घायल

**बरेली।** थाना हाफिज गंज के गांव राजघाट में रिस्तेदार के यहाँ दावत में सामिल होने जा रहे पत्नी बच्चों के साथ बाइक से युवक को तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में उसकी पत्नी और बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव परेवा सादाब निवासी 34 वर्षीय लोकेश कुमार पुत्र जशवंत सिंह अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी और बेटे अंश के साथ राजघाट में दावत खाने जा रहे थे। हफीजगंज के पास उनकी बाइक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।जिससे लोकेश की मौके पर मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । मृतक लोकेश ट्रैक्टर चालक था ट्रैक्टर चला कर अपना गुजारा करता था।

# बच्चों को बताये तनाव से दूर रहने के उपाय

## ●शहर के दो निजी नर्सिंग कॉलेजों में जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम ने शिविर लगाकर छात्र छात्राओं को किया जागरूक

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**नर्सिंग** की पढ़ाई कर रही छात्र छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। वहीं उन्हें मानसिक रोगियों के लक्षणों और गतिविधियों के बारे में बताया गया। इसका उद्देश्य जनमानस में मानसिक बीमारियों को लेकर जागरूकता फैलाना और ऐसे मरीजों को पहचानना था जो मानसिक बीमारियों को समझ नहीं पाते और भूत बाधा के चक्कर में पड़ कर ओझा हकीमों के चक्कर में पड़ जाते हैं। जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम के द्वारा दो नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को मनोचिकित्सक डॉ.अखिलेश शुक्ला और नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ व जिला मानसिक टीम द्वारा शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई कि आजकल हर दूसरा व्यक्ति तनाव से पीड़ित हैं। लोग छोटी-छोटी बातों के बारे में इतना सोचते हैं कि अन्य जरुरी बातों पर उनका ध्यान ही नहीं जाता है। बढ़ा हुआ तनाव हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक हानिकारक होता है। अगर वक्त रहते इस स्ट्रेस और चिंता को कम ना किया जाए तो इसका बुरा असर हमारी ऑफिशियल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर भी पड़ता है। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा शहर के दो नर्सिंग कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधित स्ट्रेस मैनेजमेंट की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा सृजन नर्सिंग कॉलेज एवं इंदिरा नर्सिंग कॉलेज मे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट शिविर का आयोजन किया गया। मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला द्वारा शिविर में नर्सिंग कर रहे बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जानकारी प्रदान करने का उद्देश्य था कि भविष्य में बच्चे मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित समस्याओं की पहचान करते हुए अपने घर परिवार एवं समाज में मानसिक मरीजों को पहचान कर उनका इलाज करवा कर एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण करना था। सृजन कॉलेज में करीब 120 बच्चे व इंदिरा नर्सिंग कॉलेज मे 100 बच्चों को मानसिक स्वास्थ के बारे में बताया गया। शिविर के पश्चात दोनों स्कूलों के बच्चों को सूक्ष्म जलपान का वितरण किया गया। शिविर में दोनो नर्सिंग कॉलेजो के प्रधानाचार्यों, जनपद के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला साइकेट्रिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय, साइकेट्रिक नर्स विवेक मित्तल जिला एनसीडी काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव सहित कॉलेजों के अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

# क्विक न्यूज

## अवैध कालोनी पर चला बुलडोजर, 5 पर कार्रवाई

**बरेली।** प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा लाल फाटक बदायूँ रोड, बुखारा मोड़ पर 05 अवैध कालोनियों के विरूद्व चला प्राधिकरण का बुलडोजर। बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित अवैध कालोनियों के विरूद्व की गयी ध्वस्तीकरण कार्यवाही जिसमे प्रमोद साहू व अन्य द्वारा आईटीबीपी बदायूँ रोड पर क्लासिक सिटी नाम से 20 बीघा क्षेत्रफल में स्थित कालोनी में 02 निर्माणाधीन भवन, सड़क, नाली, गेट एवं साइट ऑफिस का निर्माण/विकास कार्य बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के किया जा रहा था। वरूण कोरी व अन्य द्वारा बदायूँ रोड पर लगभग 5000 वर्गमी क्षेत्रफल पर अवैध कालोनी विकसित कर सड़क, विद्युत पोल, बाउन्ड्रीवाल, साइट ऑफिस आदि का निर्माण / विकास कार्य किया जा रहा था। राम भरोसे लाल व अन्य के द्वारा आरबीएमआई के सामने लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में नवनिर्मित अवैध कालोनी का निर्माण ध् विकास कार्य करते हुए सड़क, भूखण्डों का चिन्हॉकन , साइट ऑफिस आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा था।



## पानी में डूबकर 6 साल की बच्ची की मौत

**शाहजहांपुर।** शाम गड्ढे में भरे बरसाती पानी में डुबकर 6 साल की बच्ची की मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने भट्ठा मालिक समेत दो के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने पलिया हाईवे पर बच्ची का शव रखकर जाम लगा दिया। आधे घंटे जाम लगने के बाद पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सीओ का कहना है कि विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मजदूर ने तेजाब पीकर दी जान

**बरेली।** मानसिक रूप से तनावग्रस्त चल रहे एक मजदूर ने घर में ही तेजाब पी लिया इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। किला थाना क्षेत्र के छावनी निवासी 40 वर्षीय बाबूलाल पुत्र छोटेलाल कि बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि बाबूलाल ठेला चलाकर मजदूरी करता था और चार बेटियों का पिता था पिछले कुछ समय से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था और कल शाम उसने अपने घर में ही तेजाब पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घर के लोगों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया यहीं पर देर रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक की पत्नी का नाम शामली है ।

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को खीरी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का ब्लॉक लखीमपुर क्षेत्र अंतर्गत जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर के खेल मैदान में भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने फीता काटकर किया। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मीण् 400 मीण1500 मीणए ऊँची कूद, गोला फेंक, कबड्डी, वॉलीबॉल जैसी विभिन्न विधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री टेनी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय जाना। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजयए बीडीओ पीयूष सिंह, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन पुष्पा सिंह, जिला क्रीडा अधिकारी सुनील कुमार भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खिलाड़ी मौजूद रहे। टेनी ने कहा कि एक खिलाड़ी के लिए उसका खेल भी एक साधना ही है, एक तपस्या है और जिसमें वो अपने आप को तपाता रहता है। सफल खिलाड़ी का फोकस भी बहुत सटीक होता है और तब जाकर के एक के बाद एक नए.नए पड़ाव पर विजयश्री प्राप्त करता हुआ आगे बढ़ता है। सांसद खेल स्पर्धा छिपी प्रतिभाओं को मंच दे रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को जी.20 की अध्यक्षता का अवसर मिला है।

## योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में योग थेरेपी,अनुसंधान का योगाभ्यास

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में चल रहे योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रातः कालीन प्रयोगात्मक सत्र में प्रवीण पाठक द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे समस्त प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया गया। इसमें विभिन्न आसनों के साथ-साथ सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। प्रयोगात्मक सत्र में बताया गया कि योगाभ्यास में निपुण होने के लिए सूक्ष्म क्रिया का क्या महत्व है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने भी प्रयोगात्मक सत्र में भाग लिया तथा समस्त प्रतिभागीयों से प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम व्याख्यान सत्र में महर्षि पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार से पधारे प्रोफेसर संदीप कुमार सिंह ने योग थेरेपी के संबंध में बहुत ही प्रभावी एवं ज्ञानात्मक व्याख्यान दिया इस अवसर पर डॉ अमित कुमार सिंह,असिस्टेंट प्रोफेसर ,राजकीय महाविद्यालय, फतेहपुर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रोफेसर संदीप कुमार सिंह का स्वागत किया गया । मंच संचालन डॉ नीलिमा सिंह, राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर रामपुर के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का परिचय डॉक्टर शीलधर दुबे,असिस्टेंट प्रोफेसर, दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय , राजाजीपुरम , लखनऊ द्वारा दिया गया। व्याख्यान के दूसरे सत्र में प्रोफेसर संदीप कुमार सिंह द्वारा योग के आधुनिक रुझान एवं अनुसंधान के संबंध में विस्तार पूर्वक व्याख्या की गई जिससे सभी प्रतिभागी लाभान्वित हुए।



## पिता-पुत्र की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल से ईट भट्टे पर काम करने के लिए जा रहे पिता पुत्र की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फरीदपुर थाना क्षेत्र के फरखपुर तकिया निवासी 50 वर्षीय अहमद और उसके पुत्र 22 वर्षीय नाजिर कि आज सुबह तड़के फरीदपुर में पचौनी गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतकों के परिजनों ने बताया कि नाजिम और अहमद पचौमी गांव में स्थिति ईट भट्टे पर काम करते थे और आज सुबह रोजाना की तरह लगभग 4 बजे मोटरसाइकिल से ईंट भट्टे पर काम करने के लिए अपने घर से निकले थे उनके कुछ दूरी पर नाजिर का भाई इशरत भी दूसरी मोटरसाइकिल पर उसी ईट भट्टे पर काम करने के लिए जा रहा था लेकिन अहमद और नाजिर की बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने ईट भट्टे से कुछ पहले ही टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन दोनों की रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया।

# हिंदू समाज को एकजुट करना ही एकमात्र लक्ष्य

● **विश्व हिंदू महासंघ के स्थापना दिवस पर 12 अप्रैल को लखनऊ ने निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा**

संवाददाता। चित्रकूट

**अंतर्राष्ट्रीय** हिंदू संगठन विश्व हिंदू महासंघ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर 12 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ होगा।जिसमें ओम में आस्था रखने वाले लाखो सनातनी सम्मिलित होगें।

विश्व हिंदू महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू संगठन विश्व हिंदू महासंघ की स्थापना 12 अप्रैल सन 1981 को काठमांडू, नेपाल में हुई। महासंघ अपनी 42 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 12 अप्रैल को लखनऊ में गोमती तट पर स्थित लक्ष्मण मेला मैदान से हजरतगंज, अटल चौक , राज भवन, विधान भवन से होकर दसनब्बे चौराहा तक एक दिव्य भव्य शोभायात्रा निकालेगा। बताया कि हिंदुत्व पुनर्जागरण अभियान के महानायक योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वृहद हिंदू समाज को एकजुट करना ही विश्व हिन्दू महासंघ की यात्रा का एकमात्र उद्देश्य है। बताया कि शोभायात्रा में बौद्ध धर्म ,जैन धर्म, सिख धर्म, नाथ पंथ, रैदास पंथ, शैव, शाक्त, वैष्णव, रागी,



बैरागी, नागा इत्यादि ओम में आस्था रखने वाले सभी सनातनी साथ चलेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया ने बताया कि यह भव्य आयोजन महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के नेतृत्व में होगा।बताया कि शोभा यात्रा में घोड़ों, बग्घियों व चार पहिया वाहनों पर चलने वाली भारत माता, राम, कृष्ण ,शिव ,गोरखनाथ, पशुपतिनाथ, बजरंगबली ,नवदुर्गा, डमरु दल, गौ, गंगा ,गीता, गायत्री ,मां पाटेश्वरी, रानी लक्ष्मीबाई इत्यादि की केसरिया ध्वज से सजी-धजी झांकियों से भारत की सांस्कृतिक विरासत का लघु रूप राजधानी की सड़कों पर दिखाई पड़ेगा। बताया कि शोभायात्रा का संयोजक लखनऊ मंडल प्रभारी संजय शुक्ल को बनाया गया है। उनके नेतृत्व में लखनऊ की जिला यात्रा की भव्य तैयारियों में युद्ध स्तर पर जुटी हुई है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से महासंघ के साथी भाग लेंगे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग की पैमाइश होते ही अतिक्रमणकारियों में मची खलबली

● **तीन दिन के अंदर खाली कर दें अवैध अतिक्रमण : विजय सिंह**

संवाददाता। राजापुर(चित्रकूट)

**गोस्वामी** तुलसीदास जी की जन्मस्थली राजापुर के विकास एवं सौन्दरीकरण के मद्दे नजर राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग प्रयागराज की 10 सदस्यीय टीम द्वारा बाईपास तिराहे से लेकर रैपुरा रोड तिराहे तक तथा रैपुरा तिराहे से लेकर छीबों तिराहे तक राजस्व टीम व नगर पंचायत की टीम द्वारा पैमाइश कराई गई जिसके दौरान अतिक्रमणकारियों के दुकानों व मकानों को चिन्हित कराकर लाल निशान लगाया गया और तीन दिन में खाली करने की चेतावनी दी गई है।

बताते चलें कि केंद्र सरकार द्वारा तुलसी धाम राजापुर के विकास एवं सौन्दरीकरण के लिए दो राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए कार्य बड़ी तेजी से किया जा रहा है जिसमें बाईपास तिराहे से लेकर राजापुर रैपुरा तिराहे तक पैमाइश की गई जिससे अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज के अवर अभियंता विजय सिंह ने बताया है कि बाईपास तिराहे से लेकर रैपुरा तिराहे तक सड़क के मध्य से दोनों ओर नौ-नौ मीटर तथा रैपरा तिराहे से छीबों तिराहे तक सड़क के मध्य से दोनों तरफ 12-12 मीटर तक सड़क खाली कराई जाएगी और अस्थाई व स्थायी निर्माण कार्यों को तीन दिन के अन्दर खाली करने के निर्देश जारी किए गए हैं और नगर पंचायत राजापुर के अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा के द्वारा नगर में मुनादी कराकर चिन्हित की गई जमीन को खाली कराने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि समय सीमा के अंतर्गत यदि चिन्हित की गई जमीन को खाली नहीं किया गया तो मंगलवार को उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ की अगुआई में बुल्डोजरों के माध्यम से चिन्हित जमीन को खाली कराने का अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा, राजस्व निरीक्षक संजय पाण्डेय, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, अमित गुप्ता, रज्जन प्रसाद आदि 10 सदस्यीय टीम मौजूद रही।



## क्विक न्यूज

### कांग्रेसियों को पुलिस ने किया घर में नजर बन्द

**फर्रुखाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गाँधी की लोक सभा की सदस्यता समाप्त होनें से कांग्रेसियों में आक्रोश है। लिहाजा वह विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें पुलिस नें घर में ही नजरबंद कर लिया। शहर कोतवाली के नाला मिस्त सुमाल निवासी युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम तिवारी अपने समर्थकों के साथ राहुल के समर्थन में सड़क पर उतरनें की योजना बना रहे थे। उसी दौरान पुलिस को भनक लग गयी। सूचना पर पुलिस एलर्ट हो गयी । शहर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला फोर्स के साथ शुभम के घर आ गये। उन्होंने घर पर ही युवा कांग्रेस अध्यक्ष को घर में ही नजर बंद कर लिया।

### ट्रैक्टर टेंपो की भिड़ंत से चार घायल

**मौदहा।** क्षेत्र में हुई अलग.अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो महिला सहित छह लोग बुरी तरह घायल हो गये,घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की दोपहर बिगहना मार्ग में सवारी भरकर मौदहा आ रही टेंपो को सरिया से भरा ट्रैक्टर मौदहा की ओर से चकदहा जा रहा था रमना के पास बनी पुलिया में क्रॉसिंग करते समय ट्रैक्टर के टक्कर से टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवारियों में चीख पुकार मच गई आनन फानन वहां से निकल रहे राहगीरों ने एंबुलेंस सेवा को फोन कर सूचना दी और लहूलुहान हालत में सभी घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जिसमें भुगैचा निवासी शिवपत निवासी चकदहा, पुष्पेंद्र राजाराम,निवासी भुगैचा सीमा पत्नी सुनील, मुन्नी पत्नी मलखान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में शुक्रवार की आधी रात के बाद घटित हुई चालक को नीद आ जाने के कारण फोटोकापी पेपर से लदा ट्रक पलट गया चीख.पुकार सुनकर वहां से निकल रहे राहगीरों ने एंबुलेंस को फोन कर दोनों घायल घायलों को लहूलुहान हालत में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जिसमें सलीम बरेली निवासी की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही उसके साथी मोहशीन निवासी बरेली का इलाज जारी है।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ।** मानसिक टेंशन के चलते युवक ने पशु बाड़े में पेड़ पर रस्सी डाल कर फांसी लगा ली। मुस्करा थाने के बसवारी गांव निवासी रवि राजपूत(22) पुत्र अर्जुन सिंह राजपूत शुक्रवार की रात पशु बाड़े में बेरी के पेड़ से रस्सी डालकर फांसी पर झूल गया। जब स्वजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के दो पुत्र राजेश और रवि थे। शुक्रवार को उसका छोटा भाई अर्जुन गेहूं की फसल बेचने के लिए गल्ला मंडी गया हुआ था। कि छोटी पुत्री सपना की अभी 11 फरवरी को ही शादी हुई है।

### युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जलाला गांव में युवती ने अज्ञात कारण के चलते बीती रात घर के बाहर नीम के पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक गांव की राधा (19) पुत्री हरिश्चंद्र निषाद ने बीती रात फांसी लगा ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतका की मां ने बताया कि बीती रात पुत्री मेरे बगल में सोई थी जब सुबह नींदखुली तो वह अपने बिस्तर पर नही थी। खोजबीन की तो बाहर नीम के पेड़ से शव लटका मिला मृतका का एक भाई है जो सूरत में मजदूरी करता है।उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ग्रह कलह से तंग युवती ने यमुना में लगाई छलांग

**कुठौंद (जालौन)।** गृह कलह से तंग आकर शुक्रवार को ग्राम मुरलीपुर निवासी युवती ने शेरगढ घाट से यमुना नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने यमुना नदी से निकलवा कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। कुठौंद थाना क्षेत्र की शंकरपुर चौकी के ग्राम सनगढ़ स्थित यमुना पुल से एक युवती ने छलांग लगा दी। वहां मौजूद मछुआरों ने युवती को कूदते देख लिया। आनन-फानन मछुआरों ने उसकी जान बचा ली। लोगों ने जिसकी सूचना थाना कुठौंद पुलिस के साथ जनपद औरैया पुलिस को भी दी। सूचना पर चौकी इंचार्ज शंकरपुर बलराम शर्मा मय हमराहियों के मौके पर पहुंच गए। मछुआरों तथा पुलिस की मदद से युवती को बचा लिया गया। पूछताछ करने पर युवती ने अपना नाम निर्जला पुत्री देवीशंकर निषाद उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मुरलीपुर थाना कुठौंद बताया। वहीं बताया गया कि युवती चार बहनों में तीसरे नंबर की थी और पिता कि पहले ही मृत्यु हो चुकी है। जो काफी समय से आर्थिक तंगी की मार झेल रही थी। जिस के संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कुठौंद अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि मछुआरों की मदद से युवती को बचा लिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी है। घटना सीमा जनपद औरैया की है, जिसे औरैया जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### मोदी-योगी के कुशल नेतृत्व में विश्व की आर्थिक महाशक्ति बन रहा भारत- पटेल

**चित्रकूट।** सूबे की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के छह साल पूरे होने पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने भजन संध्या स्थल में पत्रकार वार्ता कर योगी सरकार में ऐतिहासिक विकास कार्यो को गिनाया। सांसद ने कहा कि आजादी के बाद जिनता विकास कार्य मोदी-योगी सरकार में हुआ है। उनता किसी भी पूर्ववर्ती सरकार में नही किया। आज भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ-साथ विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में अभूतपूर्व विकास हुए हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे एवं चित्रकूट एयरपोर्ट समेत पर्यटन विकास के अनेकों कार्य हुए है। पर्यटन संग्रहालय भवन की स्थापना कराई गई है। राजापुर में तुलसीदास की जन्मस्थली में तुलसीपीठ का पर्यटन विकास किया जा रहा है। शनिवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने सीतापुर स्थित सत्संग भवन में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग ने तमाम वृद्धावस्था पेंशन से लाभान्वित किया है। 871 जोडों का सामूहिक विवाह कराया गया है। निराश्रित 965 महिलाओं को पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 2724 बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने तमाम विकास के कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र कर्वी में ट्राफिक चौराहे का सुन्दरीकरण के साथ करोडों की लागत से पार्क आदि का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस तेजी से देश-प्रदेश का विकास कर रहे हैं। उससे जाहिर है कि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है।

### शराबी बंदर के आतंक से ग्रामीण परेशान

**बांदा।** जनपद इन दिनों एक बंदर चर्चा का विषय बना हुआ है जो शराबियों से बोतल छीनकर शराब गटक जाता है। अहब परेशान ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारी से बंदर को पकड़कर जंगल में छोड़ने की गुहार लगाई है। विभाग ने एक टीम भेजी। बांदा में एक शराबी बंदर का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।शराबी बंदर शराबियों से शराब की बोतल छीनकर भाग जाता है और उसको पीकर नशे में जमकर उत्पाद मचाता है। जिससे इलाके के लोग परेशान हैं। लोगो ने वन विभाग को सूचना देकर इस शराब पीने वाले बंदर को पकड़ने की मांग की है। संजय अग्रवाल ने टीम बनाकर बंदर को पकड़ाने के निर्देश दिए हैं। बंदर आसपास के घरों में घुसकर सामान लेकर भाग जाता हैए भगाने पर काटने को दौड़ता है। 24 मार्च को बंदर शराब की बोतल छीनकर पीता हुआ नजर आ रहा हैए जिसका आसपास के लोगो ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। मामला मटौंध थाना इलाके के नगर पंचायत इलाके के आसपास का बताया गया है, जहां इस शराबी बंदर का आतंक है। बंदर 24 मार्च शुक्रवार को एक शराबी से बोतल छीनकर पी रहा हैए जिसका वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। अभी तक यह बंदर कुछ लोगो पर हमला भी कर चुका है। लोगो ने इसे वन विभाग से जल्द पकड़ाने की मांग की है। शराबी बंदर नगर पंचायतए थाना क्षेत्रए बस स्टैंड इलाके में हंगामा काटे हुए हैं। घरों में घुसकर खाना लेकर भाग जाता है, शराब पीने वालों से बोतल छीनकर भाग जाता है।

# आजादी के परवाने थे गणेश शंकर विद्यार्थी: नागेंद्र

● **पुण्य तिथि पर पत्रकारों ने किया नमन, हुए विभिन्न कार्यक्रम**

● **उनकी राह पर चलना भी देशसेवा, पत्रकार कोष की स्थापना के होंगे प्रयास**

संवाददाता। फ़तेहपुर



**पत्रकार** शिरोमणि अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज पत्रकार संगठनो ने उन्हें नमन किया। फ़तेहपुर प्रेस क्लब परिवार द्वारा प्रात: आठ बजें विद्यार्थी चौक पहुंच कर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया गया तत्पश्चात गोवंश को फल खिलाए गए। इस दौरान क्लब अध्यक्ष नागेंद्र प्रताप सिंह समेत पत्रकार एवं छायाकार बंधु मौजूद रहे। बाद में क्लब कार्यालय में अध्यक्ष श्री सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने आजादी की अलख जगाने का काम किया। उन्होंने साल 1913 से अंतिम समय तक प्रताप के संपादक रहते हुए अंग्रेजो की नींव हिला दी थी। कहा कि सत्य के मार्ग पर ईमानदारी से चलने वाले बिरले ही होते है, ऐसे ही सत्य के पुजारी की कानपुर के सांप्रदायिक दंगे में 25 मार्च 1931 को निर्दयता पूर्वक हत्या कर दी गई। विद्यार्थी जी के आदर्श पर चलते हुए उनके परिनिर्वाण दिवस 25 मार्च को संगठन की और से गणेशशंकर विद्यार्थी पत्रकार कोष की स्थापना के बाबत प्रयास करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत आकस्मिक दुर्घटनावश पत्रकार की मृत्यु पर, अथवा अशक्त होने की स्थिति में उन्हें अथवा उनके परिवार को शासन से दी जाने वाली सरकारी सहायता के साथ ही संगठन की ओर से अतिरिक्त मदद देने की आवश्यकता जताई गई।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने मां अन्नपूर्णा भोजन थाली का किया उद्घाटन

**फतेहपुर।** मानव सेवा परिवार व जन कल्याण समिति एक कदम आगे बढ़ाकर समाज के निर्धन निर्बल असहाय लोगों को 10 रूपये में थाली उपलब्ध कराकर एक इतिहास बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में आयोजित मानव सेवा परिवार जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित केंद्रीय राज्यमंत्री महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, अपर्णा सिंह, शैलेंद्र शरण सिंपल ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

# फर्रुखाबाद महोत्सव का शुभारंभ



**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद महोत्सव का प्रथम उद्घाटन मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा, इलेक्ट्रानिक व तकनीकी राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्रिश्चियन कालेज के मैदान में मंच पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।संयोजक ए डी एम सुभाष चंद्र प्रजापति द्वारा सजाए गए पांडाल व मंच पर मां बागेश्वरी की वन्दना गीत व नृत्य द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि श्री उपाध्याय ने कहा कि महोत्सव सांस्कृतिक चेतना के धरोहर होते हैं। भारत राम,कृष्ण व भोलेनाथ की धरती है।श्रीराम ने दक्षिण में भोलेनाथ की स्थापना सेतुबंध रामेश्वरम से की।श्रीकृष्ण ने हमे गीता का ज्ञान देकर कर्म करने की शिक्षा दी।भगवान भोलेनाथ के पूरे देश में 14 ज्योतिर्लिंग है।देश के तीनो देवता एकता के महानायक है।महोत्सव हमारी गौरवशाली विरासत का परिचय कराती है। महोत्सव में कलाकारो को भी प्रोत्साहन मिलेगा।मंच से स्थानीय कलाकारों की उपेक्षा नहीं होना चाहिए बल्कि उन्हें मंच देकर उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।उन्होंने निवेश के लिए फ्रांस जाने पर वहा के संस्मरण भी सुनाए। मंच पर मुख्य अतिथि श्री उपाध्याय,जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव,विधायक सुशील शाक्य,मेजर सुनील दत्त द्विवेदी,सुरभि गंगवार,जिला भा ज पा अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के अलावा जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, एस पी अशोक कुमार मीणा, एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति को एस डी एम , सिटी मजिस्ट्रेट व अधिशाषी अधिकारी ने प्रतीक चिन्ह एवम् सांस्कृतिक तस्वीर देकर सम्मानित किया।

# योगी सरकार के विकास से प्रदेश की तस्वीर बदल गई : योगेंद्र

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**योगी** आदित्यनाथ सरकार के विकास से पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल गई है।पहले की सरकारों को विदेश में गलत दृष्टि से देखा जाता था पर अब मोदी व योगी सरकारों को विश्व के सबसे बड़े विकास परक नेता के रूप में देखा जाता है,यह बात उच्च शिक्षा,विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कही। श्री उपाध्याय ने कहा कि विकास का द्वार तेजी से बढ़ते इंफ्रास्टेकचर से होता है जिसमे प्रदेश में एक्सप्रेस वे, फोर लेन सड़क, फ्लाई ओवर,पांच इंटर नेशनल एयरपोर्ट बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वाटर वे की प्रथम बार यू पी में शुरू हो रहा है।विधुत पहले की सरकारों में आती नही थी पर अब भाजपा सरकार में बिधुत जाती नही है।किसानों को सिंचाई के लिए इजराइल निर्मित ड्रोन सिस्टम उपलब्ध कराया गया है। यू पी में पहले बी श्रेणी के विश्वविद्यालय भी नही थे पर अब चार विश्वविद्यालय ए श्रेणी ग्रेट के मिल चुके हैं। बाहर के देशों से बातचीत चल रही है कि वह भी यहां अपने देश का कोर्स पढ़ाए जिससे भारतीयों को विदेश न जाना पड़े।देवीपाटन और मिर्जापुर में भी यूनिवर्सिटी खुलेगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई खेलकूद नीति बनी है जिसमे सभी यूनिवर्सिटी में खेलकूद प्रतियोगिता और सौ जिम केंद्र खोले जाएंगे।

पचास हजार ग्रामीण इकाइयों का गठन किया गया है जिससे किसान काफी समृद्ध शाली बनेगा।एक जिला एक उत्पाद विदेशों में भी काफी लोकप्रिय हो रहा है। श्री उपाध्याय ने कहा कि पूरे प्रदेश में बत्तीस लाख करोड़ का निवेश हुआ है जिससे सत्रह लाख लोगो को रोजगार मिलेगा। फर्रुखाबाद के विकास पर उन्होंने कहा कि 187 करोड़ की परियोजनाएं दी गई है।

दो फ्लाई ओवर और एक रेलवे उपरगामी पुल का निर्माण जारी है।पांच करोड़ की अधूरी परियोजना पर कहा कि यह योजना मेरे प्रभारी मंत्री होने पर अब जल्दी पूरी होगी। मोहम्मदाबाद सड़क गड्ढे में है पूछने पर कहा कि इटावा फर्रुखाबाद हाइवे की सड़के अब बनने लगी है। डाक्टरों की काफी कमी है के जबाव में कहा कि डाक्टरों की कमी को दूर किया जाएगा।भ्रष्टाचार पर पूछे प्रश्न के उत्तर में कहा भ्रष्टाचार में डूबे अधिकारी बच नहीं पाएंगे।

# युवक-युवती मंगल दलों की दिशा और दशा बदलने में कारगर साबित

संवाददाता। उरई (जालौन)

● **नवागंतुक जिला युवा कल्याण अधिकारी ने जिम्मेदारी उठाते ही बढ़ाई सक्रियता**

● **162 ग्राम पंचायतों में अगले माह तक वितरित कराई जाएंगी खेल किट**

**जनपद** के युवक और युवतियों को विभिन्न खेलों के साथ-साथ उनमें रचनात्मक कार्यों की और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के बीते बरस भले ही उथल-पुथल वाले रहे हो लेकिन अब एक बार फिर से यहां जनपद में युवक और युक्ति मंगल दलों की सक्रियता को बढ़ाने की दिशा में विभागीय अमले ने कमर कस ली है हाल ही के दिनों में विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाली नवागंतुक जिला युवा कल्याण अधिकारी की माने तो अगले माह तक जिले के 162 ग्राम पंचायतों में युवक और युवती मंगल दलों को खेल किट वितरित कराई जाएंगी यही नहीं उनका पूरा विश्वास है कि जिले के युवाओं की रचनात्मकता को बढ़ाने में वह कारगर साबित होंगी।

कुछ और से पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी के दायित्व को प्रथम बार मिलने के उपरांत लोक भारती के साथ औपचारिक भेंट वार्ता के दौरान युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी श्रीमती अर्चना प्रजापति ने बताया कि उनकी यह पहली पोस्टिंग है इससे पूर्व है राजस्व विभाग में लेखपाल का दायित्व निभा रही थी इस जिम्मेदारी के मिलने के बाद उन्हें अब युवाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रति प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी मिली है उनका साफ कहना है कि युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं भारत के संदर्भ में तो यह और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है श्रीमती अर्चना प्रजापति ने युवतियों को युवकों के समान सशक्त बनाने की सोच को दर्शाते हुए बताया कि नारी सशक्तिकरण के जरिए ही समाज को मजबूती दिलाई जा सकती है और इस कार्य को है पूरे संकल्प के साथ करना चाहेंगे उन्होंने बताया कि इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए नारियों को उनके अधिकार और कर्तव्य दोनों ही समन्वित तरीके से बतलाते हुए उन्हें आगे लाने की जरूरत है। युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रजापति ने यह भी कहा कि युवाओं को खेलकूद के माध्यम से जो संस्कार और अनुशासन की शिक्षा मिलती है वह उनके चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण साबित होती है उनका प्रयास रहेगा कि जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर युवक मंगल दल अपनी पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें उन्होंने यह भी बताया कि जिस तरह से बीते कुछ वर्षों के दौरान आम जनजीवन को कोरोना महामारी से बचाने की दिशा में कोरोना योद्धा के रूप में युवक मंगल दलों की भूमिका रही है वह चाहती है कि आगे इसी तरह के सामाजिक क्रियाकलापों में युवक और युवती मंगल दल दोनों ही अपनी सक्रियता को बढ़ाते हुए कार्य करें। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में कुल 574 ग्राम पंचायतों में युवक और युक्ति मंगल दलों का गठन किए जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जल्दी ही कार योजना के तहत उन्हें विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा जाएगा।

# हमीरपुर जिला कारागार से 250 बंदी स्थानांतरित किये जाएंगे चित्रकूट

संवाददाता। हमीरपुर

● **क्षमता से अधिक बंदी होने से हो रही भारी अव्यस्था**

**जिले** के स्थानीय कारागार में क्षमता से अधिक बंदी व कैदी होने के कारण यहां से शासन के

आदेश पर 250 बंदियों को चित्रकूट जेल में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। अभी फ्लिहाल पचास बंदियों का चित्रकूट स्थानांतरित किया जा चुका है,शेष को शीघ्र की चित्रकूट शिफ्ट कर दिया जायेगा। स्थानीय कारागार के जेलर वीएस त्रिपाठी ने आज बताया कि हमीरपुर कारागार की बंदियों व कैदियों की रखने की क्षमता चार सौ के करीब है मगर यहां पर पर करीब नौ सौ से अधिक बंदी कैदी निरुद्ध है,जिससे जिला जेल में लंबे समय से अव्यवस्था हो रही है। इसके लिये जेल प्रबंधन कई मर्तवा शासन को पत्र भी लिख चुका है जिसे लेकर अब समस्या का हल निकाला गया है। कुछ दिन पहले यहा से पचास बंदियों को चित्रकूट जिले की कारागार में शिफ्ट किया जा चुका है। जेल सूत्रो के मुताबिक जिले में विभिन्न प्रकार के अपराधों में बढोत्तरी होने के कारण अपराध रोजाना कई बंदी जेल में आ रहे है जिससे जेल में बंदियों के रखने की क्षमता कई महीने पहले समाप्त हो चुकी थी मगर अब शासन स्तर से समस्या का निदान होता जा रहा है। बताया जाता है कि महिला बंदियों की संख्या भी अधिक है इस पर भी शासन स्तर पर विचार किया जा रहा है।

# जल जीवन मिशन : खटान ग्राम समूह पेयजल योजना स्वीकृत

संवाददाता। बांदा

**जल** जीवन मिशन के अन्तर्गत रू0 1492ण्45 करोड़ की लागत से खटान ग्राम समूह पेयजल योजना स्वीकृत है। इस परियोजना से जनपद के 374 ग्राम आच्छादित होगें जिनकी कुल जनसंख्या 8ए29ए609 है। परियोजना पर वर्तमान में 160 एम0एल0डी0 इनटेकवेल व डब्लू0टी0पी0 संचालित कराकर 72ए257 नग पानी कनेक्शन दिये जा चुके हैं तथा 35 ग्रामों में ट्रायल टेस्टिंग के रूप में पेयजलापूर्ति संचालित है।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रू0 847ण्64 करोड की लागत से अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना भी स्वीकृत है। इस परियोजना से जनपद के 243 ग्राम आच्छादित होगें जिनकी कुल जनसंख्या 6ए29ए712 है। परियोजना पर वर्तमान में नलकूप आधारित 26 ग्रामों में कार्य पूर्ण कर पेयजलापूर्ति संचालित है। वर्तमान में 106 एम0एल0डी0 इनटेकवेल का कार्य 68 प्रतिशत तथा डब्लू0टी0पी0 का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कराते हुये 62ए076 नग पानी कनेक्शन दिये जा चुके हैं।


जनपद बाँदा में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस.वे परियोजना से आच्छादित 770ण्12 हे0 भूमि का समयबद्व अधिग्रहण कराकर रू0 1450ण्00 करोड़ की लागत से 61ण्31 किमी0 लम्बे एक्सप्रेस.वे मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। जनपद में रू0 6 अरब 64 करोड़ 71 लाख की लागत से जनपद बांदा में विभिन्न प्रकार की सड़कों एवं पुलों के पहुंच मार्ग तथा भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

सड़को के निर्माण हेतु जनपद में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 603 कार्य स्वीकृत हैं जिनकी कुल लम्बाई 1800ण्84 किमी0 एवं लागत रू0 76416ण्40 लाख है। वर्तमान में 1294ण्65 किमी0 लम्बाई में कार्य पूर्ण है । अवशेष कार्य विभिन्न स्तरो में प्रगति पर है।

जनपद में रू0 569ण्28 लाख की लागत से विशिष्ट मण्डी समिति में 5000 मै0टन गोदाम का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया ।


# मंत्री ने किया विकास पुस्तिका का विमोचन

संवाददाता। फतेहपुर



**जिले** के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में यूपी सरकार के छह वर्षों के विकास कार्यों की पुस्तक का विमोचन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर विकास कार्य करा रही है। सभी वर्गों के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। छह वर्षों के कार्यकाल में योगी सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। माफियाओं की कमर तोड़ने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए यूपी सरकार कृत संकल्प है। जिसके तहत ही जी-20 सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें उद्यामियों के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में श्री सचान ने कहा कि अस्पतालों में पच्चीस प्रतिशत डाक्टरों की कमी है लेकिन सरकार हर हाल में डाक्टरों की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था कराने में लगी है। जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। उन्होंने हाल ही में धान तौल को लेकर बड़े पैमाने में हुए घोटाले को लेकर डीएम को जाँच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने राहुल गांधी की संसद में सदस्यता ख़त्म होने के सवाल पर कहा कि न्यायालय ने फैसला सुनाया है।

# भाजपा सरकार में अब अन्नदाता से ऊर्जादाता बन रहा किसानः सांसद



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत जैविक खेती को बढ़ावा देने एवं कृषकों को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय जैविक मेला एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत मिलेट्स की फसलों को बढ़ावा देने के दृष्टिगत रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद आर के सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद आर के सिंह पटेल ने बताया गया कि इस वर्ष केन्द्र एवं राज्य सरकार ने श्री अन्न को बढ़ावा देने हेतु मिलेट्स महोत्सव के रूप में मना रही है। किसान भाई परम्परागत जैविक खेती अपनाते हुए रसायन / सर्वथा मुक्त श्री अन्न कोदो, सांवा, ज्वार, बाजरा, रागी, काकून, आदि का उत्पादन करें एवं एफपीओ बनाकर अधिक से अधिक किसानों को जोड़ते हुए छोटी-छोटी मिल स्थापित कर श्री अन्न के उत्पाद से विरकुट आटा, चावल आदि तैयार कर बाजार में अच्छे रेट में बेचे एवं स्वयं भी उपयोग कर। जिससे किसान बड़ी-बड़ी बीमारियों से मुक्त रहे और किसान की आय भी बढ रही है। जिसके लिये कृषि विभाग ने सहयोग के लिये एक कलस्टर पर 4500 रू0 धनराशि सामग्री कय करने हेतु किसानों को दिये जा रहे है। किसान भाई अपने खेत पर सोलर पम्प लगाकर अन्नदाता से ऊर्जादाता भी बन सकते हैं। मौके पर सांसद द्वारा कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापना हेतु गनेश प्रताप सिंह ग्राम उंचाडीह मानिकपुर, श्रीमती प्रेम प्यारी ग्राम लवेदक एवं एफपीओ दीन दयाल प्रो0क0 कर्वी फर्म मशीनरी बैंक के अध्यक्ष को प्रमाण पत्र एवं ट्रैक्टर की चाभी देकर सम्मानित किया गया।

# और मजबूत होंगे अमेरिका-कनाडा संबंध

● बाइडन, टुडो ने अविभाज्य रिश्तों, साझा मूल्यों की महत्ता को रेखांकित किया



**भाषा।** ओटावा (कनाडा)

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडो ने अमेरिका और कनाडा के बीच करीबी एवं अविभाज्य संबंधों की महत्ता को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि दोनों राष्ट्रों के साझा मूल्य दुनिया के लिए कभी इतने ज्यादा अहम नहीं रहे, जितने वे अब हैं। राष्ट्रपति के तौर पर कनाडा की पहली यात्रा पर आए बाइडन ने कहा कि यह अमेरिका का सौभाग्य है कि कनाडा उसका पड़ोसी है। उन्होंने कहा कि दोनों ही देश तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, यूरोप में युद्ध और अन्य मामलों से जूझ रहे हैं। प्रवासियों संबंधी मुद्दे पर बाइडन और टुडो ने एक समझौते का ऐलान किया है जिसका लक्ष्य शरण लेने के लिए गैर आधिकारिक तरीके से अमेरिका की सीमा पार कर कनाडा आने वाले लोगों को रोकना है। यह समझौता मौजूदा नियमों में कमियों को दूर करेगा और दोनों देश शरण मांगने वाले लोगों को अपनी-अपनी सीमाओं से ही वापस भेज सकेंगे। हालांकि कनाडा ने ऐलान किया है कि वह पश्चिमी गोलार्ध के 15,000 प्रवासियों को देश में प्रवेश करने का आधिकारिक मौका देगा। नई नीति के अनुसार, अगर कोई गैर अमेरिकी या कनाडाई नागरिक बिना दस्तावेज़ों के सीमा पार करने के 14 दिन के अंदर पकड़ा जाता है तो उसे वापस भेजा जाएगा। यह नीति शनिवार मध्य रात्रि से लागू होगी। संसद में अपने भाषणों से पहले दोनों नेता शीर्ष सहायकों के साथ निजी बातचीत के लिए बैठे। इस दौरान यूक्रेन और रक्षा खर्च के अलावा चीन की आक्रामकता और हैती में हिंसा एवं राजनीतिक अस्थिरता समेत विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की गई। टुडो ने बीजिंग की बढ़ती आर्थिक शक्ति को रेखांकित किया और इससे निपटने के लिए अमेरिका और कनाडा के मिलकर काम करने की जरूरत पर बल दिया। बाइडन ने अपने भाषण में कहा, आज हमारी नियति आपस में जुड़ी हुई है और वे अविभाज्य हैं। यह भौगोलिक अनिवार्यता के कारण नहीं है, बल्कि इसलिए है, क्योंकि हमने इसे चुना है। कनाडा और अमेरिका यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता साझा करते हैं कि नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) हर प्रकार के खतरे को रोक सके और हर प्रकार की आक्रामकता के खिलाफ बचाव कर सके। टुडो ने यूक्रेन पर रूस के हमले को नाकाम करने में मदद देने के लिए अमेरिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने का संकल्प लिया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने और दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ाने के लिए और अधिक निकटता से समन्वय करने की जरूरत पर भी बात रखी।

# इमरान को आतंकवाद से जुड़े तीन मामलों में जमानत मिली

**भाषा।** लाहौर,



**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आतंकवाद-रोधी एक अदालत ने आतंकवाद से जुड़े तीन मामलों में शनिवार को चार अप्रैल तक अग्रिम जमानत दे दी। इमरान के खिलाफ ए मामले लाहौर पुलिस ने दर्ज किए हैं। इमरान (70) यहां आतंकवाद रोधी अदालत के समक्ष पेश हुए। इस दौरान उनके सैकड़ों समर्थक भी साथ थे। इमरान ने न्यायाधीश एजाज अहमद बुट्टर से कहा कि वह लाहौर की रेसकोर्स पुलिस द्वारा दर्ज तीन आतंकवाद मामलों की जांच में शामिल होना चाहते हैं। अदालत के एक अधिकारी ने सुनवाई के बाद कहा, उन्होंने कहा कि हालांकि ए मामले फर्जी हैं, उन्हें जांच में शामिल होना है और इस उद्देश्य से वह अग्रिम जमानत के लिए अनुरोध कर रहे हैं। अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत देते हुए हर सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को बड़ी संख्या में अपने समर्थकों को अदालत में नहीं लाने को भी कहा। न्यायाधीश ने कहा, "अगर अगली बार आपके साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग अदालत में आए, तो मैं मामले की सुनवाई नहीं करूंगा। लाहौर पुलिस ने तोशाखाना उपहार मामले में इमरान को गिरफ्तार करने के अभियान के दौरान उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई झड़प को लेकर ए तीन मामले दर्ज किए थे। पाकिस्तान की एक अदालत ने आतंकवाद से जुड़े पांच मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दी गई अग्रिम जमानत की अवधि शुक्रवार को 27 मार्च तक के लिए बढ़ा दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान (70) शुक्रवार को कड़े सुरक्षा घेरे के बीच लाहौर उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों वाली पीठ के समक्ष पेश हुए। इमरान को पिछले हफ्ते आतंकवाद के इन मामलों में गिरफ्तारी से 24 मार्च तक के लिए सुरक्षा प्रदान की गई थी। इन पांच मामलों में से एक इस्लामाबाद में एक न्यायिक परिसर में कथित हमले से संबंधित है। सरकार के विधि अधिकारी ने इमरान की अग्रिम जमानत अवधि बढ़ाने का यह कहते हुए विरोध किया।

## अमेरिका के मिसिसिपी में तूफान की चपेट में आने से 23 लोगों की मौत : अधिकारी

**भाषा।** रोलिंग फोर्क

**अमेरिका के** ग्रामीण मिसिसिपी और अलबामा में शुक्रवार रात को आए शक्तिशाली तूफान की चपेट में आने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। तूफान से मची तबाही के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मिसिसिपी में आपात अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मिसिसिपी आपात प्रबंधन एजेंसी ने पुष्टि की कि शनिवार सुबह छह बजकर 20 मिनट तक तूफान से 23 लोगों के मरने की सूचना है और कई लोग घायल हुए हैं तथा राज्य में चार लोग लापता हैं। एजेंसी ने ट्विटर पर पोस्ट कर कहा कि स्थानीय और राज्य की कई एजेंसियों से टीम तलाश एवं बचाव अभियान में जुटी है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने तूफान की पुष्टि की, जिससे मिसिसिपी के जैकसन के उत्तर पूर्व में करीब 96 किलोमीटर तक तबाही मची।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मुफ्त आटा लेने के दौरान चार बुजुर्गों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले कुछ दिनों में सरकारी वितरण केंद्रों से मुफ्त आटा लेने की कोशिश के दौरान कम से कम चार बुजुर्गों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आसमान छूती महंगाई से निपटने के लिए विशेष रूप से पंजाब प्रांत में गरीबों के लिए मुफ्त आटा योजना शुरू की गई थी। इसका लाभ उठाने के लिए सरकारी वितरण केंद्रों पर भीड़ उमड़ पड़ी और कई लोगों की मौत हो गई। पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मुल्तान, मुजफ्फरगढ़ और फैसलाबाद शहरों में पिछले कुछ दिनों में मुफ्त गेहूं का आटा लेने के प्रयास में चार बुजुर्गों की मौत हो गई और कई बेहोश हो गए। उन्होंने कहा कि लोगों की भारी भीड़ और वितरण केंद्रों पर सुविधाओं की कमी के कारण ए घटनाएं हुईं। दो लोगों की मौत भगदड़ की वजह से हुई और दो व्यक्तियों की घंटों तक कतार में खड़े रहने के कारण थकान की वजह से मौत हो गई। दूसरी ओर पुलिस ने लोगों को कतार में खड़ा करने के लिए लाठीचार्ज किया। लोगों ने इन वितरण केंद्रों पर जिला प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था नही किए जाने और आटे की कम आपूर्ति का आरोप लगाया है।

## भारतीय अमेरिकी गायकवाड़ फ्लोरिडा के विश्वविद्यालय के न्यासी मंडल में पुनः नियुक्त

**वाशिंगटन।** फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसांटिस ने प्रभावशाली भारतीय अमेरिकी व्यवसाई दिग्विजय डैनी गायकवाड़ को फ्लोरिडा के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के न्यासी मंडल में शुक्रवार को पुनः नियुक्त किया। गवर्नर के कार्यालय ने एक बयान में कहा, गवर्नर रॉन डीसांटिस ने दिग्विजय डैनी गायकवाड़ को यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल फ्लोरिडा के न्यासी मंडल में फिर से नियुक्त करने की घोषणा की। ओकाला निवासी गायकवाड़ एनडीएस यूएसए के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी है। इसके अलावा वह डैनी जी मैनेजमेंट के संस्थापक, डैनी डेवलपमेंट एंड इंवेस्टमेंट के संस्थापक और डीजी हॉस्पिटैलिटी के मालिक है। गायकवाड़ का जन्म वडोदरा में हुआ था। उनके पिता एक न्यायाधीश और दादा भारतीय सेना में कर्नल थे। उन्होने वडोदरा स्थित सयाजीराव गायकवाड़ विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में स्नातक की डिग्री ली। वह अपनी पत्नी मनीषा के साथ 1987 में अमेरिका आ गए थे।

# गार्सेटी ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में शपथ ली



**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन के करीबी माने जाने वाले एरिक गार्सेटी को उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारत में अमेरिका के राजदूत के तौर पर शपथ दिलाई। अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण यह राजनयिक पद करीब दो वर्ष से खाली था। शपथ दिलाए जाने के वक्त गार्सेटी की बेटी माया ने हिब्रू बाइबल ले रखी था जिसपर हाथ रखकर उन्होंने शुक्रवार को शपथ ली और हैरिस ने उन्हें शपथ दिलाई। गार्सेटी जब भारत में अमेरिकी राजदूत पद की शपथ ले रहे थे उस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य और मित्र मौजूद थे। इस शपथ समारोह में उनकी पत्नी एमी वेकलैंड, पिता गिल गार्सेटी, मां सुके गार्सेटी और सास डी वाकेलैंड ने हिस्सा लिया। जब उनके राजनयिक कार्यों के बारे में पूछा गया तो 52 वर्षीय गार्सेटी ने कहा, वह बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं और अपने कार्यों को निष्पादित करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते हैं। मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि उप राष्ट्रपति ने शपथ दिलाई। गौरतलब है कि लॉस एंजिलिस के पूर्व महापौर गार्सेटी को राष्ट्रपति बाइडन ने पिछले साल नामांकित किया था और जुलाई 2021 से ही उनकी नियुक्ति की पुष्टि अमेरिकी कांग्रेस में लंबित थी। इस महीने के शुरुआत में सीनेट ने 42 मतों के मुकाबले 52 मतों से गार्सेटी की नियुक्ति की पुष्टि की। शपथ लेने के तुरंत बाद अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने गार्सेटी से मुलाकात की। भारतीय राजदूत संधू ने शुक्रवार को बैठक के बाद ट्वीट किया, एरिक गार्सेटी को भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में शपथ लेने पर बधाई। उन्होंने कहा, ... वह भारत रवाना होने की तैयारी कर रहे हैं, इस बीच हमने अपने नेताओं के दृष्टिकोण के अनुरूप, द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने के लिए कुछ तात्कालिक प्राथमिकताओं पर चर्चा की। संधू ने कहा कि वह गार्सेटी के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं।

## अमेरिका में भारतीय दूत ने भारत के लिए नए अमेरिकी राजदूत से मुलाकात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने भारत के लिए नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी से मुलाकात की एवं द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और गहरा बनाने के लिए तात्कालिक प्राथमिकताओं पर चर्चा की। उनकी यह मुलाकात गार्सेटी के शुक्रवार को भारत में अगला अमेरिकी राजदूत के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद हुई। गार्सेटी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के करीबी सहयोगी हैं और उन्हें उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने आधिकारिक तौर पर अमेरिकी राजदूत के रूप में शपथ दिलाई। भारतीय राजदूत संधू ने शुक्रवार को बैठक के बाद ट्वीट किया, एरिक गार्सेटी को भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में शपथ लेने पर बधाई। उन्होंने कहा,वह भारत रवाना होने की तैयारी कर रहे हैं, इस बीच हमने अपने नेताओं के दृष्टिकोण के अनुरूप, द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने के लिए कुछ तात्कालिक प्राथमिकताओं पर चर्चा की। संधू ने कहा कि वह गार्सेटी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत का पद जनवरी 2021 से खाली है।

## लोकसभा से राहुल गांधी की अयोग्यता गांधीवादी विचारधारा के साथ गहरा विश्वासघात : खन्ना

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के प्रभावशाली अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया जाना गांधीवादी विचारधारा के साथ गहरा विश्वासघात है। राहुल गांधी को शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। इससे पहले, बृहस्पतिवार को सूरत (गुजरात) की एक अदालत ने 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में राहुल को दोषी करार देते हुए उन्हें दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी। रो खन्ना ने ट्वीट किया, राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाना गांधीवादी दर्शन और भारत के गहरे मूल्यों के साथ गहरा विश्वासघात है। उन्होंने कहा, यह वह नहीं है, जिसके लिए मेरे दादाजी ने अपनी जिंदगी के कई साल जेल में कुर्बान कर दिए थे। रो खन्ना अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह भारत और भारतीय-अमेरिकियों पर अमेरिकी संसद के कॉकस के सह-अध्यक्ष हैं।

## मानवता का अस्तित्व जल प्रबंधन पर निर्भरः गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वैश्विक जल संसाधनों पर तीन दिवसीय सम्मेलन के आखिरी दिन शुक्रवार को कहा कि मानवता का अस्तित्व इस बात पर निर्भर करता है कि लोग जल का प्रबंधन कैसे करते हैं। इस सम्मेलन में विकासशील देशों ने स्वच्छ पेयजल और बेहतर स्वच्छता का आह्वान किया। गुतारेस ने कहा, भविष्य के लिए मानवता की सभी उम्मीदें किसी न किसी रूप में जल के सतत प्रबंधन और संरक्षण के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि इसमें कृषि के लिए जल के तर्कसंगत उपयोग और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अधिक आक्रामक कार्वाई करना शामिल है। उन्होंने कहा कि जल वैश्विक राजनीतिक एजेंडे के केंद्र में होना चाहिए। सम्मेलन की पूर्व संध्या पर जारी संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी (दो अरब लोग) के पास स्वच्छ पेयजल नहीं है और 46 प्रतिशत आबादी (3.6 अरब लोग) मूलभूत स्वच्छता के अभाव में जी रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अध्ययन से यह भी पता चला है कि दुनिया की लगभग आधी आबादी 2030 तक गंभीर जल संकट का सामना करेगी। सम्मेलन में जल संकट से जूझ रहे देशों खासतौर से विकासशील देशों ने संयुक्त राष्ट्र सदस्यों से अपनी जनता को स्वच्छ पेयजल और बेहतर स्वच्छता प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय मदद की आवश्यकता पर जोर दिया।

## महाराजा चार्ल्स ने एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में शामिल पॉलबियरर को सम्मानित किया

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स द्वितीय ने शनिवार को एक विशेष शोक सभा कार्यक्रम में पिछले साल दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार के दौरान उनके ताबूत को ले जाने वाले आठ पॉलबियरर को सम्मानित किया। महाराजा की कंपनी ऑफ फर्स्ट बटालियन ग्रेनेडियर गार्ड्स जिसे पहले महारानी की कंपनी कहा जाता है, से जिन ब्रिटिश सैनिकों को पॉलबियरर के रूप में चयनित किया गया था उन्हें रजत शाही विक्टोरियन पदक से सम्मानित किया गया। महारानी की सेवा के सम्मान में उन्हें रॉयल विक्टोरियन ऑर्डर (आरवीओ) के तहत विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महारानी का पिछले साल सितंबर में 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। आरवीओ ब्रिटिश महाराजा द्वारा प्रदान किया जाता है और अन्य शाही सम्मानों के विपरीत यह प्रधानमंत्री की सलाह पर नहीं दिया जाता है। इसे महाराजा और शाही परिवार की सेवा करने वालों की विशेष मान्यता के रूप में देखा जाता है। यह 19वीं शताब्दी से चलन में है और इसकी स्थापना महारानी विक्टोरिया ने 1896 में की थी।

## फेसब्लाइंडनेस से पीड़ित लोगों पर डॉक्टर ही नहीं कर पाते यकीन

**ऑर्मस्कर्क (ब्रिटेन)।** कल्पना करिए कि जिंदगी कैसी होगी अगर आप अपने परिवार तथा दोस्तों को तब तक पहचान नहीं पाते जब तक वे आपको न बताए कि वे कौन हैं। अब कल्पना करिए कि कोई आपकी बात पर यकीन नहीं करेगा , बल्कि आपका डॉक्टर तक आप पर विश्वास नहीं करेगा और कहेगा कि हर कोई कभी कभार नाम भूल जाता है। हाल के दो अध्ययन से पता चलता है कि यह डेवलेपमेंटल प्रोसोपैग्नोसिया नामक मस्तिष्क विकार से जूझने वाले लोगों की आम समस्या है। इस बीमारी को अनौपचारिक रूप से फेसब्लाइंडनेस भी कहते हैं यानी ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्ति को लोगों के चेहरे पहचानने में दिक्कत होती है। कोई भी पक्के तौर पर यह नहीं बताता कि लोगों को यह बीमारी क्यों होती है लेकिन यह पीढ़ी दर पीढ़ी हो सकती है जिससे पता चलता है कि यह आनुवंशिक हो सकती है। ऐसा अनुमान है कि दो-तीन प्रतिशत वयस्क आबादी इससे पीडि़त हो सकती है। दिसंबर 2022 में प्रकाशित एक अध्ययन एज हिल विश्वविद्यालय में किया गया। हमारे नतीषों से पता चलता है कि फेसब्लाइंडनेस से पीडि़त 85 प्रतिशत लोग अगर पारंपरिक पद्धति अपनाते हैं तो उनमें बीमारी का पता नहीं चलेगा। उदाहरण के लिए अध्ययन में भाग लेने वाले लोगों ने यदि अपने डॉक्टर से हैं और उनसे कहां मिले थे। थोड़ा संयम काफी फायदेमंद हो सकता है।

# कनाडा पंजाब की स्थिति पर नजर रख रहा है : विदेश मंत्री मेलानी

**भाषा।** टोरंटो

**अलगाववादी** अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्वाई के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जॉली ने कहा है कि उनका देश पंजाब के घटनाक्रम पर काफी करीब सै नज़र रख रहा है और समुदाय की चिंताओं को दूर करना जारी रखेगा। जॉली बृहस्पतिवार को हाउस ऑफ कॉमंस में भारतीय-कनाडाई सांसद इकविंदर एस. गहीर के एक सवाल का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा, हम पंजाब के घटनाक्रम से अवगत हैं और हम बारीकी से इस पर नजर रख रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि बेहतर स्थिति बहाल होगी। जॉली ने कहा, कनाडाई लोग यह सुनिश्चित करने के लिए हमेशा कनाडा सरकार पर भरोसा कर सकते हैं कि हम समुदाय के कई सदस्यों की चिंताओं को दूर करना जारी रखेंगे। गहीर ने कहा था कि उन्होंने पंजाब में बड़े पैमाने पर इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के बारे में सुना है। अमृतपाल के खिलाफ कार्वाई पर विदेशी नेताओं एवं सांसदों की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने विदेश में रहने वाले लोगों से आग्रह किया कि वे "गलत और प्रेरित विमर्शै पर विश्वास नहीं करें जो कुछ तत्वों द्वारा सोशल मीडिया में पोस्ट किए जा रहे हैं। प्रवक्ता ने नई दिल्ली में कहा, "पंजाब में अधिकारी एक भगोड़े को पकड़ने के लिए अभियान चला रहे हैं। उस अभियान के बारे में, संबंधित अधिकारी नियमित रूप से जानकारी साझा कर रहे हैं।

# पेंसिल्वेनिया में चॉकलेट फैक्टरी में विस्फोट : पांच लोगों की मौत

● छह लोग लापता

**भाषा।** वेस्ट रीडिंग (अमेरिका)



**अमेरिका के** पेंसिल्वेनिया में एक चॉकलेट फैक्टरी में शुक्रवार शाम को विस्फोट हो जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वेस्ट रीडिंग में स्थित आर.एम. पामर कॉरपोरेशन संयंत्र में शुक्रवार शाम पांच बजे से ठीक पहले विस्फोट हुआ था और पेंसिल्वेनिया आपात प्रबंधन एजेंसी ने शनिवार सुबह मृतकों की संख्या में वृद्धि की पुष्टि की। वेस्ट रीडिंग बोरो पुलिस विभाग के प्रमुख वेन होल्बेन ने वेस्ट रीडिंग स्थित आर. एम. पाल्मर कॉरपोरेशन के संयंत्र में हुए विस्फोट से एक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई है और आस पास की इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। विस्फोट स्थल का दौरा करने गईं महापौर सामंथा काग ने कहा, इससे काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, विस्फोट इतना भीषण था कि विस्फोट स्थल के सामने स्थित गिरजाघर और अपार्टमेंट तक इसका असर दिखा। होल्बेन ने पत्रकारों से कहा कि फिलाडेल्फिया से 96 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में हुए विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता टावर हेल्थ की प्रवक्ता जेसिका बेजलर ने ईमेल से जवाब में कहा कि आठ लोगों को रीडिंग हॉस्पिटल ले जाया गया। दो लोग मामूली रूप से घायल थे और पांच लोगों का उपचार हो रहा है जिन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। बेजलर ने कहा कि एक मरीज को अन्य अस्पताल में रेफर किया गया है, हालांकि उन्होंने उसकी जानकारी नहीं दी। विस्फोट के कारण अब कोई खतरा नहीं है, लेकिन होल्बेन ने निवासियों को फैक्टरी के आसपास के क्षेत्र से दूर रहने का निर्देश दिया।

## तालिबान विदेश में अधिक अफगान दूतावासों का प्रभार चाहता है

**इस्लामाबाद।** तालिबान सरकार विदेश में और अधिक अफगान दूतावासों का प्रभार अपने हाथों में लेना चाहती है। एक सरकारी प्रवक्ता ने महिलाओं और लड़कियों पर लगाई गई पाबंदियों को लेकर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अलग-थलग किए जाने के बीच शनिवार को यह बात कही। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की हुकूमत संभालने के बाद तालिबान ने अधिक उदार शासन का भरोसा दिलाया था, लेकिन बाद में उसने मौलिक अधिकारों को कमतर करने वाले कई प्रतिबंधों की घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र और कई देशों की सरकारों ने महिलाओं की शिक्षा और रोजगार पर तालिबान द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की कड़ी आलोचना की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान सरकार को आधिकारिक तौर पर मान्यता देने को लेकर आशंकित है। हालांकि, पाकिस्तान, तुर्किए, कतर और चीन जैसे देशों ने अफगानिस्तान में अपने दूतावास सक्रिय रखे हैं।

## क्या अमेरिका को टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाना चाहिए? क्या वह ऐसा सकता है?

**एम्स (अमेरिका)।** टिकटॉक के सीईओ शौ ज़ी च्यू ने 23 मार्च, 2023 को सदन की एनर्जी एंड कॉमर्स कमेटी के समक्ष गवाही दी, इस बीच कांग्रेस के सदस्यों ने संघीय सरकार से चीनी स्वामित्व वाले इस वीडियो सोशल मीडिया ऐप पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। संघीय सरकार, कई राज्यों और विदेशी सरकारों और कुछ कंपनियों ने, कार्य के लिए दिए गए फोन पर टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी कामकाज से जुड़े डेटा की सुरक्षा के लिए इस तरह का प्रतिबंध कारगर हो सकता है। लेकिन ऐप पर पूर्ण प्रतिबंध एक अलग मामला है, जो कई सवाल खड़े करता है: टिकटॉक क्या डेटा गोपनीयता जोखिम पैदा करता है? ऐप द्वारा एकत्र किए गए डेटा के साथ चीनी सरकार क्या कर सकती है? क्या इसकी सामग्री अनुशंसा एल्गोरिथम खतरनाक है? और क्या किसी ऐप को बैन करना संभव भी है?

# सार्वजनिक रेडियो स्थानीय समाचार संकट को हल करने में सक्षम

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**2005 के** बाद से 2,500 से अधिक स्थानीय समाचार पत्र, जिनमें से अधिकांश साप्ताहिक थे, बंद हो गए, और कई बंद होने वाले हैं। अखबारों की संख्या में गिरावट की प्रतिक्रियाएं अरबपतियों को स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों को खरीदने के लिए लुभाने से लेकर डिजिटल स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने तक रही हैं। लेकिन इच्छुक अरबपतियों की संख्या सीमित है, और कई डिजिटल स्टार्टअप ने उतना राजस्व और ग्राहक अर्जित नहीं किए, जितना उन्हें अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए चाहिए था। स्थानीय समाचार संकट बंद न्यूज़रूम और नौकरी से निकाले गए पत्रकारों की समस्या से कहीं अधिक है। यह लोकतंत्र का संकट भी है। जिन समुदायों ने अपना अखबार खो दिया है, उनमें मतदान की दर में गिरावट के साथ साथ समुदाय के सदस्यों के बीच एकजुटता की

## कर्मचारियों और कवरेज के विस्तार की आवश्यकता

भावना, स्थानीय मामलों और सरकार की जवाबदेही के प्रति जागरूकता में भी गिरावट देखी गई है। स्थानीय समाचारों को बचाने के प्रयास में बड़े पैमाने पर देश के स्थानीय सार्वजनिक रेडियो स्टेशनों की अनदेखी की गई है इस अनदेखी के कारणों में से एक यह है कि रेडियो भीड़ भरे स्थान में संचालित होता है। एक स्थानीय दैनिक समाचार पत्र के विपरीत, जिसका मुख्य रूप से स्वयं का प्रिंट बाजार है, स्थानीय सार्वजनिक रेडियो स्टेशनों को अन्य स्टेशनों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। व्यापक रूप से यह धारणा है कि सार्वजनिक रेडियो उच्च आय और उच्च शिक्षा वाले लोगों के हितों को पूरा करता है और इसी वजह से यह नजर में नहीं आ पाया। लेकिन एक विद्वान के रूप में जो मीडिया का अध्ययन करता है,



मेरा मानना है कि स्थानीय समाचार को सहेजने के साधन के बारे में सोचते समय स्थानीय सार्वजनिक रेडियो पर ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ी भूमिका निभाने के लिए, अधिकांश स्टेशनों को अपने कम आकार के समाचार कर्मचारियों को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। साठ प्रतिशत स्थानीय स्टेशनों के समाचार कर्मचारियों में 10 या उससे कम लोग हैं, और यह कर्मचारियों की एक उदार परिभाषा के अनुसार है। इसमें शामिल उत्तरदाताओं ने प्रसारण और डिजिटल पत्रकारों, संपादकों, प्रस्तुतकर्ता, प्रोड्यूसर्स और अन्य लोगों को शामिल किया जो स्थानीय समाचार और सार्वजनिक मामलों की सामग्री को इसके विभिन्न रूपों में योगदान देते हैं, साथ ही वे जो सीधे उन कर्मचारियों के सदस्यों को तकनीकी या अन्य सहायता प्रदान करते हैं। पूर्णकालिक कर्मचारियों के अलावा, स्टेशनों को अंशकालिक कर्मचारियों और किसी भी छात्र, इंटर्न या फ्रीलांसरों को शामिल करने के लिए कहा गया जो नियमित रूप से योगदान करते हैं। कर्मचारियों की समस्या उन समुदायों में सबसे अधिक गंभीर है, जहां अखबार बंद हो गए हैं या जहां स्थानीय समाचार एकत्र करने में तेजी से कटौती की गई है। इनमें से कई समुदायों को उत्तरदाताओं ने औसत से निम्न आय स्तर के रूप में आंका, जो स्थानीय स्टेशन की धन उगाहने की क्षमता को सीमित करता है। हालांकि स्टाफ की समस्या समुदायों के उन स्टेशनों पर अधिक स्पष्ट है जहां स्थानीय समाचार कम आपूर्ति में हैं, लगभग हर स्टेशन पर कर्मचारियों का आकार एक मध्यम आकार के दैनिक समाचार पत्र से भी कम है। यह छोटे आकार के न्यूज़ रूम की सीमाओं का केवल एक संकेतक है।

### क्षमता पर सीमाएं

कर्मचारियो की समस्या का एक परिणाम यह है कि स्थानीय सार्वजनिक रेडियो वास्तव मैं स्थानीयै नही है। सर्वेक्षण मे पाया गया कि 13 घंटे की अवधि मे सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तका सप्ताह के दिनो मे, औसत स्टेशन पर केवल दो घंटे की स्थानीय रूप से निर्मित समाचार प्रोग्रामिंग की जाती थी, इसमे से कुछ टॉक शो के रूप मे और कुछ रिपीट प्रोग्रामिंग के रूप मे। 10 या उससे कम लोगो के समाचार कर्मचारियो वाले स्टेशनो के लिए, स्थानीय रूप से उत्पादित समाचारो का दैनिक औसत - यहां तक कि जब दोहराए जाने वाले कार्यक्रमो को शामिल किया जाता है - मुश्किल से एक घंटे से अधिक होता है।

### विश्वास, कम लागत और पहुंच इसके लाभ हैं

यह मानने के कारण है कि सार्वजनिक रेडियो स्थानीय समाचारों के अंतर को भरने में मदद कर सकता है। सार्वजनिक प्रसारण मे भरोसा अन्य प्रमुख अमेरिकी समाचार आउटलेट्स से ऊपर है।इसके अलावा, सार्वजनिक रेडियो की उत्पादन लागत अपेक्षाकृत कम है - एक डिजिटल स्टार्टअप जितनी कम नही है, लेकिन एक समाचार पत्र या टेलीविजन स्टेशन की तुलना मे बहुत कम है। और स्थानीय सार्वजनिक रेडियो स्टेशन हर राज्य मे संचालित होते है और 98 प्रतिशत अमेरिकी घरो तक पहुँचते है, जिनमे ऐसे स्थान भी है जहाँ आज दैनिक समाचार पत्र नही है।अंत मे, स्थानीय सार्वजनिक रेडियो अब केवल रेडियो नही रह गया है। यह डिजिटल उत्पाद मे विस्तारित हो गया है और इसमे और विस्तार करने की क्षमता है। स्थानीय सूचना अंतर को भरने मे मदद करने के लिए स्थानीय सार्वजनिक रेडियो की क्षमता का आकलन करने के लिए, मैने नेशनल पब्लिक रेडियो के 253 सदस्य स्टेशनो का गहन सर्वेक्षण किया।

पायनियर
लखनऊ ,रविवार, 26 मार्च, 2023



# भारतीय भाषाओं को विपक्षी दलों ने नहीं किया समर्थन

## ● गरीबों और ग्रामीण बच्चों को चिकित्सक, इंजीनियर बनते नही देखना चाहते थे : मोदी

**भाषा।** चिक्कबल्लापुर (कर्नाटक)

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने भारतीय भाषाओं को समर्थन देने की पर्याप्त कोशिश नहीं करने और उन्हें लेकर खेल खेलने के लिए शनिवार को राजनीतिक दलों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि ए दल गांवों, पिछड़े वर्ग के लोगों एवं गरीबों को चिकित्सक या इंजीनियर बनते नहीं देखना चाहते। मोदी ने मेडिकल के पेशे में शामिल होने में ग्रामीण एवं गरीब परिवारों के युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस बात को समझते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मेडिकल की शिक्षा में कन्नड़ समेत भारतीय भाषाओं में पढ़ाई का विकल्प मुहैया कराया।

मोदी ने कहा, मैं आपके सामने उस चुनौती का जिक्र करना चाहता हूं, जो मेडिकल पेशे के समक्ष है। इस चुनौती के कारण गांवों से आने वाले, गरीब परिवारों से संबंध रखने वाले और पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए चिकित्सक बनना मुश्किल हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिक्कबल्लापुर जिले में मुद्देनहल्ली के सत्य साईं ग्राम में निशुल्क सेवाओं के लिए स्थापित श्री मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एसएमएसआईएमएसआर) का शनिवार को उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि कुछ दलों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ और वोट-बैंक की खातिर भाषाओं को लेकर खेल खेला, लेकिन उन्होंने भाषाओं को सही अर्थों में प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक काम नहीं किए। मोदी ने कहा, कन्नड़ एक समृद्ध भाषा है। यह एक ऐसी भाषा है जो देश के गौरव को बढ़ाती है। इससे पहले सरकारों ने मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की कन्नड़ में शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम नहीं उठाए।उन्होंने कहा, ए राजनीतिक दल नहीं चाहते कि गांवों, गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों के बेटे और बेटियां चिकित्सक या इंजीनियर बनें, जबकि गरीबों के कल्याण के लिए काम करने वाली हमारी सरकार ने कन्नड़ समेत भारतीय भाषाओं में मेडिकल शिक्षा का विकल्प दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर और मधुसूदन साईं इस मौके पर मौजूद थे। मोदी ने कहा कि देश में लंबे समय तक इस प्रकार की राजनीति थी, जिसमें गरीब को केवल वोट बैंक के तौर पर देखा जाता था। उन्होंने कहा, लेकिन भाजपा सरकार के लिए गरीबों की सेवा सर्वोच्च दायित्व है। हम गरीबों एवं मध्यम वर्ग के स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हैं। हमने सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र खोले। उन्होंने सरकार द्वारा की गई स्वास्थ्य संबंधी कई पहलों का भी जिक्र किया। मोदी ने जिस एसएमएसआईएमएसआर का उद्घाटन किया है, वह सभी को पूरी तरह नि:शुल्क चिकित्सा शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल की सुविधा प्रदान करेगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि एसएमएसआईएमएसआर अस्पताल की स्थापना श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस ने की है। इसमें कहा गया है कि एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित और चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के गैर-व्यावसाईकरण की दृष्टि से स्थापित किया गया एसएमएसआईएमएसआर सभी को पूरी तरह नि:शुल्क चिकित्सा शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल की सुविधा प्रदान करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार, यह संस्थान शैक्षणिक वर्ष 2023 से अपना कामकाज शुरू कर देगा। मोदी ने कहा कि उन्होंने भारत को विकसित बनाने के लिए 2047 का लक्ष्य रखा है, इसलिए उनसे कई बार पूछा जाता है कि क्या भारत इतने छोटे समय में एक विकसित देश बन सकता है। उन्होंने कहा, उनका कहना है कि कई चुनौतियां हैं और बहुत सा काम होना बाकी है... लेकिन इस सवाल का एक ही जवाब है: संयुक्त प्रयासों से इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मोदी ने कहा कि इसलिए भाजपा सरकार सभी की भागीदारी पर जोर दे रही है और इसमें धार्मिक संस्थानों एवं गणित की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विकास के लिए पिछले नौ साल में ईमानदार प्रयास किए गए और चिकित्सकीय शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए गए हैं। सरकार का प्रयास भारत के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में 380 से भी कम चिकित्सकीय कॉलेज थे और आज इनकी संख्या 650 से अधिक है तथा इनमें से 40 आकांक्षी जिलों या पिछड़े जिलों में बनाए गए हैं।



### कर्नाटक में प्रधानमंत्री के काफिले की तरफ दौड़ने की कोशिश करने वाला व्यक्ति पकड़ा गया

**दावणगेरे (कर्नाटक)।** कर्नाटक के दावणगेरे में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान एक व्यक्ति ने उनके काफिले की ओर भागने की कोशिश की लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा में किसी तरह की चूक से इनकार किया है। एक व्यक्ति के सुरक्षा बैरिकेड को पार कर प्रधानमंत्री मोदी की कार के पास जाने की कोशिश करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि कोप्पल के रहने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया और उससे पूछताछ की गई है। दावणगेरे के पुलिस अधीक्षक सी बी ऋष्यनाथ ने इस घटना के संबंध में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में किसी भी चूक से इनकार किया है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, सुरक्षा में चूक जैसा कुछ भी नहीं हुआ है। वह प्रधानमंत्री के करीब भी नहीं आया था। उसे पहले ही पकड़ लिया गया था। कर्नाटक के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) आलोक कुमार ने ट्वीट किया, जैसा कि मीडिया के एक वर्ग में बताया जा रहा है, आज दावणगेरे में माननीय प्रधानमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई। यह एक असफल प्रयास था। उस व्यक्ति को तुरंत ही मैंने और विशेष सुरक्षा दस्ता (एसपीजी) के जवानों ने पकड़ लिया।

### बेंगलुरु में मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्हाइटफील्ड (कादुगोड़ी) से कृष्णराजपुरा तक 13.71 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन का शनिवार को उद्घाटन किया। 4,249 करोड़ रुपए की लागत से से बनी इस लाइन पर 12 मेट्रो स्टेशन हैं।उन्होंने नव-उद्घाटित मेट्रो लाइन पर सवारी भी की और अपनी यात्रा के दौरान मेट्रो के कर्मचारियों व श्रमिकों समेत विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के साथ बातचीत की। कर्नाटक में मई में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया गया है। व्हाइटफील्ड (कडुगोडी) मेट्रो स्टेशन पर पहुंचने पर, प्रधानमंत्री ने पहले टिकट काउंटर पर एक आम यात्री की तरह एक टिकट खरीदा और फिर इस अवसर पर लगाई गई एक प्रदर्शनी देखी। इस दौरान राज्यपाल थावरचंद गहलोत और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी उनके साथ मौजूद थे। अधिकारियों ने कहा कि 12 स्टेशन वाला यह खंड बैयाप्पनाहल्ली से व्हाइटफील्ड तक संचालित ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर (पर्पल लाइन) के पूर्वी हिस्से का विस्तार है। उन्होंने बताया कि इस चरण में 15.81 किलोमीटर लंबी लाइन बननी है जिसमें से आर.के. पुरम से व्हाइटफील्ड तक 13.71 किलोमीटर लंबे हिस्से का शनिवार को उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि इस लाइन के शुरू होने से इस रास्ते पर यात्रा समय में करीब 40 फीसदी की कमी आएगी और सड़कों पर जाम भी कम होगा। बेंगलुरु मेट्रो की यह नई लाइन आईटी पार्कों, निर्यात प्रोमोशन औद्योगिक क्षेत्रों, मॉल, अस्पतालों और विभिन्न फॉर्चुन 500 कंपनियों में काम करने वाले बेंगलुरु वासियों के लिए मददगार होगी। उन्होंने बताया कि बीईएमएल से खरीदी गई छह कोच वाली पांच ट्रेनें इस रूट पर चलेंगी और अन्य ट्रेनों को बैकअप के रूप में रखा गया है।

## राष्ट्रीय सेवा भारती के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा संगम का उद्घाटन भागवत करेंगे

**भाषा।** जयपुर

**राष्ट्रीय सेवा** भारती का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा संगम सात अप्रैल से जयपुर में आयोजित होगा। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन केशव विद्यापीठ जामडोली में होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र सेवा प्रमुख शिवलहरी ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जयपुर में सात से नौ अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा संगम का यह तीसरा सेवा संगम है। उन्होंने बताया कि पहला सेवा संगम 2010 में बेंगलुरु में और दूसरा सेवा संगम 2015 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि महासंगम में सामाजिक विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे 1,000 से अधिक स्वैच्छिक सेवा संगठनों के 4,000 से अधिक प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। उन्होंने कहा कि इसका ध्एय स्वावलंबी भारत, समृद्ध भारत का निर्माण है। उन्होंने बताया कि देश के 117 जिलों में 12,187 स्वयं सहायता समूह संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 1,20,000 सदस्य हैं। इन समूहों में 2,451 समूह स्वावलंबन के कार्यों में सक्रिय हैं। शिवलहरी ने कहा, हमारे स्वयंसेवकों ने कोविड-19 महामारी के अशांत समय के दौरान चिकित्सा, भोजन आदि उपलब्ध कराकर आमजन को सहायता प्रदान की है।

## पंजाब के मंत्री हरजोत बैंस ने आईपीएस अधिकारी ज्योति यादव से विवाह किया

**चंडीगढ।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरजोत सिंह बैंस शनिवार को रूपनगर जिले के एक गुरुद्वारे में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी ज्योति यादव के साथ परिणय सूत्र में बंध गए। पार्टी सूत्रों ने बताया कि नंगल के पास बिभोर साहिब गुरुद्वारे में सिख रीति-रिवाज से शादी हुई। दोनों की हाल में सगाई हुई थी। रूपनगर जिले के आनंदपुर साहिब निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विधायक बने बैंस मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार में शिक्षा मंत्री हैं। पेशे से वकील 32 वर्षीय बैंस आनंदपुर साहिब के गंभीरपुर गांव के रहने वाले हैं। वर्ष 2017 के चुनावों में, उन्होंने साहनेवाल निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

## चारधाम यात्रा का संचालन ऋषिकेश, हरिद्वार में तीन जगहों से होगा

**ऋषिकेश (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड में इस बार चारधाम यात्रा का संचालन ऋषिकेश में दो जबकि हरिद्वार में एक जगह से होगा तथा श्रद्धालुओं के लिए हिमालई धामों के दर्शन के लिए 13001700 बसों का बेड़ा उपलब्ध होगा। चारधाम यात्रा को लेकर शनिवार को परिवहन व्यवसाइयों के साथ बैठक के बाद देहरादून के संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार यात्रा का संचालन तीन जगहों...ऋषिकेश में अंतरराज्र्ईय बस ट्रमिनस तथा एआरटीओ कार्यालय और हरिद्वार में पंत द्वीप... से किया जाएगा। चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ शुरू हो रही है। शर्मा ने बताया कि चारधाम तथा श्री हेमकुंठ साहिब की यात्रा के लिए करीब 1300 बसों का विशाल बेड़ा उपलब्ध रहेगा और यदि हरिद्वार की बसें भी इसमें शामिल होती हैं तो यह संख्या 1700 के करीब पहुंच जाएगी।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस इतनी हताश है कि मेरे पुराने ट्वीट को दे रही है तूल : खुशबू

**बेंगलुरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता खुशबू सुंदर ने मोदी के नाम पर किए गए उनके पुराने ट्वीट सोशल मीडिया में कई बार पोस्ट किए जाने के बाद शनिवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह उजागर करता है कि विपक्षी पार्टी कितनी हताश हो चुकी है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) सदस्य सुंदर द्वारा वर्ष 2018 में किया गया ट्वीट सोशल मीडिया पर बार बार पोस्ट किया जा रहा है जिसे उन्होंने हटाया नहीं है। उन्होंने कहा, यह न केवल दिखाता है कि वे (कांग्रेस पार्टी) कितने निराश हैं बल्कि जिस मुद्दे को वे उछाल रहे हैं उसके प्रति उनकी अज्ञानता को भी उजाकर करता है। सुंदर मौजूदा समय में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की भी सदस्य हैं जिन्होंने वर्ष 2020 में कांग्रेस छोड़ भगवा दल का दामन थाम लिया था। उन्होंने वर्ष 2018 में ट्वीट किया था, मोदी का अर्थ बदलकर भ्रष्टाचार कर देना चाहिए...यह बेहतर होगा। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी उपनाम की तुलना चोर से करने के मामले में दर्ज मानहानि के मुकदमे में सजा सुनाए जाने और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद कांग्रेस ने खुशबू के पुराने ट्वीट का मुद्दा उठाया है। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने शनिवार को ट्विटर के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया, मोदी जी क्या आप खुशबु सुंदर पर भी मानहानि का मुक़दमा मोदी नाम वाले अपने किसी शिष्य से दायर करवाएंगे? अब तो वज भाजपा की सदस्य हैं। देखते हैं। सुंदर ने कहा, मैंने कभी अपने टाइमलाइन से ट्वीट को हटाया नहीं है और न ही ऐसा करूंगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता मेरा नाम लेकर क्या करने की कोशिश कर रहे हैं? क्या वे मेरी तुलना राहुल गांधी से कर रहे हैं? वर्ष 2018 में किए गए ट्वीट पर सफाई देते हुए खुशबू ने कहा, उस समय मैं कांग्रेस पार्टी में थी और केवल कांग्रेस प्रवक्ता का कर्तव्य निभा रही थी। यह वह भाषा थी जिसे हमें बोलना था और मैं यही कर रही थी। मैं पार्टी नेता का अनुकरण कर रही थी।

### कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली रेल लाइन इस साल पूरी हो जाएगी : वैष्णव



**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली रेल लाइन इस साल पूरी हो जाएगी और केंद्रशासित प्रदेश में अगले साल विशेष वंदे भारत ट्रेन चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह जानकारी दी।रेल मंत्री ने यहां नौगाम स्टेशन पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू को श्रीनगर से जोड़ने वाली उधमपुर-बनिहाल लाइन इस साल दिसंबर या अगले साल की शुरुआत तक पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जम्मू कश्मीर में उधमपुर-बारामूला रेल लाइन का काम पूरा हो जाएगा।उन्होंने कहा, उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन पर अच्छी प्रगति हुई है। चिनाब और अंजी पुलों और प्रमुख सुरंगों के निर्माण के लिए भी काम चल रहा है और अच्छी प्रगति हो रही है। इस साल दिसंबर या अगले साल जनवरी-फरवरी में इस मार्ग पर ट्रेन चलने लगेगी। उन्होंने कहा कि इस लाइन के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत ट्रेन तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा, इस विशेष ट्रेन के निर्माण के क्रम में तापमान, बर्फ जैसी हर चीज को ध्यान में रखा गया है। रेल मंत्री ने कहा कि तीन क्षेत्रों- सोपोर-कुपवाड़ा, अवंतीपुरा-शोपियां और बिजबेहरा-पहलगाम को भी रेल लाइन से जोड़ने की मांग हुई है और रेलवे इस पर विचार करेगा। उन्होंने कहा,"हम जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल, फिर केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) और प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) के साथ इस संबंध में चर्चा करेंगे" वैष्णव के पास संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का भी जिम्मा है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के हर गांव और शहर में दूरसंचार सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लद्दाख के लिए लगभग 500 नए मोबाइल टावर को मंजूरी दी गई है और जल्द ही वहां अच्छी 4जी, 5जी सुविधा होगी।

### गुजरात पुलिस ने राज्य की 17 जेलों में छापेमारी की मोबाइल फोन और घातक वस्तुएं बरामद

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने बीती रात एक व्यापक अभियान के तहत राज्य की 17 जेलों में एक साथ छापेमारी की और कई मोबाइल फोन, घातक वस्तुएं व मादक पदार्थ बरामद किए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस अभियान में ।,700 पुलिसकर्मी शामिल थे। इनमें से कई ने जेल गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए शरीर पर कैमरे लगा रखे थे। छापेमारी का मकसद यह पता लगाना था कि जेलों में कोई अवैध गतिविधि तो नहीं हो रही। साथ ही इसका उद्देश्य यह जानना था कि कैदियों को कानून के तहत सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि गांधीनगर पुलिस भवन में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में छापेमारी का फैसला किया गया था। छापेमारी अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट और अन्य शहरों की केंद्रीय जेलों के साथ-साथ उप-जेलों में की गई। राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि मंत्री संघवी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने राज्य की राजधानी गांधीनगर में कमान एवं नियंत्रण केंद्र से अभियान की लाइव निगरानी की जबकि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सीएम डैशबोर्ड से अभियान का निरीक्षण किया। शरीर पर कैमरा लगाए पुलिस कर्मी राज्य के कमान एवं नियंत्रण केंद्र त्रिनेत्र को ताजा तस्वीरें भेज रहे थे। बयान में कहा गया है, राज्य भर की जेलों में व्यापक अभियान के दौरान 16 मोबाइल फोन, 10 इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, 39 घातक वस्तुएं, तीन मादक पदार्थ और 519 तंबाकू उत्पाद बरामद किए गए।

## जलवायु परिवर्तन से वैश्विक स्तर पर चाय उद्योग को खतरा: आईटीए

**कोलकाता।** चाय बागान मालिकों की संस्था इंडियन टी एसोसिएशन (आईटीए) ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर चाय उद्योग के लिए खतरा बन रहा है जिससे पैदावार कम होने के साथ उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। आईटीए के एक प्रवक्ता ने कहा कि जलवायु परिवर्तन चाय उद्योग की दीर्घकालिक लाभप्रदता को भी खतरे मे डाल रहा है, जिससे कीट संक्रमण भी बढ़ रहा है और कीटनाशक अवशिष्टों का प्रबंधन भी एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। आईटीए ने कहा कि पिछले कई वर्षो से चाय की खेती वाले क्षेत्रों मे वर्षा मे कमी और तापमान मे वृद्धि हुई है। आईटीए के मुताबिक, टिकाऊकृषि तौर-तरीकों को अपनाकर और कार्बन फुटप्रिंट में कमी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को संबोधित करने के लिए उद्योग को बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। इस संदर्भ मे, एसोसिएशन ने कहा कि सभी अंशधारकों को मिलकर उद्योग को कायम रखने के लिए शोध के क्षेत्र में निवेश करते हुए समाधान लेकर सामने आना होगा। चाय बोर्ड के नवीनतम आंकड़ो के अनुसार, देश मे जनवरी 2023 मे चाय उत्पादन एक करोड़ 34.3 लाख किलोग्राम था, जबकि पिछले कैलेंडर वर्ष के इसी महीने मे यह उत्पादन एक करोड़ 62.2 लाख किलोग्राम का था।

## जेल से सुकेश ने अभिनेत्री जैक्लीन लिखी भावुक चिट्ठी, प्रेम का किया इजहार

**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी के कई मामलो मे दिल्ली की मंडोली जेल मे कैद सुकेश चंद्रशेखर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री जैक्लीन फर्नांडिज को पत्र लिखकर अपने प्रेम का इजहार किया है। सुकेश ने लिखा है कि वह अपने जन्मदिन पर फर्नांडिज की कमी महसूस कर रहा है। इसमें उसने जैक्लीन को सुंदर गुड़िया कहकर संबोधित किया है। उसने पत्र मे लिखा, मेरी बोम्मा (गुड़िया), आज मै अपने जन्मदिन पर तुम्हारी बहुत कमी महसूस कर रहा हूं, मुझे अपने आसपास तुम्हारी ऊर्जा की कमी खल रही है, मेरे पास शब्द नही है, लेकिन मुझे पता है कि तुम्हारा मेरे प्रति प्यार कभी खत्म नही होगा। मुझे पता है कि तुम्हारे पास एक खुबसूरत दिल है। मुझे सबूत की जरूरत नही है और यही मेरे लिए मायने रखता है, बेबी। लेकिन मै स्वीकार करता हूं कि मुझे तुम्हारी कमी खल रही है, मेरी बोटा बोम्मा तुम जानती हो मै तुम्हें कितना प्यार करता हूं। सुकेश ने आगे लिखा, तुम और तुम्हारा प्यार मेरे जीवन का सबसे बेहतरीन और अमूल्य उपहार है। तुम जानती हो कि मै यहां तुम्हारे लिए हूं और कुछ भी हो जाए मै हमेशा तुम्हारे साथ खड़ा रहूंगा। मै तुमसे प्यार करता हूं। शुक्रिया अपना दिल मुझे देने के लिए। मै अपने सभी दोस्तों और समर्थकों को भी मेरे जन्मदिन की बधाई देने के लिए धन्यवाद देता हूं।

## राहुल गांधी का ओबीसी के अपमान को लेकर पत्रकार के सवाल पर दी गई प्रतिक्रिया उनका अंहकार : भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने शनिवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कथित अपमान को लेकर सवाल करने पर राहुल गांधी द्वारा पत्रकार को लगाई गई फटकार को उनका अहंकार करार दिया। पार्टी ने सवाल किया कि क्या मीडिया जैसे लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति राहुल गांधी का यही सम्मान है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने कहा, लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए राहुल गांधी का सम्मान इसी तरह का है। वह पिछड़े वर्गों से इतनी घृणा क्यों करते हैं। पत्रकारों द्वारा उनसे ओबीसी के अपमान पर सवाल पूछे जाने से ही वे इतने बौखला गए। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्वीट किया, राहुल गांधी से जब ओबीसी के अपमान का सीधा सवाल किया गया तो उन्होंने उन्हें भाजपा का प्रवक्ता बताते हुए जवाब देने से पहले उन्हें भाजपा का पट्टा पहनने तक की नसीहत दे दी। पिछली बार उन्होंने कुछ ऐसा ही अमेठी में किया था और वहां से चुनाव हार गए थे। ओबीसी समुदाय इस बर्ताव से आक्रोशित है। भाजपा के आईटी विभाग प्रमुख ने इसे गांधी का अहंकार करार दिया। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि राहुल गांधी प्रश्नों का जवाब देने के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए पत्रकार पर अपमानजनक टिप्पणी की।

## राहुल माफी मांग सकते थे : हिमंत


**भाषा।** गुवाहाटी



**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी माफी मांग सकते थे या अपनी उस टिप्पणी को वापस ले सकते थे, जिसके लिए सूरत की एक अदालत ने उन्हें सजा सुनाई है। शर्मा ने एक कार्यक्रम से इतर कहा कि कभी-कभी जुबान फिसल जाती है और हमने भी इसका अनुभव किया है, लेकिन हम माफी मांगते हुए बयान जारी करते हैं और कहते हैं कि यह अनजाने में हुआ था। गांधी भी ऐसा कर सकते थे और यह मामला वहीं खत्म हो जाता। शर्मा ने मानहानि मामले में सूरत की एक अदालत के फैसले का जिक्र करते हुए दावा किया, लेकिन, राहुल गांधी ने माफी नहीं मांगी और न ही पिछले पांच साल में अपनी टिप्पणी को वापस लिया जो दिखाता है कि जानबूझकर ऐसा किया गया था और (यह) ओबीसी समुदाय को अपमानित करने के लिए था। पूर्व क्षेत्र में विपक्षी शासन वाले कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने राहुल की अयोग्यता का विरोध किया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि देश का संवैधानिक लोकतंत्र निम्न स्तर तक गिर गया है। ममता बनर्जी ने गांधी का नाम लिए बिना कहा कि विपक्षी नेताओं को उनके भाषणों के लिए अयोग्य घोषित किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी के नए भारत में विपक्षी नेता भाजपा का मुख्य निशाना बन गए हैंउ आपराधिक पृष्ठभूमि वाले भाजपा नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाता है और विपक्षी नेताओं को उनके भाषणों के लिए अयोग्य घोषित किया जाता है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश के लिए आपातकाल है। सोरेन ने कहा, आज अमृतकाल में विपक्षी नेताओं को भाजपा और केंद्र द्वारा सत्ता के प्रत्एक हथियार का इस्तेमाल कर मजबूर किया जा रहा है और चुप कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, ... आज के अमृत काल में विपक्ष के नेता भाजपा के सीधे निशाने पर हैं।

## राहुल गांधी को सावरकर का अपमान करने के लिए दंडित किया जाना चाहिए : एकनाथ शिंदे

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय और हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर का अपमान किया है और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। विधानसभा में विपक्ष की ओर से पिछले सप्ताह लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि राहुल गांधी को जिस कानून के तहत संसद सदस्य के तौर पर अयोग्य करार दिया गया है, उसे कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने बनाया था और मोदी सरकार ने उसे महज लागू किया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, राहुल गांधी दोषी करार दिए गए और स्वत: लोकसभा सदस्य के तौर पर अयोग्य हो गए, लेकिन वह लगातार विनायक दामोदर सावरकर का यह कहकर अपमान कर रहे हैं कि वह सावरकर नहीं हैं, जो माफी मांगें। वह खुद को क्या समझते हैं? उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। मोदी उपनाम वाली टिप्पणी पर 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में बुधवार को सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को दोषी ठहराया और दो साल जेल की सजा सुनाई।

## विशेषाधिकार हनन नोटिस पर संजय राउत का जवाब संतोषजनक नही

### ● मामला राज्यसभा को भेजा गया

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि विशेषाधिकार हनन नोटिस पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत का जवाब असंतोषजनक है। इसके बाद यह मामला उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के पास भेज दिया गया।विधान मंडल को चोर मंडल कहने के लिए राउत के खिलाफ पिछले महीने विशेषाधिकार हनन का नोटिस जारी किया गया था। विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे ने विधान परिषद में कहा कि राउत ने अपने जवाब में सदन की विशेषाधिकार समिति के गठन, इसकी निष्पक्षता और कामकाज पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, राज्यसभा के वरिष्ठ सदस्य होने के नाते उनसे यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वह (राउत) विशेषाधिकार समिति के कामकाज पर सवाल उठाएं, इसलिए मैं उनके जवाब से पूरी तरह सहमत नहीं हूं और मुझे यह संतोषजनक नहीं लगा।

## वामपंथ उग्रवाद से लड़ाई जीत के आखिरी चरण में : शाह

**भाषा।** जगदलपुर



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश में वामपंथ उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई जीत के अंतिम चरण में है। इस खतरे से जूझ रहे सीआरपीएफ जवानों के सर्वोच्च बलिदान ने इसमें बहुत बड़ा योगदान दिया है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 84वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने बल से अनुरोध किया कि जब तक इस खतरे का पूरी तरह से सफाया नहीं हो जाता वे वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई बहादुरी से जारी रखें। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में सीआरपीएफ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास की राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने का श्रेय सीआरपीएफ कर्मियों को जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, वामपंथ उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई विजय के अंतिम पड़ाव पर खड़ी दिखाई पड़ रही है। आपके परिवार के सदस्यों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान का इसमें बहुत बड़ा योगदान है। उनकी कुर्बानियों को याद करते हुए जीत की गाथा सुनहरे अक्षरों में लिखी जाएगी। मैं आज बस्तर में हूं, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे सुरक्षा बलों ने पिछले नौ वर्षों में वामपंथ उग्रवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी है और सभी मोर्चों पर सफलता हासिल की है। उन्होंने न केवल उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर करने में जीत हासिल की है बल्कि आदिवासियों तक विकास को पहुंचाने में भी मदद की है। माओवादी स्कूलों, सड़कों, अस्पतालों और उचित मूल्य की दुकानों के निर्माण और मोबाइल टावरों की स्थापना में बाधा बन रहे थे। एक गृह मंत्री के रूप में मैं कहना चाहता हूं कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में इन विकास कार्यों की बाधाओं को दूर करने का श्रेय सीआरपीएफ कर्मियों को जाता है।

## राजनाथ सिंह राधा स्वामी सत्संग पहुंचे, उसके प्रमुख ढिल्लों से मुलाकात की

**अमृतसर।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को ब्यास में स्थित राधा स्वामी सत्संग पहुंचे और उसके प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों से करीब एक घंटे तक बातचीत की। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे ब्यास पहुंचने के बाद सिंह ने करीब एक घंटे तक ढिल्लों से चर्चा की। डेरा के पदाधिकारियों के अनुसार, सिंह सत्संग स्थल पर भी गए और वहां करीब आधे घंटे तक रूके। उन्होंने बताया कि बाद में वह सत्संग की सामुदायिक रसोई में भी गए। ढिल्लों ने खुद रक्षा मंत्री को पूरे डेरे का भ्रमण करवाया।

# डब्ल्यूपीएल के पहले खिताबी जंग को टीमें तैयार

## मुकाबला आजः मुंबई और दिल्ली के बीच फाइनल में रोचक मुकाबले की उम्मीद

**भाषा।** मुंबई



**कप्तान हरमनप्रीत** कौर की खराब फॉर्म के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में खिताब जीतने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय कप्तान ने टूर्नामेंट के शुरू में तीन अर्धशतक जमाए थे लेकिन वह अपनी इस फॉर्म को बरकरार नहीं रख पाई। उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ एलिमिनेटर में केवल 14 रन बनाए। इस मैच में नैट साइवर ब्रंट ने शुरू में मिले जीवनदान का फायदा उठाकर नाबाद 72 रन की पारी खेली और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई को फाइनल में यदि बड़ा स्कोर खड़ा करना है तो हरमनप्रीत हो अच्छी पारी खेलनी होगी जबकि साइवर ब्रंट को भी अहम योगदान देना होगा। ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज और दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग मुंबई की कप्तान की लचर फॉर्म का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने धीरे-धीरे लय हासिल करके मुंबई को अंक तालिका में शीर्ष से हटाया था। उसकी तरफ से बल्लेबाजी में अभी तक लैनिंग और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिजान कैप ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसके बावजूद इन दोनों टीमों में से किसी को भी फाइनल में जीत का प्रबल दावेदार नहीं माना जा सकता है। दोनों टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए खिताबी मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। लीग चरण में दिल्ली और मुंबई ने एक दूसरे के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी। इन दोनों टीमों ने लीग चरण में समान 12 अंक हासिल किए थे लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर चोटी पर रही। फाइनल ब्रेबोर्न स्टेडियम पर खेला जाएगा जिसमें मुंबई में अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं। दिल्ली ने इस मैदान पर दो मैच जीते जबकि एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। मुंबई की तरफ से अभी तक साइवर ब्रंट ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में 272 रन बनाने के अलावा 10 विकेट भी लिए हैं। मुंबई के पास हेली मैथ्यूज के रूप में एक और उपयोगी ऑलराउंडर है जिन्होंने अभी तक 258 रन बनाने के अलावा 13 विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा यास्तिका भाटिया ने बल्लेबाजी में आक्रामक रवैया दिखाया है। जहां तक मुंबई की गेंदबाजी का सवाल है तो सैका इशाक ने 15 विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित की है। इसके अलावा उसके पास इसाबेल वोंग (13 विकेट) और अमेलिया केर (12) जैसे उपयोगी गेंदबाज हैं। दिल्ली की कप्तान लैनिंग पहले डब्ल्यूपीएल का खिताब जीतकर अपने नाम पर एक और ट्रॉफी दर्ज करना चाहेंगी। उनकी अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया ने हाल में दक्षिण अफ्रीका में रिकॉर्ड पांचवी बार टी20 विश्वकप का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान ने अभी तक डब्ल्यूपीएल में सर्वाधिक 310 रन बनाए हैं। दिल्ली की तरफ से मारिजान कैप और एलिस कैप्सी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे अगर खिताब जीतना है तो उसकी टीम में शामिल भारतीय खिलाड़ियों जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, शिखा पांडे और राधा यादव को ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**टीम :दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, राधा यादव, शिखा पांडे, मारिजान कैप, टाइटस साधु, लौरा हैरिस, तारा नॉरिस, जसिया अख्तर, मिन्नू मणि, तान्या भाटिया (विकेटकीपर) , पूनम यादव, जेस जोनासेन, स्नेहा दीप्ति, अरूंधति रेड्डी, अपर्णा मंडल।

**मुंबई इंडियंसः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), नैट साइवर-ब्रंट, अमेलिया केर, पूजा वस्त्राकर, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हीथर ग्राहम, इसाबेल वोंग, अमनजोत कौर, धारा गुज्जर, सैका इशाक, हेली मैथ्यूज, क्लो ट्राईन, हुमायरा काजी, कोमल जंजाद, प्रियंका बाला, सोनम यादव, नीलम बिष्ट, जिंतमणि कलिता।

मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## हरमनप्रीत ने डब्ल्यूपीएल में छोटी बाउंड्री पर कहा, खिलाड़ी सीमारेखा पर रस्सी नहीं लगाते

**मुंबइ।** भारतीय टीम और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में छोटी बाउंड्री के मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि इस तरह की सीमाओं पर फैसला करना प्रशासकों का काम है खिलाड़ियों का नहीं। इस महीने के शुरू में आरंभ हुए शुरूआती डब्ल्यूपीएल में बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के निर्देश पर बाउंड्री सीमा को पिछले महीने के टी20 विश्व कप से पांच मीटर कम और अधिकतम 60 मीटर तक रखा गया। यह फैसला बड़ा स्कोर बनाने में मदद के लिए किया गया ताकि स्टेडियम और टीवी पर मैच देख रहे दर्शकों का मनोरंजन हो जिन्हें ज्यादा से ज्यादा चौके और छक्के देखने को मिलें। टूर्नामेंट के दोनों स्टेडियम नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम और ब्रैबोर्न स्टेडियम में बाउंड्री की सीमा 42-44 मीटर कर दी गई। रविवार को यहां ब्रैबोर्न स्टेडियम में होने वाले फाइनल से पहले मुंबई इंडियंस की कप्तान से जब इस पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम लोगों ने थोड़े ही रस्सी लगाई है। जिन्होंने रस्सी लगाई है, आप उनको ही पूछो। उन्होंने कहा, यह हमारे हाथ में नहीं है। यह अधिकारियों के हाथ में है। आप उनसे बात कर सकते हो।

## मुंबई के खिलाफ फाइनल दिल्ली के लिए बहुत बड़ी चुनौतीः मेग लैनिंग

**भाषा।** मुंबई

**दिल्ली कैपिटल्स** की कप्तान मेग लैनिंग ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाली महिला प्रीमीयर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल को बड़ी चुनौती करार दिया और उम्मीद जताई सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा स्पष्ट मानसिकता के साथ मैदान पर उतरेगी। लैनिंग ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुंबई और दिल्ली दोनों ने टूर्नामेंट के दौरान अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी। हमने आपस में दो अच्छे मुकाबले खेले। हम वास्तव में एक बेहद अच्छी टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम जानते हैं कि वह कितने खतरनाक हो सकते हैं। उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। दिल्ली के लिए यह बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन हमारी टीम भी अच्छा प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त है। लैनिंग ने उम्मीद जताई कि विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, उसके साथ बल्लेबाजी करने में मजा आता है। उसकी विशिष्ट शैली है जो उसके काम आती है। उम्मीद है कि वह स्पष्ट मानसिकता के साथ मैदान पर उतरेगी और मैच का रुख हमारे पक्ष में मोड़ेगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि लैनिंग और शेफाली के रूप में दिल्ली के पास मजबूत सलामी जोड़ी है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने दिल्ली के बल्लेबाजों के लिए रणनीति तैयार की है।

## मैंने इस आईपीएल के लिए एक विशेष गेंद की योजना बनाई हैः शिवम मावी

**मुंबई।** गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी का कहना है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण के लिए एक विशेष गेंद डालने की योजना बना रहे हैं। हालांकि अभी इसके लिए थोड़ा काम करना अभी बाकी है। मावी ने कहा, मैंने इस आईपीएल के लिए एक विशेष गेंद की योजना बनाई है, मैं इसका जिक्र यहां नहीं करूंगा, पर उम्मीद करता हूं कि मैं इसे डाल सकूंगा और फिर इसके बारे में बात करूंगा। मुझे 99 प्रतिशत भरोसा है, पर इस पर काम अभी जारी है। मावी ने यह भी कहा कि गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स को पिछले साल के अपने पदार्पण सत्र में कमजोर बेंच स्ट्रेंथ की चुनौती से उबरना होगा।

## प्राची लोहान बनीं नई महिला राष्ट्रीय एपे चैम्पियन

पुणे। हरियाणा की प्राची लोहान ने शनिवार को यहां बालेवाड़ी मे शिव छत्रपति खेल परिसर मे शुरू हुई 33वी सीनियर राष्ट्रीय राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप मे महिला एपे वर्ग का खिताब जीता था। लोहान अमृतसर मे हुए 32वे चरण मे सातवे स्थान पर रही थी। उन्होंने फाइनल मे अपने ही राज्य की तनीषा खत्री को 15-14 से शिकस्त दी। चैम्पियनशिप महिला एपे वर्ग के पूल राउंड से शुरू हुई।

## भारत के ओम प्रकाश चौहान संयुक्त दूसरे स्थान पर

बेंगलुरू । भारत के गोल्फर ओम प्रकाश चौहान ने शनिवार को यहां तीसरे दौर मे छह अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह 13 अंडर 203 के कुल स्कोर के साथ तीन लाख डॉलर इनामी डंकन टेलर ब्लैक बुल गोल्फ चैलेंज मे संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। चौहान ने अपने इस प्रदर्शन से 11 पायदान की छलांग लगाई।

## पटरी पर आना चाहेगी भारत की महिला फुटबॉल टीम

ढाका। मेजबान बांग्लादेश से मिली हार के बाद भारतीय अंडर-17 टीम रविवार को जब यहां भूटान का सामना करेगी तो उसकी कोशिश सैफ महिला चैम्पियनशिप मे अपना अभियान पटरी पर लाने की होगी। भारत ने सोमवार को नेपाल पर 4-1 की जीत से अपना अभियान शुरू किया था लेकिन शुक्रवार को उसे बांग्लादेश से 0-1 से हार मिली।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पहले वनडे में 198 रन से हराया

**ऑक्लैंड।** हैरी शिपले ने 31 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे शनिवार को यहां श्रीलंका को 198 रन से करारी शिकस्त दी। न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर मे 274 रन बनाए। इसके जवाब मे श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर मे 76 रन पर ढेर हो गई।

## कप्तान एम्बाप्पे ने दिलाई फ्रांस को जीत

**पेरिस।** काइलियन एम्बाप्पे ने कप्तान के रूप मे भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फ्रांस को यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मैच मे नीदरलैंड पर 4-0 से जोरदार जीत दिलाई। विश्व कप के फाइनल मे पेनल्टी शूटआउट मे अर्जेंटीना से हारने वाले फ्रांस ने बेहतरीन खेल दिखाया। एम्बाप्पे ने दो गोल किए। उन्होंने 21वे और 88वे मिनट मे गोल करके फ्रांस की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

## पूर्ण फिटनेस हासिल करने में लगेगा वक्त : मैक्सवेल

**बेंगलुरू।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों में जुटे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि उनके बाएं पांव की चोट भले ही ठीक हो गई है लेकिन उन्हे पूर्ण फिटनेस हासिल करने मे अभी कई महीने लगेंगे।

## अफगानिस्तान ने टी20 में पाकिस्तान को हराया

शारजाह। मोहम्मद नबी के ऑलराउंड खेल के दम पर अफगानिस्तान ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से करारी शिकस्त दी।अफगानिस्तान की यह इस प्रारूप मे पाकिस्तान के खिलाफ पहली जीत है। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 92 रन ही बना पाई।

# भारतीय तेज गेंदबाजों में मारक क्षमता का अभाव दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय

**भाषा।** नई दिल्ली

ऋषभ पंत की अनुपस्थिति से दिल्ली कैपिटल्स की आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में संभावनाओं को करारा झटका लगा है और इसके साथ ही उसकी टीम में मौजूद भारतीय तेज गेंदबाजों में मारक क्षमता का अभाव भी उसके लिए चिंता का विषय है। रिकी पोंटिंग की कोचिंग वाली दिल्ली की टीम एक अप्रैल को लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मिशेल मार्श और कुलदीप यादव की शानदार फॉर्म से दिल्ली का मनोबल बढ़ा होगा लेकिन पंत की जगह पर वह किसी अदद भारतीय खिलाड़ी का चयन नहीं कर पाया जो निश्चित तौर पर उसके टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली के लिए इंपैक्ट प्लेयर का नियम उल्टा साबित हो सकता है क्योंकि उसके अनुभवी खिलाड़ियों में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं है जो तुरुप का इक्का साबित हो सके। सच्चाई तो यह है कि दिल्ली की टीम अपने विदेशी खिलाड़ियों पर अधिक निर्भर रहेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम का विश्लेषण इस प्रकार है।

**मजबूत पक्ष :** दिल्ली कैपिटल्स की टीम में तीन ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकते हैं। इनमें मिशेल मार्श पावर प्ले में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दिल्ली को शानदार शुरूआत दे सकते हैं। अगर वह एक या दो ओवर भी कर लेते हैं तो यह दिल्ली के लिए सोने पर सुहागा होगा।डेविड वॉर्नर ने जब से आईपीएल में खेलना शुरू किया तब से शायद ही कोई ऐसा सत्र रहा होगा जबकि उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा हो। इस बीच केवल वह तब असफल रहे जब उनका सनराइजर्स हैदराबाद के प्रबंधन के साथ मनमुटाव चल रहा था। एनरिक नोर्किया दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक है। वह 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं। वह अधिकतर दिन खतरनाक साबित हो सकते हैं लेकिन छोटे मैदानों पर बल्लेबाज उनकी तेजी का सही उपयोग भी कर सकते हैं।



**अवसरः** पृथ्वी साव के लिए यह सत्र कड़ी परीक्षा होगा क्योंकि उन्हें उन सब नकारात्मक धारणाओं को नष्ट करना होगा जो उनके साथ अंडर-19 टीम के दिनों से बनी हुई है। उनके समकालीन शुभमन गिल सीनियर टीम के स्टार खिलाड़ी बन चुके हैं और ऐसे में पृथ्वी इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे।

**खतराः** दिल्ली के तेज गेंदबाजी विभाग में भारत के अच्छे खिलाड़ियों की कमी है। आवेश खान लखनऊ से जुड़ गए हैं जबकि शार्दुल ठाकुर को उसने कोलकाता नाइट राइडर्स को दे दिया है। ऐसे में दिल्ली तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया और मुस्तफिजुर पर निर्भर रहेगी।खलील अहमद पीठ के ऑपरेशन के बाद वापसी कर रहे हैं जबकि इशांत शर्मा अब पहले जैसे धारदार गेंदबाज नहीं रहे।इसके अलावा इंपैक्ट प्लेयर का नियम है जिसका प्रत्एक टीम अलग तरह से उपयोग करेगी लेकिन दिल्ली के पास ऐसे खिलाड़ियों की कमी है जो कि उसके लिए इस नियम का सही उपयोग करके तुरुप का इक्का साबित हो सकें। ऐसे में यह नियम दिल्ली पर विपरीत प्रभाव भी डाल सकता है।

### कमजोर पक्ष

ऋषभ पंत की भरपाई नही की जा सकती और मुख्य कोच पोंटिग इस बात को पहले ही स्वीकार कर चुके है। पंत की अनुपस्थिति मे टीम के पास दूसरा भारतीय विकेटकीपर नही है। नीलामी के समय इस बात पर ध्यान नही दिया गया। दिल्ली के पास फिल सॉल्ट के रूप मे उपयोगी टी20 क्रिकेटर है जिन्हे उपमहाद्वीप मे खेलने का थोड़ा अनुभव है। लेकिन विदेशी विकेटकीपर को रखने का मतलब होगा कि दिल्ली क्षेत्ररक्षण करते समय अपनी एकादश मे विदेश के विशेषज्ञ गेंदबाज को नही रख सकता। इसलिए यह जरूरी है कि बरिंदर विवेक सिंह या लवनिथ सिसोदिया जैसे विकेटकीपर ट्रायल्स मे अच्छा प्रदर्शन करें जिससे कि दिल्ली को मुस्तफिजुर रहमान जैसे विदेशी गेंदबाज को अंतिम एकादश ने रखने का मौका मिलेगा जो डेथ ओवरों के उपयोगी गेंदबाज है।

# मनिका और श्रीजा के साथ अन्य वरीय खिलाड़ी राउंड 32 में



**भाषा।** जम्मू

**शीर्ष वरीय** मनिका बत्रा और दूसरी वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन श्रीजा अकुला ने शनिवार को यहां 84वीं सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के महिला एकल में अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से शिकस्त देकर राउंड 32 में प्रवेश किया। अन्य वरीय खिलाड़ियों में रीथ रिष्या, दीया चिताले, सुतिर्था मुखर्जी, अनुशा कुटुम्बाले, स्वस्तिका घोष और प्राप्ति सेन ने भी आसान जीत दर्ज की। हालांकि अंकिता दास और पेल्फ तथा पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन शमिनी कुमारेशन और देशना वंशिका के बीच चुनौतीपूर्ण मुकाबले से सभी की दिलचस्पी इन मैचों के नतीजे पर लगी। हालांकि अंकिता अगले दौर में पहुंचने में सफल रही जबकि शमिनी को हार मिली।

# सात्विक व चिराग की जोड़ी फाइनल में

**भाषा।** बासेल

**सात्विकसाईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को यहां एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विस ओपन सुपर सीरीज 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। सात्विक और चिराग ने ओंग यू सिन और टियो ई ई की तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी को एक घंटे नौ मिनट तक चले सेमीफाइनल में 21-19 17-21 21-17 से पराजित किया। अब इस भारतीय जोड़ी का सामना रविवार को चीन के रेन जियांग यु और टान कियांग की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार की रात को खेले गए तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे को 54 मिनट में 15-21, 21-11, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे को हराकर स्विस ओपन सुपर सीरीज 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## अल्कराज, फ्रिट्ज, आंद्रीस्कु मियामी ओपन के तीसरे दौर में

**मियामी गार्डन्स (फ्लोरिडा)।** कार्लोस अल्कराज ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नोवाक जोकोविच को नंबर एक रैंकिंग से दूर रखा। जोकोविच मियामी ओपन में भाग नहीं ले रहे हैं क्योंकि कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण वह अमेरिका का दौरा नहीं कर सकते हैं। अल्कराज ने फेसुंडो बैगनिस को 6-0, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश करने के साथ ही अपनी शीर्ष रैंकिंग भी बरकरार रखी। पुरुष एकल के अन्य मैचों में विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी कैस्पर रुड ने इल्या इवाश्का को 6-2, 6-3 से जबकि अमेरिका के नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने एमिलियो नावा को 6-4, 6-1 से पराजित किया।

# मनु को 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का कांस्य

- आईएसएसएफ निशानेबाजी

**भाषा।** भोपाल



**ओलंपियन** निशानेबाज मनु भाकर ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ पिस्टलाराइफल विश्व कप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है जिसमें एक स्वर्ण शामिल है।

विश्व कप में कई पदक जीत चुकी भाकर ने शुक्रवार को प्रीसिशन दौर में 290 अंक जुटाए और दूसरे दिन रैपिड दौर में प्रवेश किया। शनिवार को रैपिड दौर में उन्होंने फिर 98, 99 और 97 की तीन शानदार सीरीज से कुल 294 अंक जुटाए जिससे वह तीसरे स्थान से रैंकिंग दौर में पहुंची। एक अन्य भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह ने रैपिड दौर में 289 अंक से कुल 581 अंक (प्रीसिशन में 292) से आठवें स्थान पर रहकर रैंकिंग दौर में जगह बनाई। रैंकिंग दौर के पहले मैच में भाकर ने कुल 14 अंक से तीसरे क्वालीफायर के तौर पर जर्मनी की डोरीन वेनेकैम्प (14 अंक) के साथ पदक दौर के लिए क्वालीफाई किया। ईशा इस दौर से बाहर हो गई। रैंकिंग दौर के दूसरे मैच से दो निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया। पदक दौर में भाकर (20 अंक) डोरीन (30 अंक) और चीन की जियू डु (29 अंक) को चुनौती नहीं दे सकीं जिन्होंने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। भारतीय निशानेबाज ने कांस्य पदक जीता। इस विश्व कप में यह भाकर का पहला पदक है, वह अपनी पसंदीदा एयर पिस्टल स्पर्धा में प्रभावित नहीं कर सकीं और शुरूआती दिन 16वें स्थान पर रहीं।

# उत्तर प्रदेश की जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम को कांस्य पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश की** जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम ने गत 22 से 26 मार्च तक बरेली में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। बरेली के फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित इस चैंपियनशिप में मेजबान बालिकाओ को राजस्थान के साथ संयुक्त तीसरा स्थान मिला। यूपी टीम सेमीफाइनल में हरियाणा से 41-35 गोल से हार गयी। मैच में मेजबान टीम ने भरपूर कोशिश की लेकिन जीत नहीं हासिल कर सकी। वही दूसरे सेमीफाइनल में आर्यावर्त अकादमी ने राजस्थान को एकतरफा 32-9 से मात दी। इसके चलते उत्तर प्रदेश व राजस्थान को संयुक्त कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मुख्य अतिथि डीआरएम बरेली सुश्री रेखा यादव, एसपी ट्रैफिक बरेली राम मोहन सिंह, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह व कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह सहित मुकेश गुप्ता व वाइस चेयरमैन दीप गुप्ता और बरेली जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।



## इम्पैक्ट प्लेयर नियम के कारण आल राउंडर बड़ी भूमिका निभाएंगेः हेसन

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन को नया इम्पैक्ट प्लेयर नियम काफी पसंद आया है और उन्हें लगता है कि इसके कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण में आल राउंडर बड़ी भूमिका निभाएंगे। मैचों को और दिलचस्प बनाने के मकसद से लाए गए इस इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अंतर्गत एक बल्लेबाज या एक गेंदबाज को मैच की परिस्थिति के हिसाब से खेल के दौरान कभी भी बदला जा सकता है। हेसन ने आरसीबी के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए के वीडियो में कहा, हमने खिलाड़ियों की नीलामी से पहले इस नियम के बारे में सुना इसलिए हमने इसे देखा और सोचा कि हम इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा कैसे उठा सकते हैं। इसमें संभावना है कि आल राउंडर बड़ी भूमिका निभाएंगे। वैसे इसमें कुछ रणनीति शामिल है। मुझे यह काफी पसंद आया। आप किसी भी समय खिलाड़ी को शामिल कर सकते हो।

# युगल खिताब में चूकी भारतीय जोड़ी

- एलिस.-सेकीगूची की जोड़ी चैंपियन
- आईटीएफवर्ल्ड टूर : एकल खिताब के लिए डॉन्सकॉय और वैनशेलबोइम में भिडंत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अंतरराष्ट्रीय** टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ 25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के युगल मुकाबलों के फाइनल में सबका दिल जीतने के बाद भी भारतीय-जोड़ी खिताब नहीं जीत सकी। फाइनल मे हुए कड़े मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक एलिस और जापान के शूची सेकीगूची की जोड़ी ने परीक्षित सोमानी और मनीष सुरेश कुमार की भारतीय जोड़ी को 6-2,7-6,4,10-8 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। आस्ट्रेलियाई जापानी जोड़ी ने पहले सेट में दमदार खेल दिखाया। उन्होंने भारतीय जोड़ी को पहले सेट में टिकने नहीं दिया। वहीं दूसरे सेट में भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अपने विरोधियों से सेट छीन लिया। इस सेट में मनीष सुरेश कुमार और परीक्षित सोमानी ने अपनी शानदार सर्विस ओर नेट प्ले से अपने प्रतिद्वंदियों को हतप्रभ कर दिया। तीसरे और फाइनल सेट में दोनों ही जोड़ियों ने शानदार खेल दिखाया पर भारतीय जोड़ी दो प्वाइंट से चूक गयी। तीसरे सेट के अंत में भारतीय जोड़ी की कुछ गलतियों ने मैच पर उनकी पकड़ ढ़ीली कर दी। वहीं एकल सेमीफाइनल मुकाबले में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद को तीसरी वरियता प्राप्त एविगेनी डॉन्सकॉय ने 7-6,4, 7-5 से हरा दिया। मुकुंद ने शानदार खेल का परिचय तो दिया पर अहम प्वाइंट्स पर डॉन्सकॉय का अनुभव भारी पड़ा। डॉन्सकॉय ने अपने शांत चित से एक-एक प्वाइंट के लिए खेला और मैच को अपनी झोली में डाल लिया। वहीं दूसरे एकल सेमीफाइनल मुकाबले में बड़ा उलटफेर हुआ। यूक्रेन के खिलाड़ी और सातवीं वरीयता प्राप्त एरिक वैनशेलबोइम ने शीर्ष वरीयता प्राप्त नैम होंग ली को हरा दिया।

## निकहत, लवलीना ने एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई कियाः भारत के हाई परफोरमेंस निदेशक बर्नार्ड

**नई दिल्ली।** भारत के हाई परफोरमेंस निदेशक बर्नार्ड डुने ने शनिवार को पुष्टि की कि स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पहला क्वालीफायर भी है। एशियाई खेलों के चयन के लिए भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की नीति के अनुसार, जिन खिलाड़ियों ने विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्णारजत पदक जीत लिया है, वे एशियाई खेलों में पहले ओलंपिक क्वालीफायर के लिए स्वतः ही चुन लिए जाएंगे। सका मतलब है कि निकहत (50 किग्रा) और लवलीना (75 किग्रा) ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो क्रमशः लाइट फ्लाईवेट और मिडिलवेट फाइनल में पहुंच चुकी हैं। बर्नार्ड डुने ने पत्रकारों से कहा, जो यहां विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण या रजत पदक जीतते हैं, वे एशियाई खेलों के लिए स्वतः ही चुन लिए जाएंगे।